आषाढ़ शुक्ल द्वितीया 11:19 तक उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2082
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
शुक्रवार, 27 जून 2025
वर्ष 6, अंक 89, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये
www.amritvichar.com

# अमृत विचार

मुरादाबाद
एक सम्पूर्ण अखबार



नेपाल : उच्च सदन में अल्पमत में ओली सरकार 14
हिंदी किसी भारतीय भाषा की विरोधी नहीं 12

## एक नजर

### टैक्स मांगने पर टोल कर्मी पर चलाई गोली

**कपूरथला।** जालंधर-अमृतसर राष्ट्रीय राजमार्ग पर ढिलवां टोल प्लाजा पर टोल टैक्स देने के लिए कहने पर एक व्यक्ति ने गोली चला दी। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि आधी रात के बाद एक कार टोल प्लाजा पर पहुंची। जब टोल कर्मचारियों ने चालक से टोल टैक्स मांगा तो उसमें से एक व्यक्ति बाहर आया और उसने गोलीबारी शुरू कर दी। टोल कर्मचारी बाल-बाल बच गए।

### एनआईए ने होशियारपुर में की छापेमारी

**होशियारपुर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की दो टीमों ने गुरुवार तड़के उड़मड़ के गढ़ी मोहल्ला में दो घरों पर छापेमारी की। छापेमारी सुबह करीब पांच बजे शुरू हुई और करीब छह घंटे तक चली। पुलिस सूत्रों अनुसार, अभियान के दौरान एनआईए की टीमों ने व्यापक तलाशी ली और वहां रहने वालों से पूछताछ की। हालांकि, एजेंसी ने तलाशी के उद्देश्य या परिणाम का खुलासा करने से इनकार कर दिया।

### रिश्वतखोरी में कंप्यूटर ऑपरेटर को दबोचा

**धनबाद।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो झारखंड ने गुरुवार को एलआरडीसी विभाग में कंप्यूटर ऑपरेटर अनीश कुमार को 15 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एएसपी विनोद कुमार महतो ने बताया कि जमीन के मामले में घूस की मांग कर रहा था।

# एससीओ के साझा दस्तावेज पर हस्ताक्षर से भारत का इनकार

## पहलगाम आतंकी हमले को नजरअंदाज करने पर रक्षामंत्री का कदम

- संयुक्त वक्तव्य के बिना समाप्त हुआ रक्षा मंत्रियों का सम्मेलन
- राजनाथ ने कहा-आतंकवाद पर दोहरे मानदंडों को त्यागना होगा

किंगदाओ, एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पहलगाम आतंकवादी हमले को नजरअंदाज करने और पाकिस्तान समर्थित सीमा पार आतंकवाद पर भारत की चिंताओं को स्पष्ट रूप से संबोधित नहीं करने को लेकर गुरुवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया। मामले से परिचित व्यक्तियों ने बताया कि एससीओ आम सहमति के तहत काम करता है, लिहाजा वक्तव्य का समर्थन करने से सिंह के इनकार के परिणामस्वरूप एससीओ रक्षा मंत्रियों का सम्मेलन संयुक्त वक्तव्य जारी किए बिना ही समाप्त हो गया।

उन्होंने कहा कि मसौदा वक्तव्य में न तो पहलगाम आतंकवादी हमले का उल्लेख किया गया और न ही सीमा पार आतंकवाद को लेकर भारत के रुख का जिक्र किया गया। सम्मेलन में अपने संबोधन में सिंह ने सीमा पार आतंकवाद को लगातार समर्थन देने के लिए पाकिस्तान की आलोचना की तथा आतंकवाद के अपराधियों, आयोजकों, वित्तपोषकों और प्रायोजकों को न्याय के कटघरे में लाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कुछ देश सीमा पार आतंकवाद को नीति के एक साधन के तौर पर इस्तेमाल करते हैं और आतंकवादियों को पनाह देते हैं। ऐसे दोहरे मानदंडों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। एससीओ को ऐसे देशों की आलोचना करने में संकोच नहीं करना चाहिए।

बुधवार को किंगदाओ पहुंचे रक्षा मंत्री ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति में बदलाव की व्यापक रूपरेखा रखी और एससीओ सदस्य देशों से आतंकवाद से लड़ने के लिए एकजुट होने तथा दोहरे मानदंडों को त्यागने का आग्रह किया। सम्मेलन में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ और चीनी रक्षा मंत्री डोंग जून भी शामिल हुए। सिंह ने कहा कि शांति व समृद्धि, आतंकवाद और सरकार से इतर तत्वों तथा आतंकवादी समूहों के हाथों में सामूहिक विनाश के हथियार देने की नीति साथ नहीं चल सकते। कहा कि अपने संकीर्ण व स्वार्थी उद्देश्यों के लिए आतंकवाद को प्रायोजित, पोषित और उपयोग करने वालों को इसके परिणाम भुगतने होंगे। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत ने आतंकवाद से बचाव और सीमा पार से होने वाले हमलों को रोकने के अधिकार का इस्तेमाल करते हुए पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया।



चीन के क्विंगदाओ में एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

### आतंकवाद के सभी रूपों से लड़ना होगा

भारत की आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति उसके कार्यों से प्रदर्शित होती है। उन्होंने कहा कि इस नीति में आतंकवाद से खुद का बचाव करने का हमारा अधिकार भी शामिल है। हमने दिखा दिया है कि आतंकवाद के केंद्र अब सुरक्षित नहीं हैं और हम उन्हें निशाना बनाने में संकोच नहीं करेंगे। सिंह ने कहा कि एससीओ सदस्यों को आतंकवाद की स्पष्ट रूप से निंदा करनी चाहिए। उन्होंने इस खतरे से सभी रूपों में लड़ने के भारत के संकल्प की पुष्टि की।

# तीन सहयात्रियों के साथ अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचे शुभांशु शुक्ला

## भारतीय समयानुसार अपराह्न 4:15 बजे पूरी हुई डॉकिंग प्रक्रिया

नई दिल्ली, एजेंसी

अंतरिक्ष यान 'ड्रैगन' के अंतरिक्ष प्रयोगशाला से जुड़ने के साथ ही गुरुवार को भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य यात्री अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पहुंच गए। अंतरिक्ष यान उस समय अंतरिक्ष स्टेशन से जुड़ा जब यह भारतीय समयानुसार अपराह्न 4:01 बजे उत्तरी अटलांटिक महासागर के ऊपर से गुजर रहा था।

यह पहली बार है जब कोई भारतीय अंतरिक्ष यात्री आईएसएस की यात्रा पर गया है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने कहा कि गुरुवार को सुबह 6:31 बजे (भारतीय समयानुसार शाम 4:01 बजे) एक्सिओम मिशन-4 के तहत स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचा।

नासा के अनुसार 'डॉकिंग' प्रक्रिया भारतीय समयानुसार अपराह्न 4:15 बजे पूरी हुई। अंतरिक्ष यान और आईएसएस के बीच संचार और ऊर्जा संपर्क स्थापित होने के साथ ही डॉकिंग (जुड़ने) प्रक्रिया पूरी हो गई। अनुभवी अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटसन मिशन कमांडर हैं और शुक्ला एक्सिओम-4 मिशन के लिए मिशन पायलट हैं। इनके अलावा, हंगरी के अंतरिक्ष यात्री टिबोर कपू एवं पोलैंड के स्लावोज उज्नान्स्की-विस्नीव्स्की एक्सिओम-4 मिशन का हिस्सा हैं।

लखनऊ में जन्मे 39 वर्षीय शुक्ला अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरने वाले दूसरे भारतीय अंतरिक्ष यात्री बन गए हैं। इससे 41 साल पहले भारत के राकेश शर्मा 1984 में तत्कालीन सोवियत संघ के सैल्यूट-7 अंतरिक्ष स्टेशन के तहत कक्षा में आठ दिन रहे थे।



अपने सहयात्रियों के साथ अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में मौजूद शुभांशु शुक्ला।

### बच्चे की तरह चलना, खाना-पीना सीख रहा हूं: शुभांशु

**नई दिल्ली।** अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने गुरुवार को कहा कि वह सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण की स्थितियों में एक बच्चे की तरह रहना सीख रहे हैं और जब ड्रैगन अंतरिक्ष यान अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से जुड़ने की अपनी यात्रा में पृथ्वी की परिक्रमा कर रहा था तो निर्वात में तैरना एक अद्भुत अनुभव था। अंतरिक्ष यान से एक वीडियो लिंक के जरिए अपना अनुभव साझा करते हुए शुक्ला ने कहा कि बुधवार को एक्सिओम-4 मिशन के प्रक्षेपण से पहले 30 दिनों तक पृथक वास के दौरान बाहरी दुनिया से पूरी तरह दूर रहने के बाद मेरे दिमाग में केवल यही विचार आया था कि हमें बस जाने दिया जाए। शुक्ला और तीन अन्य अंतरिक्ष यात्री फ्लोरिडा स्थित नासा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से 14 दिन के लिए अंतर्ष्ट्रीराय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए रवाना हुए थे।

# अलकनंदा में गिरी मिनी बस, 3 श्रद्धालुओं की मौत व 9 लापता

- रुद्रप्रयाग में हादसा, आठ लोग घायल, ट्रक की टक्कर लगने से बस हुई अनियंत्रित
- महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश राजस्थान के श्रद्धालुओं को लेकर बद्रीनाथ जा रही थी बस

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** उत्तराखंड में गुरुवार को चारधाम यात्रा मार्ग पर बड़ा हादसा हो गया। श्रद्धालुओं को लेकर बदरीनाथ धाम जा रही मिनी बस (टेंपो ट्रेवलर) अनियंत्रित होकर उफनाई अलकनंदा नदी में समा गई।

बस में चालक समेत 20 श्रद्धालु सवार थे, जिनमें से 3 की मौत हो गई जबकि 9 श्रद्धालु लापता हैं। आठ लोग घायल हैं। बस चालक का दावा है कि विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक की टक्कर से बस बेकाबू होकर नदी में जा गिरी थी। हादसा रुद्रप्रयाग और गौचर के बीच घोलतीर गांव के पास हाइवे स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया मोड़ पर सुबह करीब 7:30 बजे हुआ। पुलिस को इसकी सूचना करीब 7:50 बजे मिली। एसपी रुद्रप्रयाग अक्षय कोंडे ने बताया कि 31 सीटर मिनी बस में महाराष्ट्र, गुजरात, मध्यप्रदेश और राजस्थान के श्रद्धालु सवार थे। लापता श्रद्धालुओं की तलाश को पुलिस, एसडीआरएफ और अग्निशमन इकाई संयुक्त सर्च ऑपरेशन चला रही है। वहीं, जिस समय बस पहाड़ी से टकराकर नदी में गिरी तो उससे पहले आठ श्रद्धालु छिटक कर नदी में गिरने से बच गए। इनमें बस चालक समेत चार गंभीर घायलों को एम्स ऋषिकेश में भर्ती कराया गया है। मिनी बस नदी में समाकर लापता हो गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया।

## चांद दिखा, पहली मोहर्रम आज

**लखनऊ।** शिया व सुन्नी चांद कमेटियों ने मोहर्रम का चांद हो जाने का एलान कर दिया है। 27 जून दिन शुक्रवार को पहली मोहर्रम होगी।

मरकज़ी शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैय्यद सैफ अब्बास नकवी और मरकजी चांद कमेटी के फिरंगी महल के महासचिव मौलाना नईमुर्रहमान सिद्दीकी ने बताया कि 26 जून को मोहर्रम का चांद हो गया है। इसलिए 27 जून 2025 को पहली मोहर्रम और 6 जुलाई को यौमे आशूरा मनाया जाएगा। मोहर्रम के मद्देनजर जिला व पुलिस प्रशासन के साथ नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों ने कल ही छोटे व बड़े इमामबाड़े का दौरा किया था।

# कर्ज में डूबे परिवार ने खाया जहर, मां और दो बेटियों की मौत, पिता की हालत गंभीर

- ब्याज पर लिए छह लाख कर्ज के चलते गईं तीन जानें
- जिलाधिकारी ने गठित की तीन सदस्यीय जांच समिति

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

**अमृत विचार :** बिजनौर के गांव में कर्ज में डूबे परिवार ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। मां और दो बेटियों की मौत हो गई, जबकि पिता का मेरठ में इलाज किया जा रहा है।

एसपी देहात विनय कुमार सिंह, चांदपुर सीओ देश दीपक सिंह, नूरपुर थाना प्रभारी जयभगवान सिंह ने मौका मुआयना कर ग्रामीणों से जानकारी ली। परिवार पर छह लाख कर्ज होने की बात कही जा रही है। जिलाधिकारी ने एसडीएम, सीओ और एक डॉक्टर की जांच समिति गठित की है जो सात दिन में रिपोर्ट देगी। थाना नूरपुर क्षेत्र के गांव टंडेरा में 52 वर्षीय पुखराज सिंह प्रजापति, पत्नी रामेशिया (50), बेटी अनिता (17), दूसरी बेटी सीतो (19) और पुत्र सचिन के साथ रहते थे। गुरुवार सुबह पति-पत्नी और दोनों बेटियों ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। बेटा मजदूरी करने घर से बाहर गया था। चारों की हालत बिगड़ी तो गांव में खलबली मच गई। ग्रामीणों ने डायल 112 पुलिस को जानकारी दी। पुलिस एंबुलेंस को सूचना देकर गांव पहुंची। करीब आधा घंटा बाद एंबुलेंस पहुंची तो चारों को जिला अस्पताल लाया गया जहां रामेशिया और अनिता को मृत घोषित कर दिया। पुखराज और दूसरी बेटी सीतो को गंभीर हालत में मेरठ रेफर कर दिया गया। देर शाम सीतो ने भी दम तोड़ दिया। पुखराज जिंदगी के लिए जंग लड़ रहे हैं।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने बताया कि मामला आर्थिक तंगी और कर्ज के दबाव से जुड़ा प्रतीत होता है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि पीड़ित परिवार पर करीब छह लाख रुपये का कर्ज था। मामले की गहनता से जांच की जा रही है, सभी पहलुओं को भी खंगाला जा रहा है। ग्रामीणों ने भी बताया कि परिवार कर्ज के कारण पूरी तरह टूट चुका था।



अस्पताल में भर्ती पुखराज सिंह।

## गैर मान्यता प्राप्त दलों को सूची से हटाने की कार्यवाही शुरू

**नई दिल्ली।** भारत निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को कहा कि उसने 345 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों (आरयूपीपी) को सूची से हटाने की कार्यवाही शुरू कर दी है। ये 2019 से पिछले छह वर्षों में एक भी चुनाव लड़ने की आवश्यक शर्त को पूरा करने में विफल रहे हैं। आयोग ने बताया कि इन राजनीतिक दलों के कार्यालय भी कहीं भौतिक तौर पर पता नहीं लगाया जा सका। इसने कहा कि ये 345 राजनीतिक दल देश भर के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से हैं। आयोग के संज्ञान में आया है कि वर्तमान में आयोग के पास पंजीकृत 2,800 से अधिक आरयूपीपी में से कई ऐसे राजनीतिक दल आवश्यक शर्तों को पूरा करने में विफल रहे हैं।




- निर्वाचन आयोग में पंजीकृत हैं ऐसे 345 सियासी दल

# नौसेना भवन में कार्यरत बाबू जासूसी में गिरफ्तार

- पाकिस्तानी खुफिया एजेंट को दे रहा था संवेदनशील जानकारी
- ऑपरेशन सिंदूर संबंधित सूचना देने को लिए थे 50 हजार रुपये

जयपुर, एजेंसी

नई दिल्ली स्थित नौसेना भवन में काम करने वाले एक बाबू (अपर डिवीजन क्लर्क -यूडीसी) को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों के अनुसार, आरोपी ने पैसों के लिए एक पाकिस्तानी जासूस को संवेदनशील रक्षा जानकारी उपलब्ध करवाई। राजस्थान पुलिस की खुफिया शाखा ने आरोपी विशाल यादव को बुधवार को गिरफ्तार किया था।

पुलिस महानिरीक्षक (सीआईडी-सुरक्षा) विष्णु कांत गुप्ता ने गुरुवार को बताया कि आरोपी यादव ने एक पाकिस्तानी जासूस को गोपनीय जानकारी साझा की जिसमें ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित विवरण शामिल है। इस कथित महिला जासूस ने खुद को भारतीय युवती प्रिया शर्मा बताया था। गुप्ता ने कहा कि यादव ने जानकारी देने के बदले कुल मिलाकर लगभग दो लाख रुपये प्राप्त करने की बात कबूल की है। उन्होंने कहा कि इसमें ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित जानकारी लीक करने के लिए 50,000 रुपये शामिल थे।

## पूर्व मंत्री सत्येन्द्र जैन और सौरभ भारद्वाज पर मामला दर्ज

- एसीबी ने भ्रष्टाचार मामले में की आप नेताओं पर कार्रवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने आम आदमी पार्टी (आप) की पिछली सरकार में स्वास्थ्य अवसंरचना परियोजनाओं में कथित भ्रष्टाचार के संबंध में पूर्व मंत्रियों सौरभ भारद्वाज और सत्येंद्र जैन के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्रियों भारद्वाज और जैन के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत एसीबी से जांच कराने की मंजूरी दिए जाने के कुछ दिनों बाद यह मामला दर्ज किया गया है। 'आप' की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। इस मामले में शिकायत पिछले साल भाजपा नेता विजेंद्र गुप्ता ने दर्ज कराई थी। अधिकारियों के अनुसार, 2018-19 में 5,590 करोड़ रुपये की लागत से 24 अस्पताल परियोजनाओं को मंजूरी दी गई थी। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं को लेकर अकारण विलंब हुआ।

# सुरक्षाबलों ने जैश आतंकी को मार गिराया

- उधमपुर में अभियान जारी, तीन आतंकी अब भी घिरे
- कश्मीर में अमरनाथ यात्रा को देखते हुए सेना सतर्क

जम्मू, एजेंसी

जम्मू कश्मीर में उधमपुर जिले के एक वन क्षेत्र में गुरुवार को सुरक्षाबलों ने पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के एक आतंकवादी को मार गिराया जबकि तीन अन्य आतंकी अब भी घिरे हुए हैं। अधिकारियों ने बतायाा कि चार आतंकवादियों के इस समूह की पिछले एक वर्ष से तलाश की जा रही थी।

अधिकारियों ने बताया कि सेना और पुलिस के एक संयुक्त खोज दल ने गुरुवार को सुबह जिले में बसंतगढ़ के सुदूर बिहाली इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया, जिसके दौरान मुठभेड़ शुरू हुई। उन्होंने बताया कि इलाके में अतिरिक्त बलों को भेजा गया है और खराब मौसम के बावजूद व्यापक तलाश अभियान चलाया जा रहा है।

रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के अभियान में अब तक एक आतंकवादी को मार गिराया गया है। अभियान अभी जारी है। ऑपरेशन बिहाली कोड नाम वाला यह अभियान ऐसे वक्त में शुरू किया गया है जब एक सप्ताह बाद कश्मीर में अमरनाथ यात्रा शुरू होगी।

जम्मू रेंज के आईजी भीम सेन टूटी ने बताया कि आतंकवादियों का सुबह करीब साढ़े आठ बजे पता चला। बताया कि कोहरा होने के बावजूद तलाश अभियान जारी है और मौसम में सुधार होने के बाद ही असल स्थिति का पता चलेगा।

अधिकारियों ने बताया कि जिन आतंकवादियों को घेरा गया है, वे पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मोहम्मद के सदस्य हैं और सेना के पैरा कमांडो की अगुवाई में संयुक्त तलाश दल ने करूर नाला के पास उन्हें छिपे हुए पाया।



### अहमदाबाद में क्रैश हुआ था एयर इंडिया का विमान

# विमान के ब्लैक बॉक्स का निकाला जा रहा डेटा

- कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर तथा फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर की जांच

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने गुरुवार को कहा कि 12 जून को अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हुए एयर इंडिया के विमान के ब्लैक बॉक्स से डेटा निकाला जा रहा है और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर तथा फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर का विश्लेषण किया जा रहा है ताकि दुर्घटना की कड़ियों को जोड़ा जा सके।

सरकार ने इस दुर्घटना में 270 लोगों के मारे जाने के करीब 15 दिन बाद इस घटना की जांच को लेकर जानकारी दी है। नागर विमानन मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) ने तुरंत जांच शुरू की और निर्धारित नियमों के अनुसार 13 जून को एएआईबी प्रमुख की अगुवाई में एक बहु-विषयक टीम गठित की। बयान में कहा गया है कि इस टीम में एक विमानन चिकित्सा विशेषज्ञ, वायु यातायात नियंत्रण (एटीसी) का एक अधिकारी और अमेरिका के राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड के प्रतिनिधि शामिल हैं।

## डीटीयू के वीसी जोशी का इस्तीफा

**नई दिल्ली।** दिल्ली शिक्षक विश्वविद्यालय (डीटीयू) के पहले कुलपति (वीसी) प्रोफेसर धनंजय जोशी ने निजी कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।

इस्तीफा बुधवार को उपराज्यपाल (एलजी) कार्यालय को सौंप दिया गया, हालांकि इसे अभी आधिकारिक तौर पर स्वीकार नहीं किया गया है। इस्तीफे या इसकी स्वीकृति के बारे में उपराज्यपाल कार्यालय की ओर से कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई। जोशी ने कहा मैंने बुधवार को उपराज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप दिया। इसे अब तक स्वीकार नहीं किया गया है। मैंने अपने पिछले संस्थान गुरु गोबिंद इंद्रप्रस्थ विवि में लौटने का भी अनुरोध किया है।

# आम उत्पादन में यूपी अग्रणी, देश के कुल उत्पादन में 27 % हिस्सा

## इस बार राज्य में 61.46 लाख मीट्रिक टन उत्पादन, वर्ष 2024-25 में 3.25 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में बागवानी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश आम उत्पादन में अग्रणी राज्य बनकर उभरा है। इस बार देश में आम के कुल उत्पादन में 27 प्रतिशत की भागेदारी उप्र. की रही है।

राज्य में 61.46 लाख मीट्रिक टन आम का उत्पादन हुआ, जो देश के कुल उत्पादन का लगभग 27 प्रतिशत है। वहीं, वर्ष 2024-25 में प्रदेश में 3.25 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में आम की बागवानी हुई, जो देश कुल क्षेत्रफल का 13.5 प्रतिशत है। इस सत्र में प्रदेश से 40.31 मीट्रिक टन आम का निर्यात अन्य देशों को किया गया। जबकि, इसी साल अब तक 13.5 मीट्रिक टन आम का निर्यात अन्य देशों को किया गया है। दरअसल, राज्य में आम की लगभग 600 से अधिक प्रजातियों का उत्पादन किया जा रहा है, जिनमें प्रमुख रूप से दशहरी, लंगड़ा, चौसा, गौरजीत, आम्रपाली, रामकेला, रटौल, लखनऊ सफेदा, बाम्बेग्रीन एवं अन्य रंगीन प्रजातियां प्रमुख रूप से शामिल हैं। सहारनपुर, मेरठ, बागपत, बुलन्दशहर, अमरोहा, बाराबंकी, हरदोई, सीतापुर, उन्नाव, अयोध्या, लखनऊ, प्रतापगढ़, वाराणसी आदि आम उत्पादन वाले प्रमुख जिले है।



"उत्तर प्रदेश से अन्य देशों में आम के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए जेवर एयरपोर्ट के पास फलों की टेस्टिंग एवं ट्रीटमेंट सेंटर का निर्माण किया जाना भी प्रस्तावित है। -**दिनेश प्रताप सिंह**, कृषि विदेश व्यापार राज्यमंत्री।

### इस बार सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ होगा आम महोत्सव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में इस बार सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं के साथ आम महोत्सव मनाने की तैयारी है। आम के उत्पादन, निर्यात, प्रसंस्करण आदि को प्रोत्साहित किये जाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश आम महोत्सव-2025 का आयोजन 4 जुलाई से 06 जुलाई के बीच अवध शिल्प ग्राम, लखनऊ में भव्य रूप से किया जाएगा। इस दौरान यहां 600 से अधिक आम की प्रजातियों का प्रदर्शन किया जाएगा। आम महोत्सव में उप्र. के अतिरिक्त मध्य प्रदेश, उत्तराखण्ड, छत्तीसगढ़, बिहार, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र एवं अन्य प्रांतों के उद्यान विभाग के प्रतिनिधि, प्रगतिशील बागवान एवं निर्यातकों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। महोत्सव में आम से बने विभिन्न पकवान एवं व्यंजन प्रदर्शित किए जाएंगे, प्रतिभागियों द्वारा तैयार आम के पकवानों व खाने की प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। दरअसल, पिछले साल के आम महोत्सव में 07 श्रेणियों के 58 वर्गों में लगभग 600 से अधिक आम की प्रजातियों एवं प्रसंस्कृत उत्पाद का प्रदर्शन किया गया।

## शहर में आज



☞ 42वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक बैडमिन्टन कलस्टर प्रतियोगिता का दूसरा दिन रिजर्व पुलिस लाइंस में सुबह 10 :00 बजे
☞ मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के संबंध में विकास भवन सभागार में सीडीओ की अध्यक्षता में बैठक सुबह 10 :00 बजे
☞ आपातकाल के 50 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में भाजपा की ओर से दिल्ली रोड स्थित होटल ड्राइव इन 24 में कार्यक्रम 11 :00 बजे

एक कदम सनातन की ओर

श्रीमद्भागवत कथा, श्री राम कथा, शिवपुराण कथा एवं अन्य सभी धार्मिक अनुष्ठानों का संगीतमय एवं भक्तिमय आयोजन किया जाता है।
अपनी श्रद्धा को संगीत और भक्ति से जोड़ें। धार्मिक आयोजनों के लिए आज ही संपर्क करें!
स्थानः गोविंद नगर, ब्लॉक बी, मुरादाबाद - 244001
भागवत आचार्यः श्री शिव कुमार जी
संपर्क करें: 9410478735

# कांवड़ यात्रा के लिए बदले जाएंगे रोडवेज की बसों के मार्ग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- वैकल्पिक मार्गों का निरीक्षण कर किलोमीटर के हिसाब से बढ़ेंगी टिकट की दरें

**अमृत विचार :** सावन में कांवड़ यात्रा के लिए अब रोडवेज की बसों के मार्ग बदले जाएंगे। जिसके लिए रास्ते का निरीक्षण किया जाएगा। इसके बाद बढ़े किलोमीटर के हिसाब से दिल्ली रोड कांठ रोड और रामपुर बरेली जाने वाली रोडवेज की बसों का किराया पहले से अधिक देना होगा। कांवड़ यात्रा से पहले अस्थाई बस स्टैंड भी बनाए जाएंगे। धरमपुर शेरुवा को छोड़कर अभी तक पूर्व में बनाए अस्थाई बस स्टैंड पर सहमति बनी हुई है।

गुरुवार को आरएम वित्त रोडवेज वीएल मिश्रा ने बताया कांवड़ यात्रा को लेकर रोडवेज संभल, चंदौसी, बहजोई, बुलंदशहर जाने वाली बसों के लिए ट्रांसपोर्ट नगर में अस्थाई बस स्टैंड पर बसों को ठहराया जाएगा। रामपुर, बरेली, पीलीभीत, लखनऊ जाने वाली बसों के लिए रामपुर तिराहा प्रेम वंडर लैंड पुल के पास अस्थाई बस स्टैंड बनाया जाएगा। हरिद्वार बिजनौर जाने वाली बसों के लिए धरमपुर शेरवा चौराहे पर अस्थाई बस अड्डा बनाने पर विचार किया जा रहा है। धर्मपुर शेरुवा चौराहे दूर होने के कारण शहर के नजदीक बनाने की बात पर विचार किया जा रहा है इसके साथ इतने बड़े स्थान की भी तलाश की जा रही है। उन्होंने रूट डायर्वजन के लिए सभी मार्ग के वैकल्पिक मार्ग का निरीक्षण कर दूरी के अंतर मांगा जाएगा। इसके बाद बढ़ी दूरी के मुताबिक टिकट की दरों में बढ़ोतरी की जाएगी।

### स्वास्थ्य विभाग में 2011 से अब तब हुए 25 किडनी ट्रांसप्लांट के केस

# कमजोर न समझो इन्हें, जीवन देती हैं नारियां

शुभम शर्मा, मुरादाबाद

- किडनी ट्रांसप्लांट करने वालों में महिलाओं की भागीदारी अधिक

**अमृत विचार :** कमजोर न समझो इन्हें, जीवन देती हैं नारियां। जी हां, जन्म दायिनी कही जाने वाली महिलाओं ने अपने जीवन को खतरे में डालते हुए खतरे में आए लोगों को जीवनदान भी दिया है। जो अपनत्व और हिम्मत की मिसाल उन्होंने कायम की है, उसे लेकर इनकी जितनी तारीफ की जाए कम है।

स्वास्थ्य विभाग में 2011 से अब तक करीब 25 किडनी ट्रांसप्लांट हुए हैं। इनमें एक दर्जन से ज्यादा मामलों में महिलाओं की भागीदारी ज्यादा सामने आई। कहीं मां ने अपने लाल को तो कहीं मां अपनी लाडली का जीवन बचाने के लिए आगे आईं। किसी ने अपने पति को किडनी दान की। यही नहीं शादी के बाद अपनी बहन और भाई को बचाने के लिए भी कई महिलाओं ने एक मिसाल कायम की है। ऐसे कुछ मुरादाबाद के केस हैं, जिन्हें जानकर नारी शक्ति को सलाम करना तो बनता है।

### मुंह बोले भाई की बचाई जान

खून के रिश्तों की ही अहमियत नहीं होती, बल्कि खुद से बनाए रिश्ते भी काफी मोल रखते है। यह मिसाल कायम की एक युवती ने। जिसने अपने मुंह बोले भाई को किडनी दान की थी। यह केस 2012 में सामने आया था। इसे लेकर काफी जांच पड़ताल भी की गई थी। इसके साथ ही 2011 में एक बहन ने बहन को किडनी दान की थी। विशेष बात यह थी कि शादी के बाद इस महिला ने यह फैसला लिया था, जिसमें उसके ससुराल पक्ष के लोगों ने भी उसका हौसला बढ़ाया था।

### पति को किडनी देने को बहाया था पसीना

आवास विकास निवासी चूड़ामणि खुद को खुशकिस्मत मानते हैं। उनकी पत्नी ने उन्हें किडनी देने के लिए न केवल हामी भरी, बल्कि प्रक्रिया को लेकर स्वास्थ्य अफसरों से मिलने के लिए खूब पसीना भी बहाया था। 2019 सितंबर में उनकी पत्नी मन कुमारी ने पति को किडनी देने के लिए सीएमओ कार्यालय में आवेदन किया था। सीएमओ ने इसकी अनुमति लेने के लिए फाइल राज्य प्राधिकरण समिति एवं प्रत्यारोपण लखनऊ को भेज दी थी। किडनी दान की इन सभी प्रक्रियाओं को पूरा करने में मन कुमारी ने बहुत मेहनत की थी।

### बेटे व बेटी को मां ने दिया जीवन दान

मां कितनी महान होती है, यह 2018 में आए दो केसों में दिखा। मुरादाबाद के ही अलग-अलग कॉलोनियों की रहने वाली इन महिलाओं में एक ने बेटे और दूसरे ने बेटी को किडनी दान की थी। सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि इन दोनों ही केस को लखनऊ अनुमति के लिए भेजा गया था। उसके बाद किडनी प्रत्यारोपण का को लेकर ऑपरेशन किया गया था।

### भाभी ने देवर को दी किडनी

मां-बहन या बेटी ही नहीं भाभी ने भी महिलाओं के महान होने की मिसाल को साबित किया है। 2013 में जब उस युवक को किडनी की समस्या आई तो किडनी दान देने के लिए सबसे पहले भाभी सामने आई थी। परिवार के एक सदस्य की जिंदगी की जो अहमियत इस महिला ने दिखाई थी, पूरा परिवार उन पर फक्र महसूस करता है।

# शांति व्यवस्था से खिलवाड़ पर होगी सख्त कार्रवाई, सौहार्द से मनाएं त्योहार

### पंचायत भवन सभागार में आयोजित जिला स्तरीय पीस कमेटी की बैठक में बोले डीएम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- एसएसपी सीडीओ समेत कई अधिकारी रहे मौजूद

**अमृत विचार :** मोहर्रम को परंपरागत तरीके व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए गुरुवार को डीएम अनुज सिंह और एसएसपी सतपाल अंतिल की उपस्थिति में पंचायत भवन के सभागार में जिला स्तरीय पीस कमेटी की बैठक हुई।

डीएम ने जिले भर से आए धर्म गुरुओं व संभ्रांत नागरिकों से मोहर्रम को शांतिपूर्ण व सुरक्षित तरीके से मनाने पर चर्चा की। कहा कि त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में हमेशा प्रशासन को सहयोग मिलता है। प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मोहर्रम को लेकर निर्धारित मार्ग को ठीक कराने के साथ ही अन्य संबंधित तैयारियों को पूरी करा लें। शांति व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। सभी धर्म के लोग त्योहारों को अपनी धार्मिक मान्यता के अनुसार सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाएं। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति अफवाह न खुद फैलाएं और न ही किसी को अफवाह फैलाने दे। शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखना सब की जिम्मेदारी है।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी, एडीएम प्रशासन गुलाब चंद्र, एसडीएम सदर, सिटी मजिस्ट्रेट सहित अन्य अधिकारी और पीस कमेटी के पदाधिकारी व संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे।



बैठक करते डीएम अनुज सिंह व एसएसपी सतपाल अंतिल।

### कोई नई परंपरा किसी भी दशा में न डाले

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने कहा कि ताजियेदारों की शांति व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका है। वह ताजिये की ऊंचाई के लिए तय मानक का पालन करें साथ ही निर्धारित मार्ग से ही ताजिये लेकर जाएं। आयोजक यह सुनिश्चित करें कि उनके कार्यक्रम में किसी बाहरी व्यक्ति का प्रवेश न होने पाए क्योंकि इससे व्यवधान उत्पन्न होने की संभावना बनी रहती है। परंपरागत और सकुशल तरीके से मोहर्रम संपन्न कराने में सभी सहयोग दें। कोई नई परंपरा किसी भी दशा में न डाली जाए।



पंचायत भवन सभागार में जिला स्तरीय पीस कमेटी की बैठक में समस्या बताते लोग। • अमृत विचार

# प्रदेश में हर वर्ष जाट महासभा लगाएगी 10 लाख पौधे

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** भारतवर्षीय जाट महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी ने बैठक में समाज हित में बड़ा फैसला लिया है। बताया कि प्रदेश में 10 लाख पौधे जाट महासभा की ओर लगाएंगे। इसने उन्होंने दो लाख पौधे मुरादाबाद में लगाने का निर्णय लिया है। बाकी 8 लाख पौधे पूरे प्रदेश में दिए जाएंगे।

बताया कि बढ़ते तापमान को देखकर उत्तर प्रदेश में मानसून सत्र में प्रति वर्ष 10 लाख पौधे लगाने का निर्णय लिया है। इसकी जिम्मेदारी प्रदेश के हर जिले के पदाधिकारियों को दी है। एक जुलाई से पौधरोपण शुरू कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री से मिलकर राष्ट्रीय अध्यक्ष निमंत्रण देंगे। बैठक में महासभा के मुख्य संरक्षक जबर सिंह, राष्ट्रीय संरक्षक सूरज सिंह, प्रदेश अध्यक्ष देवेंन्द्र सिंह, प्रदेश संरक्षक अजय पाल आदि मौजूद रहे।

# गूगल प्रोडक्ट एक्सपर्ट्स समिट में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे सुगंध किशोर

**मुरादाबाद्र अमृत विचार:** महानगर के बुद्धि विहार के रहने वाले सुगंध किशोर गुप्ता प्रोडक्ट एक्सपर्ट के रूप में हिस्सा लेंगे और भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह समिट डबलिन, आयरलैंड में 8 अक्टूबर से शुरू होगा।



सुगंध किशोर गुप्ता।

गूगल प्रोडक्ट्स एक्सपर्ट्स समिट में विश्व भर के प्रोडक्ट एक्सपर्ट प्रतिभाग कर रहे है। इसमें प्रतिभाग कर भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर सुगंध किशोर को मिला है। उन्होंने बताया कि इस गूगल प्रोडक्ट एक्सपर्ट्स समिट में गूगल क्रोम में आने वाली समस्याओं जैसे क्रोम सिक्योरिटि को कैसे बढ़ाया जाए, जिससे साइबर क्राइम को कम किया जा सके, इस पर पर चर्चा होगी। उन्होंने बताया कि वह गूगल क्रोम एक्पर्ट हैं।

वह 8 से 10 अक्टूबर तक होने वाली समिट में अपने विचार रखेंगे। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, पत्नी, पुत्री और समेत परिवार को दिया है।

# युगों में सतयुग, तीर्थों में गंगा व देवी-देवताओं में श्रीकृष्ण श्रेष्ठ



भागवत कथा सुनाते कथावाचक धीरशांत दास। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- भगवान जगन्नाथ कथा और भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**अमृत विचार :** जेडीएम धर्मशाला बैंक कॉलोनी में भगवान जगन्नाथ, बल्देव एवं सुभद्रा जी के विग्रह दर्शन, छप्पन भोग एवं भजन सन्ध्या का भव्य आयोजन किया गया। आचार्य धीरशांत दास अर्द्धमौनी ने बताया कि भगवान जगन्नाथ के दर्शन, आरती एवं भोगों से समस्त पापों का नाश हो जाता है।

उन्होंने कहा कि समस्त माह में कार्तिक, युगों में सतयुग, तीर्थों में गंगा तथा तैंतीस करोड़ देवी-देवता में में भगवान श्रीकृष्ण अर्थात जगन्नाथ जी श्रेष्ठ हैं। कलियुग के प्रभाव से धर्म, सत्य, पवित्रता, क्षमा, दया, आयु, शारीरिक बल तथा स्मरणशक्ति दिन प्रतिदिन क्षीण हो रहें हैं। भगवान संरक्षण प्रदान नहीं करते तो घर में अत्यंत सुरक्षित ढंग से रखा होने पर भी यह धन खो जाता है। यदि भगवान किसी की रक्षा करते हैं, तो उसका कोई रक्षक ना होते हुए भी तथा जंगल में रहते हुए भी वह जीवित रहता है जबकि घर पर संबंधियों तथा अन्यों से रक्षित होते हुए भी मनुष्य कभी-कभी मर जाता है, कोई उसकी रक्षा नहीं कर पाता। यह भगवान की श्रेष्ठता के उदाहरण हैं। इसलिए हमारा एकमात्र कर्तव्य है कि हम उनकी शरण में जाएं और उनसे संरक्षण की याचना करें।

आयोजन में कमलेश मदान, मंजू यादव, नीतू मदान, केशव मदान, योगिता शर्मा, लता पाण्डेय, राहुल मदान, कनिका मदान, नित्या एवं शक्ति, सुधा शर्मा, सपना सिरोही, किरन प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# कांवड़ियों के पथ का अंधेरा दूर करेंगे प्रधान, हाईवे पर होगी सफाई

- मुख्यमंत्री ने पंचायती राज विभाग को सौंपी जिम्मेदारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री ने कांवड़ यात्रा को लेकर पंचायत राज विभाग को बड़ी व्यवस्था सौंपी है। इसमें लापरवाही करने पर कार्रवाई को चेताया है। हाईवे किनारे पड़ने वाले गांव के प्रधान और सचिवों को सड़क किनारे साफ सफाई करने के साथ कांवड़ पथ पर अंधेरा दूर करने के लिए विद्युत व्यवस्था करने की जिम्मेदारी दी है। इसमें जिला पंचायत राज अधिकारी को 5 जुलाई तक व्यवस्था को चाक चौबंद कर सुनिश्चित करने के लिए कहा है।

जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा ने बताया कि खंड विकास अधिकारी से कहा गया है कि वह हाईवे किनारे बसे गांवों के प्रधान और सचिवों से उनके क्षेत्र में पड़ने वाले हाईवे में सफाई कराएंगे। कांवड़ पथ पर सड़क किनारे कांवड़ लेकर यात्रा करने वालों के पथ पर रोशनी की व्यवस्था भी कराई जाएगी। इसके लिए ग्राम पंचायत निधि से धनराशि खर्च की जाएगी। साफ सफाई का कार्य मनरेगा के मजदूर करेंगे और अतिरिक्त व्यवस्था में मनरेगा निधि से खर्च का वहन किया जएगा। उन्होंने बताया कि सभी को 5 जुलाई तक कार्य पूर्ण करना है।

# सामाजिक न्याय के अग्रदूत थे छत्रपति शाहूजी महाराज

कार्यालय संवाददाता मुरादाबाद

- सपाइयों ने मनाई छत्रपति शाहूजी महाराज की जयंती
- बोले- कोल्हापुर में 50 प्रतिशत का आरक्षण लागू किया

**अमृत विचारः** सपा के जिला कार्यालय पर गुरुवार को छत्रपति शाहूजी महाराज की जयंती मनाई गई। पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पमाला माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिन्हें राजर्षि शाहू जी महाराज के नाम से भी जाना जाता है वह एक समाज सुधारक और कोल्हापुर के शासक थे। उन्होंने सामाजिक न्याय और समानता के लिए महत्वपूर्ण कार्य में अमूल्य योगदान दिया है।

जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने कहा विशेषकर दलितों और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए महाराज का जन्म 26 जून, 1874 को हुआ था।उन्होंने कोल्हापुर रियासत में 50 प्रतिशत का आरक्षण लागू किया। जिससे दलितों और पिछड़ों को शिक्षा और सरकारी नौकरियों में समान अवसर मिले। उन्हें लोक कल्याणकारी राजा और सामाजिक न्याय के अग्रदूत के रूप में जाना जाता है। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुधार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि गोरखपुर में वरिष्ठ समाजवादी नेता माता प्रसाद पांडेय एवं लाल बिहारी यादव जी पर असामाजिक तत्वों का हमला घोर निंदनीय है। संचालन जिला प्रवक्ता धर्मेंद्र यादव ने किया।

गोष्ठी में नाजिम अली, लाखन सिंह सैनी, जयपाल सैनी, धर्मेन्द्र यादव, प्रेम बाबू वाल्मीकि, महिला सभा की जिलाध्यक्ष शीरी गुल, जय कुमार प्रजापति, बीके सैनी, लुकमान खान, सुनीता सिंह एडवोकेट, प्रदीप यादव, योगेंद्र यादव, वेद प्रकाश सैनी, अशोक सैनी, सुरेंद्र शर्मा, सुरेंद्र सिंह, दिव्यांश सागर, दानिश मिर्जा, नन्हें सिंह एडवोकेट, डॉ जुबेर, हनी यादव, हिमांशु सागर, मो आरिफ एडवोकेट, प्रवीण सैनी, पाल प्रेम यादव आदि मौजूद रहे।



छत्रपति शाहूजी महाराज के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते सपा महानगर अध्यक्ष इकबाल हुसैन अंसारी, पदाधिकारी व कार्यकर्ता। • अमृत विचार

### युवा पीढ़ी शाहू जी महाराज से लें प्रेरणा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के मकबरा स्थित महानगर कार्यालय पर गुरुवार को कोल्हापुर के शासक राजर्षि छत्रपति शाहू जी महाराज की जयंती मनाई गई। पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। महानगर अध्यक्ष इकबाल हुसैन अंसारी ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणा हैं। उन्हें एक सच्चा लोकतंत्रवादी और समाज सुधारक माना जाता था। शाहू महाराज एक योग्य शासक थे जो अपने शासन के दौरान कई प्रगतिशील नीतियों से जुड़े थे। उन्होंने अपने राज्य में पिछड़ी जाति के हित में काम किया। जाति और पंथ की परवाह किए बिना सभी को प्राथमिक शिक्षा उनकी सबसे महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं में से एक थी। महानगर अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से उनके आदर्शों और विचारों पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन महानगर महासचिव गजेंद्र यादव ने किया। इस दौरान लालू परवेज, कमरूज्जमा सैफी अध्यक्ष नगर विधानसभा, हाजी राशिद हुसैन अंसारी महानगर अध्यक्ष मजदूर सभा, मोहम्मद जुनेद, शहीद अनवर, अकरम अंसारी, मो. शमशाद मीडिया प्रभारी, शरीफ अहमद, दानिश खान, आसिफ मलिक, जमीर अहमद, मोहम्मद खालिद, इस्लामुद्दीन, अकरम, असलम खान, आमिर, आशू खान, मो. फरमान आदि मौजूद रहे।

**लचर व्यवस्था** जिला महिला अस्पताल में नाश्ते में दूध और भोजन में नहीं मिल रहा सलाद व दही

# प्रसूताओं को दर्द दे रहा सिस्टम, नहीं मिल रही तय डाइट

कार्यालय संवाददाता, मुरादबाद

- जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत प्रसूताओं से सुविधाएं कोसो दूर

**अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल में जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत प्रसूताओं को सुविधाएं नहीं बल्कि दर्द मिल रहा है। सुबह, दोपहर और शाम को दिए जाने वाले नाश्ते और भोजन के साथ छलावा किया जा रहा है। उन्हें निर्धारित मेन्यू के अनुसार नाश्ता और भोजन उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से बिल भुगतान करवा लिया जा रहा है।

प्रसूताओं को मिलने वाले भोजन व नाश्ते की गुरुवार को अमृत विचार की टीम ने अस्पताल पहुंचकर पड़ताल की। मरीजों व तीमारदारों से बात की तो स्वास्थ्य विभाग की कलई खुली। जननी शिशु सुरक्षा योजना के तहत गर्भवती महिला प्रसव से पूर्व या प्रसव के बाद अस्पताल में भर्ती होती हैं तो उन्हें पोषणयुक्त सुबह का नाश्ता, दोपहर व रात्रि का भोजन निशुल्क देने का प्रावधान है। सामान्य प्रसव में दो दिन व सिजेरियन प्रसव के मामले में पांच दिन तक यह सुविधा प्रदान की जाती है। इसके लिए प्रति मरीज 90 रुपये की दर से अनुबंध किया गया है। अनुबंध की शर्तों के अनुसार ठेकेदार को इस 90 रुपये में सुबह 7 बजे से 8:30 बजे तक एक ग्लास दूध के साथ दो अंडे, दलिया, पोहा, ब्रेड के चार स्लाइस और 10 ग्राम मक्खन दिया जाना तय है। दोपहर एक से दो बजे तक भोजन में चार रोटी, दाल, मौसमी सब्जी, चावल व सलाद, दही और रात के भोजन में शाम सात बजे से 8:30 बजे तक चार रोटी, मौसमी सब्जी, चावल व मौसमी फल (सेब, संतरा, केला आदि) एक ग्लास दूध देना होता है, लेकिन इस मेन्यू का जिला महिला अस्पताल के साथ ही अधिकांश सामुदायिक केंद्रों पर मखौल उड़ाया जा रहा है। सुबह नाश्ते में दो सौ मिली लीटर दूध के स्थान पर सिर्फ दलिया और एक बिस्कुट का पैकेट दिया जा रहा है। दोपहर के भोजन में सलाद, चावल और दही कहीं नहीं दिया जा रहा है। वहीं, रात में सब्जी, रोटी, चावल ही मिल रहा है। यह व्यवस्था एक दिन की नहीं है, इसके बावजूद भी अस्पताल के जिम्मेदार अधिकारी कभी इस व्यवस्था की हकीकत नहीं देखते हैं और बिल भुगतान के लिए अग्रसारित कर देते हैं।

> मरीजों को निर्धारित मेन्यू के अनुसार डाइट देने के निर्देश हैं। अगर उन्हें मेन्यू के हिसाब से नहीं दिया जा रहा तो इसकी जांच कराई जाएगी।
> -डॉ. निर्मला पाठक, सीएमएस

**केस 1**



नयागांव पेशी निवासी राधा चार दिन से भर्ती हैं। उन्होंने बताया कि सुबह को नाश्ते में दलिया और बिस्कुट का पैकेट मिल रहा है। दूध, मक्खन, ब्रेड, अंडा कुछ नहीं मिला। दोपहर और रात को भी सिर्फ दाल, रोटी और सुखी सब्जी मिलती है। परिवार वाले ही बाजार से फल ला रहे हैं।

**केस 2**



गुईया बाग निवासी इज्जत फात्मा के साथ तीमारदार के रूप में आईं हसीन फात्मा ने बताया कि नाश्ता, खाने में सब कुछ देने की बात तो दूर स्टाफ सही से बात भी नहीं कर रहा है। दूध, दही, सलाद कुछ नहीं मिल रहा।

**केस 3**



दलपतपुर रोड पर पाडली बाजे निवासी अंशु के साथ उनके पति जोनी सिंह ने बताया कि अस्पताल में प्रसव के लिए आने वाली महिलाओं को मेन्यू के हिसाब से खाना नहीं मिल रहा है। वहीं, साबुन, डिटॉल मांगने पर स्टाफ साफ न होने बात कहकर चली जाती हैं।

**केस 4**



एकता कॉलोनी निवासी लक्ष्मी ने बताया कि कक्ष में रात में बंद हो जाते हैं, एसी तो चल रही नहीं रहा। स्टाफ से कहा तो बोला कि घर पर भी एसी में ही रहते हो क्या जो यहां गर्मी बर्दाश्त नहीं हो रही।



जिला महिला अस्पताल में भर्ती गर्भवती, साथ में तीमारदार। • अमृत विचार

# अस्पताल में मरीजों की कतार, अव्यवस्थाएं कर रहीं बीमार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- खांसी, बुखार, बीपी और डायबिटीज रोगियों की संख्या अधिक

**अमृत विचार :** गर्मी, उमस और बारिश के कारण मौसमी बीमारियां बढ़ रही हैं। जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की डेढ़ हजार से अधिक मरीजों का उपचार किया गया। पर्चा बनवाने से लेकर दिखाने तक, हर जगह लंबी कतारें रहीं।

मेडिसिन विभाग में अधिकतर मरीज बीपी, डायबिटीज के रहे। वहीं, बुखार, खांसी, पेट की समस्या आदि के मरीजों की संख्या रही। इसके अलावा अन्य विभागों में भी कई रोगों से ग्रस्त मरीज पहुंचे, जिनका उपचार किया गया। बूंदाबांदी के चलते उमस और दोपहर में निकली तेज धूप ने मरीज और तीमारदारों की परेशानी और बढ़ा दी। पर्चे बनवाने के दौरान ऊंचाई पर लगे पंखों के सहारे मरीज और तीमारदार लाइन में लगे परेशान होते रहे। मरीजों ने लंबी लाइनें, अव्यवस्था और दवाएं देरी से मिलने के कारण नाराजगी जताई। मेडिसिन विभाग के डॉ. आशीष कुमार सिंह ने बताया कि खांसी, बुखार, बीपी और डायबिटीज रोगियों की संख्या काफी रही।

**आज का मौसम**

बादलों के बीच हल्की बूंदाबादी या छिटपुट बारिश होने का अनुमान

30.0° अधिकतम तापमान | 23.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:19 | सूर्यास्त 07:17

## धरना-प्रदर्शन, रोड जाम की चेतावनी पर दौड़ी पुलिस

संवाददाता, पाकबड़ा

- नाबालिग की बरामदगी न होने पर पीड़ित मां ने लिखा था पत्र

**अमृत विचार :** मझोला थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला की 15 वर्षीय नाबालिग बेटी को घर के सामने रह रहा लड़का ले गया था। पीड़िता ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कराई थी लेकिन अभी तक बेटी का कोई पता नहीं लग पाया।

उसने प्रार्थना पत्र लिखकर एसएसपी सतपाल अंतिल और सीओ हाईवे राजेश कुमार को भेज दिया। जिसमें बेटी के बरामद न होने पर धरना प्रदर्शन, कार्यालय का घेराव एवं रोड जाम करने की चेतावनी दी गई थी। जिसके बाद हरकत में आए मझोला थाना क्षेत्र में सीओ हाईवे पीड़ित मां से मिलने पहुंचे और जल्द से जल्द आरोपी को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया। परिवार के लोगों ने बताया कि पुलिस सुस्त दिखाई दे रही है। जबकि लड़का सोशल मीडिया पर एक्टिव है और फोटो डाल रहा है। अगर जल्दी एक्शन नहीं लिया गया तो हम सड़क जाम करने के साथ ही एसएसपी कार्यालय का घेराव और धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे।

> टीमें लगातार काम कर रही हैं। आरोपी की लोकेशन बदल रही है। जिससे समय लग रहा है। जल्द ही आरोपी गिरफ्त में होगा।
>
> –**राजेश कुमार**, सीओ हाईवे

### ईपीसीएच के अध्यक्ष ने नई दिल्ली में की क्षेत्रीय कार्यालयों के साथ समीक्षा बैठक

## भारत को हस्तशिल्प क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व दिलाने को प्रतिबद्ध

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- ईपीसीएच के सीओए सदस्य अवधेश अग्रवाल ईपीसीएच इंडिया के मुख्य संयोजक नामित

**अमृत विचार :** हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) उच्च स्तरीय सहभागिता और रणनीतिक नेतृत्व नियुक्तियों के माध्यम से निर्यात वृद्धि और क्षेत्रीय परिवर्तन के अपने मिशन को आगे बढ़ा रही है। ईपीसीएच के सीओए सदस्य और मध्य क्षेत्र के संयोजक अवधेश अग्रवाल को ईपीसीएच इंडिया का मुख्य संयोजक नामित किया गया। वह हस्तशिल्प क्षेत्र में 30 से अधिक वर्षों के अनुभवी उद्योग विशेषज्ञ हैं।

कार्यकारी निदेशक, ईपीसीएच ने आरके वर्मा ने बताया कि परिषद की विजन 2025–2035 पर नजर है। जिसे आगे बढ़ाने में अवधेश अग्रवाल नेतृत्व करेंगे। बताया कि यह भारतीय हस्तशिल्प क्षेत्र की वैश्विक उपस्थिति और दीर्घकालिक स्थायित्व को विस्तार देने के लिए दूरदर्शी रणनीतिक रोडमैप है।

ईपीसीएच के अध्यक्ष डॉ. नीरज खन्ना ने ईपीसीएच हाउस नई दिल्ली में सभी ईपीसीएच क्षेत्रीय कार्यालयों के साथ एक विस्तृत समीक्षा बैठक की। जिसमें अध्यक्ष ने क्षेत्रीय सशक्तीकरण, डिजिटल परिवर्तन और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारतीय हस्तशिल्प के निर्यात के लिए अपनी रणनीतिक दृष्टि को सामने रखा। उन्होंने कहा कि समावेशी विकास, क्षमता निर्माण और दूरदर्शी योजना की नई पहल से स्पष्ट है कि परिषद भारत को हस्तशिल्प क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व दिलाने के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।



ईपीसीएच की बैठक में अवधेश अग्रवाल को मुख्य संयोजक नामित होने पर स्वागत करते अध्यक्ष डॉ. नीरज खन्ना व अन्य। • अमृत विचार

दिल्ली में हुई बैठक के दौरान ईपीसीएच के अध्यक्ष डॉ. नीरज खन्ना, ईपीसीएच के सीओए सदस्य रवि के पासी, ओपी प्रहलादका, राज कुमार मल्होत्रा, ईपीसीएच की पूर्व अध्यक्ष जेस्मिना जेलियांग, प्रमुख सदस्य निर्यातक केएल रमेश, ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक आरके वर्मा और ईपीसीएच के अतिरिक्त कार्यकारी निदेशक राजेश रावत उपस्थित रहे।

**एक नजर**

### कैंची धाम से लौट रहे बाइक सवार की मौत

**बिलारी, अमृत विचार :** कैंची धाम से बाइक द्वारा लौट रहे श्रद्धालुओं की बाइक पंतनगर क्षेत्र में तेज रफ्तार डंपर ने रौंद दी। जिसमें सहसपुर निवासी ऋषभ उर्फ गोलू की मौत हो गई जबकि बाइक चला रहे बिलारी निवासी दुकानदार दिनेश प्रजापति गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों के अनुसार दोनों बुधवार की शाम कैंची धाम से लौट रहे थे। खबर सुनकर मां चंद्रवती और पिता संजीव बेसुध हो गए। बड़ा भाई तुषार, बहन सृष्टि रो रोकर बेहाल है। गुरुवार शाम पोस्टमार्टम के उपरांत शव सहसपुर आया तो घर में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। हर कोई अफसोस जता रहा था।

### देवर पर दुष्कर्म का आरोप पति ने दिया तलाक

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव कालाझांडा निवासी युवती की शादी 20 मई 2021 को गांव बैरमपुर निवासी जिलानी के साथ हुई थी। शादी में 5 लाख रुपये नगद, गहने और अन्य कीमती सामान दहेज के रूप में दिया। लेकिन ससुराली संतुष्ट नहीं हुए। पति जिलानी, ससुर बाबू हुसैन, सास शमशीदा, देवर नदीम, मुरसलीन, शाहनवाज और ननद रुबीना व मोबिना ने दस लाख की मांग शुरू कर दी। मांग पूरी न होने पर मारपीट और अपमान का सामना करना पड़ा। 6 जून 2025 को ससुराली पड़ोस में गए थे। देवर मुरसलीन उसके कमरे में घुस गया। तमंचा कनपटी पर रख जबरन दुष्कर्म किया। काम के लिए विदेश गए पति से शिकायत की तो उन्होंने फोन पर ही तलाक दे दिया। ससुराल वालों ने मारपीट कर मामले को दबाने का प्रयास किया। कोतवाली पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### मजदूरी करने गया मिस्त्री लापता, गुमशुदगी दर्ज

**भोजपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने गांव आदमपुर निवासी तौफीक की तहरीर पर उसके पिता मो. रफीक (45) की गुमशुदगी दर्ज की है। बेटे ने बताया कि पिता हल्द्वानी में राजमिस्त्री का काम करते हैं। 20 जून की सुबह 11 बजे कपड़े आदि सामान लेकर काम करने हल्द्वानी गए थे जो आज तक नहीं पहुंचे। मोबाइल फोन स्विच ऑफ आ रहा है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच उप निरीक्षक माहिर अब्बास को दी है।

### मानसिक मंदित लापता

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला जमनावाला वार्ड संख्या 13 निवासी यासीन ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका पुत्र इमरान (16) मानसिक मंदित है। वह 23 जून को शाम 4 बजे ठाकुरद्वारा बाजार से सामान लेने के लिए घर से निकला था। लेकिन देर रात तक वापस न लौटने पर परिजनों ने आसपास और रिश्तेदारियों में तलाश की, फिर जब कोई जानकारी नहीं मिली तो कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज करवाई है।

हिरासत में ले लिया है।

# 4.16 करोड़ से बनेगा होमगार्ड कार्यालय

### होमगाड्र्स एवं नागरिक सुरक्षा राज्यमंत्री धर्मवीर प्रजापति ने किया शिलान्यास व भूमि पूजन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** प्रदेश के होमगाड्र्स एवं नागरिक सुरक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति ने मुरादाबाद में जिला/ मंडलीय होमगाड्र्स कार्यालय के निर्माण का शिलान्यास भूमि पूजन कर किया। 4.16 करोड़ रुपये की लागत से कार्यालय बनेगा। जो अगले साल दिसंबर 2026 में तैयार होगा।

गुरुवार को राज्यमंत्री ने सदर तहसील के पास चिह्नित जमीन पर कार्यालय निर्माण कार्य का शिलान्यास विधि विधान से पूजा अर्चना कर की। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में होमगाड्र्स कार्यालय को भवन देने की दिशा में विभाग तेजी से कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विभाग में कई महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं। पहले होमगार्ड जवानों के लिए ड्यूटी का अभाव रहता था जबकि वर्तमान में सबको पर्याप्त ड्यूटी मिल रही है। किसी दुर्घटना में होमगार्ड की मृत्यु के बाद उसके परिवार के आश्रित को मिलने वाली अनुग्रह राशि को बढ़ाकर सरकार ने 5 लाख रुपये कर दिया है। कहा कि दुर्घटना में होमगार्ड की मृत्यु के बाद उसके परिवार को आर्थिक रूप से अधिकतम मदद देने के उद्देश्य से होमगार्ड के खाते से संबंधित बैंक से 35 से 40 लाख रुपये तक आर्थिक सहायता दिलाया जा रहा है। जिससे उस परिवार का भरण पोषण बेहतर तरीके से हो सकता है। अब तक आश्रित को होमगार्ड सेवा के लिए 5 साल के भीतर आवेदन करना होता था जिससे अधिकतर परिवारों के मृतक आश्रित को कम आयु और तय समय सीमा की बाध्यता के कारण होमगार्ड सेवा से जोड़ने में दिक्कतें आती थीं इसलिए सहानुभूतिपूर्वक इस मामले पर विचार करते हुए अब 5 साल की समयावधि की बाध्यता भी समाप्त कर दी गई है।

इस दौरान डिविजनल कमांडेंट होमगाड्र्स रामनारायण, डिविजनल कमांडेंट मंडलीय प्रशिक्षण केंद्र सुनील कुमार द्वितीय, जिला कमांडेंट होमगाड्र्स अभिषेक नारायण सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



भूमि पूजन करते होमगाड्र्स एवं नागरिक सुरक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति। • अमृत विचार

**3000 वर्गमीटर में होगा भवन निर्माण**

4.16 करोड़ रुपये की लागत से करीब 3000 वर्गमीटर में मुरादाबाद में जिला/मंडलीय कार्यालय होमगाड्र्स का निर्माण होगा। इसकी कार्यदायी संस्था निर्माण इकाई यूपी प्रोजेक्ट्स कॉरपोरेशन लिमिटेड है। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह भवन दिसंबर 2026 तक बनकर तैयार होगा।

**कार्यालय भवन में यह मिलेगी सुविधा**

ऑफिस, गैराज, गार्ड रूम, सीसी रोड, इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक, बाउंड्रीवाल, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, ओवर हेड टैंक, सेप्टिक टैंक आदि शामिल हैं।

**सरकार आपके साथ, निष्ठा व जिम्मेदारी के साथ करें ड्यूटी**

मंत्री ने कहा कि सरकार होमगार्ड जवानों के साथ खड़ी है उनका हर तरीके से ध्यान रख रही है। होमगार्ड जवान अपनी ड्यूटी पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ करें। ड्यूटी स्थल पर जिम्मेदारी ही भरोसा जीतने का माध्यम होता है।



बैठक लेते राज्यमंत्री धर्मवीर प्रजापति, साथ में मौजूद अधिकारी व अन्य।

## अधिक युवाओं को नागरिक सुरक्षा से जोड़ें, विकसित करें सेवाभाव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- सर्किट हाउस सभागार में राज्यमंत्री ने की नागरिक सुरक्षा से जुड़े स्वयंसेवकों के साथ बैठक

**अमृत विचार :** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति ने गुरुवार को सर्किट हाउस के सभागार में जिले के नागरिक सुरक्षा से जुड़े स्वयंसेवकों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि मुरादाबाद में तुलनात्मक रूप से स्वयंसेवकों की संख्या अधिक है। इसमें महिला स्वयंसेवकों की संख्या बढ़ाने पर जोर देना होगा।

राज्यमंत्री ने कहा कि कोरोना महामारी के बाद नागरिक सुरक्षा का महत्व काफी बढ़ गया है। क्योंकि स्वयंसेवक जरूरतमंद लोगों की पूरी निष्ठा से सेवा करते हैं। अधिक से अधिक युवाओं को इससे जोड़ा जाए और उनमें सेवा भाव को विकसित किया जाए। उन्होंने कहा कि निःस्वार्थ भाव से की गई सेवा कभी निष्फल नहीं होती है।

इसलिए जहां भी सेवा का अवसर मिले उसे सेवाभाव से कर अपनी पहचान स्थापित करें। बैठक में नगर मजिस्ट्रेट किंशुक श्रीवास्तव के अलावा अन्य संबंधित अधिकारी आदि मौजूद रहे।

## नींव में धंसा ट्रिपलर का पहिया, ईंट रख रहे श्रमिक की दबकर मौत

संवाददाता, छजलैट

**अमृत विचार:** क्षेत्र के ग्राम दयनाथपुर में नींव खोद रहे एक युवक की ट्रिपलर का एक पहिया जमीन में धंसने से ट्रिपलर के नीचे दबकर दर्दनाक मौत हो गई। परिजनों का रोते बिलखते बुरा हाल है।



मृतक रोहित।

थाना क्षेत्र के ग्राम दयनाथपुर निवासी रोहित (28) निवासी ग्राम दयनाथपुर थाना छजलैट मुरादाबाद गांव के ही संजय के यहां मजदूरी करने गया था। रोहित नींव खोदने को ईंट निकाल रहा था। नींव के बराबर में ट्रिपलर खड़ा था। खोदकर निकाली ईंटें रोहित उसी में डाल रहा था। ट्रिपलर में एक तरफ ज्यादा वजन हो जाने के कारण ट्रिपलर का एक पहिया नींव की तरफ गड्ढे में धंस गया और उसके नीचे दबकर रोहित की मौके पर ही मृत्यु हो गई। परिजनों को पता लगने पर वह मौके पर पहुंच गए। परिजनों का रोते बिलखते बुरा हाल था। रोहित की एक सृष्टि 4 वर्ष की बच्ची है। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

**बाइक की टक्कर से साइकिल सवार की मौत**

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मूंढापांडे थाना क्षेत्र में लखनऊ दिल्ली हाईवे पर सिहोरा बाजे के पास बुधवार की रात बाइक ने साइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में साइकिल सवार की मौत हो गई। संभल असमोली थाना क्षेत्र के भसौड़ा निवासी अमरपाल की ससुराल मूंढापांडे के गनेशघाट में है। वह ससुराल में ही परिवार के साथ रहकर खेतीबाड़ी करते थे। परिजनों ने बताया कि अमरपाल को बुखार आ रहा था। बुधवार की रात 8 बजे वह मूंढापांडे से साइकिल से दवाई लेकर लौट रहे थे। लखनऊ दिल्ली हाईवे पर सिहोरा बाजे के पास बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में अमरपाल गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने रामपुर जिला अस्पताल भिजवा दिया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। अमरपाल के परिवार में पत्नी शांति, दो बेटियां हैं। मूंढापांडे थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि बाइक कब्जे में ले ली गई है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

### खेलने के बहाने ले गए युवक से मारपीट

**कांठ, अमृत विचार:** छजलैट थाना क्षेत्र के ग्राम मुंढा खेड़ी निवासी जुबेर पुत्र मोहम्मद हारुन व इस्माइलपुर निवासी दीपांशु पुत्र आनंद वॉलीबॉल टूर्नामेंट खेलते थे।

24 जून को दोपहर 1:00 बजे दीपांशु बाइक पर खेलने के बहाने जुबेर को बैठाकर ले गया और ग्राम कुरी रवाना से थोड़े पहले रामलीला ग्राउंड के पास उसने अपनी बाइक रोक ली। इसके बाद कुरी रवाना निवासी सोनू पुत्र अमीर चंद, बैरमपुर निवासी निखिल भी वहां पहुंच गए और चारों ने जुबेर को बेल्टों, लात-घूंसों से पीटना शुरू कर दिया। राहगीरों ने बड़ी मुश्किल से उसे बचाया। स्वजनों को घटना की जानकारी दी गई तो वह घायल को लेकर थाना छजलैट पहुंचे और पुलिस को चारों आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर दी। पुलिस ने चारों पर केस दर्जकर घायल को उपचार के लिए मुरादाबाद भेज दिया है।

## नक्शा पास नहीं कराया तो होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- फैक्ट्री निर्माण की मानचित्र स्वीकृति की स्थिति जांचने के निर्देश
- प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने जोन तीन के सब जोन में किया निरीक्षण

**अमृत विचार :** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अनुभव सिंह ने गुरुवार को जोन-3 के अंतर्गत आने वाले सबजोन-16, 17 और 19 का सघन स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान क्षेत्र में हो रहे विशेष रूप से बड़े औद्योगिक निर्माणों (फैक्ट्रियों) पर गंभीर चिंता जताई। निर्देश दिया कि इन फैक्ट्रियों के निर्माणों की मानचित्र स्वीकृति की स्थिति की जांच करें।

यदि बिना नक्शा स्वीकृत कराए निर्माण हो रहा है तो उसकी सूची तैयार कर कार्रवाई के निर्देश अवर अभियंता आयुष कुमार और सोहनवीर को दिए। कहा कि निर्देश के उल्लंघन पर जवाबदेही सुनिश्चित कर कार्रवाई होगी। उन्होंने सबजोन16, 17 एवं 19 में चल रहे सभी अवैध निर्माण कार्यों के विरुद्ध तत्काल प्रभाव से प्रवर्तन अभियान चलाकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

वहीं दूसरी ओर प्राधिकरण के उपाध्यक्ष के निर्देश पर प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने गुरुवार को अवैध निर्माणों पर कार्रवाई की। मझोला रोड सलेमपुर बाईपास गजरौला में अजय कुमार गोस्वामी के द्वारा जोन-4, सब-जोन-23 में लगभग 100 वर्ग मीटर पर कराए अवैध निर्माण पर कार्रवाई हुई। इसके अलावा भी कई अनियमित निर्माण पर प्रवर्तन दल ने कार्रवाई की।



कार्रवाई का निर्देश देते प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अनुभव सिंह। • अमृत विचार

## पीएम आवासः आठ ब्लॉकों से 44533 लोगों ने किया आवेदन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- 1 जुलाई से अपलोड डाटा का किया जाएगा सर्वे

**अमृत विचार :** पीएम आवासीय योजना में अब 44 हजार 533 लोगों को आवास देने का प्रथम चरण का कार्य खत्म हो गया है। जिला ग्राम्य अभिकरण विभाग की ओर से पात्रों के प्रपत्रों का सत्यापन का किया जा रहा है। इसके विकास खंड स्तर पर एडीओ पंचायत एडीओ एसटी समेत अन्य एसडीओ ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी, जेई एमआई और आरईएस को लगाया गया है।

जिला ग्राम्य अभिकरण के परियोजना निदेशक निर्मल कुमार द्विवेदी ने बताया कि 1 जुलाई से पीएम आवास योजना में पात्रों और कर्मचारियों द्वारा अपलोड डाटा का सर्वे जाएगा। सर्वे के दौरान अपलोड किए गए रिकॉर्ड को क्रॉस चेक किया जाएगा। सर्वे में कुल मिलाकर 44533 लोगों का डाटा है। सेल्फ सर्वे का 100 प्रतिशत सत्यापन ग्राम पंचायत पर तैनात सर्वेयर द्वारा ही किया जाएगा। इसके लिए पूर्व में सर्वे करने वाले कर्मचारियों का स्थान बदला गया है। पहले सर्वे करने वाले कर्मचारियों के स्थान पर उसी विभाग के अधिकारी भी लगाए गए हैं। जिससे सर्वे को क्रॉस चेक किया जा सके। ब्लॉकवार डाटा अलग-अलग विकास खंडों में भेजा गया है। जिसमें पात्र द्वारा अपने मोबाइल से किए गए और लगाए गए कर्मचारियों किए गए सर्वे दोनों को डेटा है। पी एम आवास प्लस एप स्वचालित तरीके से चेक करके ऐप पर 100 प्रतिशत डाटा भेजा जा रहा है जो कि चेकर के द्वारा प्रमाणित किया जा रहा है।

**एक नजर में आंकड़े**

| ब्लॉक | आवासों की संख्या |
|---|---|
| 1-भगतपुर टांडा | 6878 |
| 2-बिलारी | 6945 |
| 3-छजलैट | 2968 |
| 4-डिलारी | 4190 |
| 5-डिंगरपुर, कुंदरकी | 6086 |
| 6-मुरादाबाद | 1694 |
| 7-मूंढापांडे | 10722 |
| 8-ठाकुरद्वारा | 5050 |
| कुल योग | 44533 |

**खेलकूद**

### रिजर्व पुलिस लाइंस में 42वीं वार्षिक बैडमिंटन कलस्टर प्रतियोगिता का पहला दिन

## उद्घाटन मैच : पीएसी पश्चिमी ने मध्य जोन को हराया



पुलिस लाइन में गुब्बारे उड़ार प्रतियोगिता का आरंभ करते डीआईजी मुनिराज।



पुलिस लाइन में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** 42वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक बैडमिंटन कलस्टर (बैडिमंटन/टेबल टेनिस) राजपत्रित/अराजपत्रित (महिला/पुरुष) प्रतियोगिता गुरुवार से रिजर्व पुलिस लाइंस में शुरु हुई। प्रतियोगिता 29 जून तक चलेगी। उद्घाटन मैच में पीएसी पश्चिमी जोन ने मध्य जोन को हराया।

प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश पुलिस की 13 टीमें बरेली जोन, आगरा, मेरठ जोन, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर, लखनऊ, पीएसी पूर्वी, पीएसी मध्य, पीएसी पश्चिमी, रेडियो और जीआरपी जोन प्रतिभाग कर रही हैं। इन 13 टीमों के 305 खिलाड़ी अपना दमखम दिखाएंगे। प्रतियोगिता का उद्घाटन गुरुवार को पुलिस उप महानिरीक्षक मुनिराज जी, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मुरादाबाद कुंवर आकाश सिंह की उपस्थिति में किया गया। मैच में पीएसी पश्चिमी जोन ने पीएसी मध्य जोन को हराया। जबकि आगरा जोन ने कानपुर, मेरठ जोन ने प्रयागराज और गोरखपुर जोन ने रेडियो जोन का हराया। 50 प्लस सिंगल में डीडी तिवारी जीआरपी ने आनंद सिंह पश्चिमी जोन को हराया। आनंद सिंह लखनऊ जोन को उमेश चंद प्रयागराज ने हराकर सेमीफाइनल मे प्रवेश किया। 55 प्लस डबल्स मे डीडी तिवारी व धीरेंद्र पांडेय ने विपिन व अशोक को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। निर्णायक मंडल में अजय पाठक, मनोज कुमार, वर्षा चाहर, आसिफ सिद्दकी, फिरोज खान, पीसी महेश चंद पांडेय, पीसी शिवनारायण राजपूत, पीसी सतीस कुमार, पीटीआई सुधीर शर्मा, आरक्षी रविन्द्र कसाना मौजूद रहे।

**टेबिल टेनिस चैंपियनशिप के नतीजे**

टेबिल टेनिस महिला वर्ग चैंपियनशिप में मेरठ जोन ने प्रयागराज जोन को हराया। पुरुष वर्ग में पश्चिमी जोन ने प्रयागराज को हराया। मेरठ जोन ने बरेली जोन को हराकर फाइनल में प्रवेश किया प्रतियोगिता का समापन 29 जून को शाम 5:00 बजे पुलिस लाइन में किया जाएगा।

## नाबालिग से रेपः कोर्ट में पेश हुआ पूर्व ब्लॉक प्रमुख ललित कौशिक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- बलरामपुर की जेल से लाया गया था मुरादाबाद, अब 2 जुलाई को होगी सुनवाई

**अमृत विचार :** नाबालिग से रेप के मामले में मूंढापांडे के पूर्व ब्लॉक प्रमुख और गैंगस्टर ललित कौशिक को गुरुवार को पॉक्सो कोर्ट में पेश किया गया। इसी केस में पीड़िता पर 12 दिन पहले हमलावरों ने दिनदहाड़े गोलियां बरसाई थीं। सरेआम की गई इस फायरिंग में पीड़िता गोली लगने से जख्मी हुई थी। ऑटो चालक और 2 राहगीरों को भी इस फायरिंग में छर्रे लगे थे।

थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के दीनदयाल नगर कालोनी में रहने वाला ललित कौशिक सिविल लाइंस थाने का हिस्ट्रीशीटर है। महानगर में हुई चार्टर्ड अकाउंटेंट श्वेताभ तिवारी की सनसनीखेज हत्या, स्पोर्ट्स सामान के व्यापारी कुशांक गुप्ता की हत्या, भाजपा नेता अनुज चौधरी की हत्या और आरएसएस नेता पर हुए जानलेवा हमले समेत लगभग 30 से अधिक आपराधिक मामलों में ललित कौशिक इन दिनों उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जेल में बंद है। गैंगस्टर ललित कौशिक को पुलिस ने मार्च 2023 में गिरफ्तार करके बलरामपुर जेल भेजा था। तभी से वो बंद है। महानगर में निर्यातकों, व्यापारियों से वसूली, गुंडागर्दी और रंगदारी वसूली के तमाम आरोप ललित कौशिक पर हैं। 2015 में भरी कचहरी में अदालत की चौखट पर हुए योगेंद्र उर्फ भूरा मर्डर केस का मुख्य साजिशकर्ता भी ललित कौशिक को ही बताया जाता है। डिलारी के तत्कालीन ब्लॉक प्रमुख योगेंद्र उर्फ भूरा को कोर्ट में पेशी के दौरान गोलियों से भून दिया गया था। इस मर्डर की तहरीर में ललित कौशिक का नाम था, लेकिन उसने भूरा की फैमिली डराकर बाद में तहरीर से अपना नाम निकलवा लिया था।

नाबालिग से रेप के मामले में ललित कौशिक को गुरुवार को पॉक्सो कोर्ट नंबर एक में प्रस्तुत किया गया। मामले में सुनवाई के लिए 2 जुलाई की तारीख लगी है।

# भगन्दर, बवासीर


सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

## सुश्रुत क्लीनिक

क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग [COLO-RECTAL-CENTER]

28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली

9897030475
9411221895
7060162071



**डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)**

B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली
भू,पू, वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine

45 वर्षो का कुशल अनुभव



**डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)**

B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस

**गुदा रोगों के लक्षण**

मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

**समय**
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
**रविवार**
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश


# आपसी सामंजस्य बनाए रखने पर जोर

## तहसील बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

संवाददाता, कांठ



शपथ ग्रहण समारोह के दौरान मंच पर नवनियुक्त कार्यकारिणी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** तहसील बार एसोसिएशन 2025-26 की कार्यकारिणी का भव्य शपथ ग्रहण समारोह में एसोसिएशन ने बार हित में आपसी सामंजस्य बनाए रखने पर जोर दिया।

गुरुवार को तहसील बार सभागार में आयोजन के दौरान अधिकारियों और साथ अधिवक्ताओं ने संयुक्त रूप से सभागार की साज सज्जा की सराहना की। कार्यक्रम को शानदार ढंग से आयोजन करने पर चुनाव समिति की प्रशंसा की गई। संबोधित करते हुए अध्यक्ष प्रदीप कुमार ने कहा कि वह विश्वास दिलाते हैं कि सदैव बार हित में कार्य किए जाएंगे। जो लक्ष्य हैं उन्हें पूरा करने के लिए भरसक प्रयत्न किया जाएगा। महासचिव ने कहा कि अधिवक्ता साथियों के हर सुख और दुख में वे सदैव सहयोगी रहेंगे।

मुख्य अतिथि पूर्व अध्यक्ष और वर्तमान में सदस्य बार काउंसिल उत्तर प्रदेश शिरीष मेहरोत्रा ने कहा कि अधिवक्ता की कलम में बहुत ताकत है। ग्राम न्यायालय के न्यायाधीश कुंवर सूर्य सैन सिंह ने आपसी सामंजस्य बनाए रखने और सदैव सहयोग करने का आश्वासन दिया। इससे पूर्व शपथ ग्रहण समारोह का आरंभ राष्ट्रगान के साथ किया गया। अतिथियों का स्वागत बेज लगाकर और उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया गया।

पत्रकारों का भी स्वागत किया गया। अधिवक्ताओं ने चुनी गई कार्यकारिणी का फूल मालाएं पहनाकर उन्हें शुभकामनाएं देकर स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष डॉ विनीत नैन, शमशाद अहमद, महावीर सिंह, प्रवीण गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष प्रेम सिंह, पूर्व महासचिव चंद्रपाल सिंह, चौधरी यशवीर सिंह, अतुल कुमार, चरन सिंह, करतार सिंह, मरगूब खां, मोहम्मद अयूब, शशांक विश्नोई, भूपेंद्र सिंह, शीशराम सिंह, कोमल सिंह आदि अधिवक्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एल्डर कमेटी के अध्यक्ष महावीर सिंह जबकि संचालन चुनाव समिति के शहजाद रफी और संजीव विश्नोई ने की।

### ये है कार्यकारिणी सदस्य

पहले अध्यक्ष प्रदीप कुमार और बाद में प्रमोद कुमार को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इसके बाद महासचिव दीपक बिश्नोई, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरपाल सिंह, कोषाध्यक्ष भू प्रकाश, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद हेतु मोहम्मद अहमद, जैनुल हसन एवं चरण सिंह, सह सचिव प्रकाशन पद हेतु लक्ष्मण सिंह, सह सचिव पुस्तकालय हेतु राहुल चौधरी व सह सचिव प्रशासन सलमान खान, सदस्य कार्यकारिणी हेतु इमरान खान त्यागी, विजेन्द्र सिंह, मोहम्मद साजिद, जीशान आलम, अतुल बिश्नोई सहित कार्यकारिणी के सदस्यों को शपथ ग्रहण कराई गई।

**इन्हें किया गया सम्मानित:** पूर्व अध्यक्षों शमशाद अहमद, डॉ विनीत नैन, प्रेम सिंह, प्रवीण गुप्ता, प्रमोद शर्मा, चंद्रपाल सिंह तथा पूर्व महासचिव प्रदीप कुमार, एन एस मेहरा, सी पी सिंह, सुनील कुमार आदि को उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

# भाजपा की हिटलर शाही से जनता त्रस्त

संवाददाता, कांठ



कार्यक्रम में संबोधित करते वक्ता व मंचासीन अतिथि। ● अमृत विचार

● **कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने बैठक कर कार्यकर्ताओं को दिया सफलता का मूलमंत्र**

**अमृत विचार:** मिशन 2027 के तहत सफलता को प्रत्येक कार्यकर्ता को बूथ स्तर तक संगठन विस्तार करने में पूरी शक्ति के साथ एक जुट होकर कार्य करना होगा। यह विचार ग्राम रसूलपुर चौराहा में आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विनोद गुंबर ने व्यक्त किए।

गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में भाजपा की हिटलर शाही से आम जनता त्रस्त हो चुकी है। इसका लाभ हमें संगठन को मजबूत कर 2027 के मिशन को कामयाब बनाकर लेना है। विभिन्न विभागों में भ्रष्टाचार अपनी चरम सीमा पर है। उन्होंने कहा कि देश को सशक्त बनाने का सर्वाधिक योगदान कांग्रेस का रहा है। हमें गांव-गांव जाकर बूथ स्तर तक लोगों को जागरूक कराना है।

जिला प्रभारी खुशवर मिर्जा मिर्जा एवं अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिला प्रभारी सुधीर पाराशर ने कहा कि किसानों की समस्या युवाओं को रोजगार, शिक्षा, समेत तमाम मुद्दों पर भाजपा विफल रही है। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष डॉ सिराजुद्दीन अंसारी ने कहा कि हमें रूठे हुए कांग्रेसी को फिर से संगठित करना है। इस मौके पर फिरोज अनवर, शरीफ अहमद आजाद , सिंह मास्टर परम सिंह सैनी, जाफर अली, मौलाना रईसुद्दीन, योगेंद्र सिंह, जयप्रकाश ठाकुर, अंकुश चौधरी, शहजाद अली, मेहर सिंह सैनी ,नरेंद्र सैनी ,जाकिर मौलाना आदि वरिष्ठ कांग्रेसियों ने अपने विचार व्यक्त किये। बैठक में ग्राम मानपुर, भैंसली जमालपुर, छज्जा नंगला ,समधपुर, बीबीपुर, सीमला आदि दर्जनों ग्रामों के कांग्रेसी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधान रजा हुसैन ने की एवं संचालन वरिष्ठ कांग्रेसी शरीफ अहमद आजाद ने किया। आभार पूर्व प्रधान मुनव्वर हुसैन ने किया।

## मांगों को लेकर प्राथमिक शिक्षक संघ ने विधायक को दिया ज्ञापन

**बिलारी, अमृत विचार:** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ से संबद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पांडे के आह्वान पर बिलारी के जिला अध्यक्ष व जिला महामंत्री के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह से मिला। जहां उन्होंने मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया।

गुरुवार को विधायक को दिए ज्ञापन में कहा कि विभाग शासन व सरकार द्वारा 50 से कम छात्र संख्या वाले परिषदीय विद्यालयों को पेयरिंग कर बंद किए जाने के निर्देश को वापस लिया जाए। विधायक ने बताया कि वह इसे मुख्यमंत्री के समक्ष रखेंगे।इस दौरान संदीप जटराना, जिला उपाध्यक्ष सत्यपाल सिंह, चरित्र कुमार, टीकाराम, पवन गौड,संसारी सिंह,सुबोध शर्मा, अमित गुप्ता, धर्मेंद्र सिंह,आदेश कुमार यादव, भूपेंद्र, मुनेश आदि सहित कई अध्यापक मौजूद रहे।

## मोहर्रम का चांद दिखा, सजाए गए अजाखाने

**अगवानपुर, अमृत विचार:** इस्लामिक कैलेंडर का पहला महीना माहे मोहर्रम का चांद दिखते ही शिया समुदाय में सोग की लहर दौड़ी। नगर के सभी अज़ाखानो को सजाया गया। जगह-जगह काले झंडे एवं अलम लगाए गए।

माहे मोहर्रम शिया समुदाय में ग़म के साथ मनाया जाता है क्योंकि माहे मोहर्रम में अल्लाह के नबी हज़रत मोहम्मद साहब का भरा घर कर्बला के मैदान में लूट लिया गया। कर्बला के मैदान में इमाम हुसैन और उनके सभी साथियों को बेदर्दी के साथ क़त्ल कर दिया गया। इमाम के क़त्ल के बाद औरतों व बच्चों को कैदी बना लिया गया। इमाम हुसैन ने अपनी ओर साथियों की कुर्बानी देकर इस्लाम व इंसानियत को बचाया। यही वजह हैं कि उन्हें हर धर्म के लोग मानते है।

# कुंदरकी से पाकबड़ा तक चौड़ा होगा मार्ग, विधायक ने किया भूमि पूजन

संवाददाता, कुंदरकी



भूमि पूजन करते विधायक रामवीर सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कुंदरकी-डींगरपुर-रतनपुर कला-पाकबड़ा मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। लोक निर्माण विभाग की इस परियोजना की स्वीकृत लागत 3995.58 लाख रुपये और स्वीकृत लंबाई 12.900 किमी है।

गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि यह चार लेन मार्ग औद्योगिक क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा होगा। कहा कि बेहतर सड़कें विकास का कारक होती हैं और निवेश का आधार बनती हैं। हमारी सरकार ने गड्ढा मुक्त सड़कें दी हैं। कार्यक्रम में अधिशासी अभियंता सुनील प्रकाश, सहायक अभियंता सोमपाल सिंह, सहायक अभियंता सुधीर कुमार, डिपो मैनेजर अनिल कुमार शर्मा , ब्लॉक प्रमुख पति गुलाम जिलानी, नसीम खान, मंडल अध्यक्ष बबलू सिंह जाटव, संजय कश्यप, अरविंद ठाकुर, कुलदीप ठाकुर, ब्रजेश कुमार लोधी, हाजी अकरम, हाजी सलीम, ग्राम प्रधान विक्रम , सोनू ठाकुर, संजय दिवाकर, विजेंद्र चौधरी, नवनीत धारीवाल, यादराम पाल, असलम, नजाकत अली, आकिल प्रधान, अनिल कुमार जाटव, दिलशाद हुसैन, रामकुमार, समर सिंह, मोनू कश्यप, फहीम, मोहम्मद उमर, शरीफ अहमद, मजीद सैफी, राहिल, कादिर, रोहित सिंह, जय सिंह आदि उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### पालिका अध्यक्ष ने किया निर्माणाधीन पार्क का निरीक्षण



**बिलारी, अमृत विचार :** नगर पालिका द्वारा भगवान परशुराम पार्क, चौधरी चरण सिंह पार्क और बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर पार्क का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। गुरुवार दोपहर पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव ने टीम के साथ तीनों पार्कों में कार्य की प्रगति देखी। उन्होंने बताया कि नगर में शाहबाद रोड स्थित भगवान परशुराम पार्क की भूमि 810 मी अंकित है किंतु मौके पर 525 मीटर है, आसपास के अन्य निवासी भी अपनी जगह को कम बता रहे हैं तो फिर बाकी जगह गई कहां ? कहा कि ब्राह्मण समाज के ज्ञापन पर राजस्व प्रशासन जांच पड़ताल में लगा है। इसी प्रकार नगलिया मोड़ पर स्थित चौधरी चरण सिंह पार्क और तहसील के सामने स्थित आंबेडकर पार्क का जीर्णोद्धार चल रहा है।

### चेयरमैन ने संचारी रोगों के प्रति किया जागरूक



**कांठ, अमृत विचार :** गुरुवार को संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत नगर पंचायत कार्यालय ऊमरी कलां में चेयरमैन मोहम्मद उस्मान अली के नेतृत्व में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें लोगों को संचारी रोग संबंधी जानकारी दी गई। कहा कि नियमित मच्छरदानी का प्रयोग करें, अनुपयोगी वस्तुओ में पानी जमा न होने दें, पानी की टंकी ढक कर रखें, पूरी बांह वाली कमीज पहने , कूलर , गमले आदि को साप्ताहिक खाली कर सुखाएं। बी एम सी रेखा पटेल, मोहम्मद ज़ीशान , सुरेंद्र सिंह, जय कुमार मौजूद रहे।

### मारपीट के आरोपियों पर कार्रवाई की मांग



**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव बादरझल्ला निवासी कपिल कुमार परिजनों के साथ गुरुवार को पुलिस क्षेत्राधिकार कार्यालय पर एकत्र हुए। बताया कि 23 जून 2025 को शाम 8 :30 बजे गांव के ही दिग्वेंद्र सिंह पुत्र ओम प्रकाश सिंह चार लोगों को लेकर घर में घुस गए। गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी जिसमें राखी देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल राखी को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। दबंगों ने पुलिस के सामने ही बाइकों को क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस कार्रवाई न कर फैसला करने का दबाव बना रही है। जिस पर पुलिस क्षेत्र अधिकारी ने निष्पक्ष जांच कर कर कानूनी कार्रवाई जाने का आश्वासन दिया। प्रदर्शन में कपिल कुमार, राखी देवी ,वीपी सिंह, संजय चौहान तथा क्षेत्र पंचायत सदस्य पाकेश कुमार आदि मौजूद रहे ।

### चालान काट दरोगा ने हड़प लिए पांच हजार रुपये

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** ट्रैफिक दरोगा पर रुपये वसूल कर चालान काटने का आरोप लगाते हुए मामले की शिकायत उधम सिंह नगर व मुरादाबाद के एसएसपी से की गई है। उधम सिंह नगर के जसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मेघवाला निवासी सूरज सिंह ने शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि 20 जून को पुत्र जसवीर के साथ बाइक से ठाकुरद्वारा आया था। इस दौरान काशीपुर मार्ग पर वन विभाग की चौकी के पास दरोगा सुरेंद्र सिंह चेकिंग कर रहे थे। उक्त दरोगा ने उनसे कागज दिखाने को कहा तो आरसी, ड्राइविंग लाइसेंस दिखाए तो अन्य कागज न होने पर 55 सौ रुपये का चालान भरने की बात कही साथ ही ये भी कहा कि नही दिए तो दस हजार रुपये का ऑनलाइन चालान भरना होगा। आरोप है कि जब उसने बताया कि वह एक पोर्टल का ब्यूरो चीफ है तो दरोगा बुरी तरह भड़क गए और अभद्रता करते हुए गाली गलौज की। पुत्र ने डर से 5500 रुपये दे दिए। दरोगा ने आधे घंटे में मोबाइल में चालान कटने की सूचना आने की बात कही। थोड़ी देर बाद मैसेज केवल 500 रुपये कटने का आया। इस तरह 5 हजार रुपये खुद हड़प लिए। पीड़ित ने दरोगा पर अवैध वसूली करने का आरोप लगा एसएसपी उधम सिंह नगर व मुरादाबाद, दोनों प्रदेशों के मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की है।

### मोहर्रम व कांवड़ यात्रा को शांति से मनाने की अपील

**बिलारी, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव नौसना में गुरुवार को मोहर्रम व कावड़ यात्रा को लेकर संभ्रांत नागरिकों के बीच बैठक का आयोजन हुआ। पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह, कोतवाली प्रभारी अमरनाथ वर्मा ने सभी को आवश्यक निर्देश दिए। बिलारी के गांव नौसना में बीते वर्ष मोहर्रम और कांवड़ यात्रा को लेकर दो पक्षों के बीच तनातनी जैसी स्थिति बनी हुई थी। जिसमें पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई की थी। किसी प्रकार की कोई अड़चन ना हो इसे लेकर बैठक का आयोजन हुआ। क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों को दोनों त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से निपटाने की जिम्मेदारियां दी। इस बीच भारी तादाद में लोग मौजूद रहे।

### एसपी और डीएसपी ने किया थाने का निरीक्षण

**भोजपुर, अमृत विचार :** बुधवार की रात देर रात पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा रूद्र प्रताप सिंह ने थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी ग्रामीण और सीओ ने कंप्यूटर रूम, बैरक, हवालात, त्योहार रजिस्टर, मैस, मुकदमाती माल रजिस्टर, समाधान दिवस रजिस्टर, साफ सफाई का गहनता से निरीक्षण कर संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## हर तरफ गूंजने लगी सदाए हुसैन, सजने लगे इमामबाड़े व आजाखाने

**कुंदरकी, अमृत विचार :** मोहर्रम का चांद दिखाई देने के बाद या हुसैन की सदाए बुलंद शुरू हो गईं हैं। नगर के मुहल्ला सादात में शिया समुदाए ने अलम मुबारक का जुलूस निकाल कर हजरत इमाम हुसैन की शहादत के गम का इजहार किया तथा मजलिसो व सुन्नी आजाखानो में शहादत नामों की महफ़िले शुरू हो गईं है। पहली मोहर्रम का मातमी जुलुस शुक्रवार को निकलेगा।

कार्यालय सम्पत्ति प्रबंधक (मुरादाबाद/चंदौसी/अमरोहा/बिजनौर)
**उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद**
ऑफिस कॉम्प्लेक्स (भूतल) सेक्टर 5
मझोला योजना संख्या-4 भाग-2, मुरादाबाद E-mail:emombd@upavp.com

**सर्वसाधारण को सूचना**

परिषद की मझोला योजना संख्या-4, भाग-2, मुरादाबाद में स्थित आवासीय भूखण्ड संख्या 11/314 प्रदेशन पत्र 2781 दिनांक 29/06/2013 द्वारा कु. श्वेता शर्मा पुत्री श्री अनिल कुमार शर्मा के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी द्वारा उक्त भूखण्ड का पूर्ण भुगतान करते हुए इस कार्यालय से दिनांक 28/12/2013 को विक्रय विलेख निष्पादित कराकर दिनांक 23/01/2014 को उपनिबन्धक कार्यालय, मुरादाबाद में पंजीकृत कराकर अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड-26, मुरादाबाद के कार्यालय से निर्गत भौतिक कब्जा हस्तांतरण के अनुसार भौतिक कब्जा प्राप्त कर लिया गया। तदोपरान्त उक्त भूखण्ड संख्या 11/314 आवंटी कु. श्वेता शर्मा के द्वारा श्री सौरभ वर्मा पुत्र श्री आत्म प्रकाश वर्मा के पक्ष में दिनांक 22/05/2015 को विक्रय कर दिया गया है।
अब श्री सौरभ वर्मा पुत्र श्री आत्म प्रकाश वर्मा ने अपने आवेदन पत्र दिनांक 04.06.2025 के द्वारा आवासीय भूखण्ड संख्या 11/314, मझोला योजना संख्या-4, भाग-2, मुरादाबाद को अपने पक्ष में नामान्तरण हेतु अनुरोध किया है। यदि इस नामान्तरण के सम्बन्ध में किसी हितबद्ध व्यक्ति को कोई सुसंगत आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त करा सकता है। उक्त निर्धारित तिथि के पश्चात् किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य न होगी तथा परिषद नियमानुसार नामान्तरण सम्बन्धी अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। सम्पत्ति प्रबंधक

कार्यालय सम्पत्ति प्रबंधक (मुरादाबाद/चंदौसी/अमरोहा/बिजनौर)
**उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद**
ऑफिस कॉम्प्लेक्स (भूतल) सेक्टर 5
मझोला योजना संख्या-4 भाग-2, मुरादाबाद E-mail:emombd@upavp.com

**सर्वसाधारण को सूचना**

परिषद की मझोला योजना संख्या-4, भाग-2, मुरादाबाद में स्थित आवासीय भूखण्ड संख्या 11/315 प्रदेशन पत्र 2782 दिनांक 29/06/2013 द्वारा श्रीमती तुलिका गुप्ता पुत्री श्री स्व. लक्ष्मी नारायण गुप्ता के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी द्वारा उक्त भूखण्ड का पूर्ण भुगतान करते हुए इस कार्यालय से दिनांक 28/12/2013 को विक्रय विलेख निष्पादित कराकर दिनांक 17/01/2014 को उपनिबन्धक कार्यालय, मुरादाबाद में पंजीकृत कराकर अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड-26, मुरादाबाद के कार्यालय से निर्गत भौतिक कब्जा हस्तांतरण के अनुसार भौतिक कब्जा प्राप्त कर लिया गया। तदोपरान्त उक्त भूखण्ड संख्या 11/315 आवंटी श्रीमती तुलिका गुप्ता के द्वारा श्रीमती आशा वर्मा पत्नी श्री आत्म प्रकाश वर्मा के पक्ष में दिनांक 15/05/2015 को विक्रय कर दिया गया है।
अब श्रीमती आशा वर्मा पत्नी श्री आत्म प्रकाश वर्मा ने अपने आवेदन पत्र दिनांक 04.06.2025 के द्वारा आवासीय भूखण्ड संख्या 11/315, मझोला योजना संख्या-4, भाग-2. मुरादाबाद को अपने पक्ष में नामान्तरण हेतु अनुरोध किया है। यदि इस नामान्तरण के सम्बन्ध में किसी हितबद्ध व्यक्ति को कोई सुसंगत आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त करा सकता है। उक्त निर्धारित तिथि के पश्चात् किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य न होगी तथा परिषद नियमानुसार नामान्तरण सम्बन्धी अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। सम्पत्ति प्रबंधक

# छह वर्ष से नहीं बदला खराब ट्रांसफार्मर

संवाददाता, भोजपुर/डिलारी



उप खंड अधिकारी अंकित को ज्ञापन सौंपते गांव मिलक अमावती के ग्रामीण।

● **मिलक अमावती के ग्रामीणों ने एसडीओ को दिया ज्ञापन**

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव मिलक अमावती के ग्रामीणों ने बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए गांव में छह वर्ष से फुंके पड़े ट्रांसफार्मर को बदलवाने की मांग को लेकर पीपलसाना बिजली घर पर तैनात उप खंड अधिकारी अंकित को ज्ञापन सौंपा है।

एसडीओ को दिए ज्ञापन में प्रकाश सिंह, विशाल शर्मा, विपिन चंद्रा, अमित शर्मा, शेर सिंह, राजेश, राहुल, राजू और अमित ने बताया कि 25 साल पहले गांव में 63 केवी का ट्रांसफार्मर लगाया गया था। गांव की आबादी और विद्युत उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ने पर विभाग ने 8 साल पहले 25 केवी का अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाया। 2019 में आंधी में जिन पोलों पर ट्रांसफार्मर रखा था वह टूट गए। इस कारण 25 केवी का ट्रांसफार्मर जमीन पर गिर गया जो आज तक वैसा ही पड़ा हुआ है। विभाग से पोल लगाकर ठप पड़ी विद्युत आपूर्ति सुचारू कराने को लेकर पत्राचार एवं मौखिक अनुरोध भी किया पर आज तक कोई कार्रवाई नही हुई। ग्रामीणों ने बताया कि गांव की आबादी के साथ कनेक्शन भी बढ़ रहे हैं। वर्तमान में 63 केवी के ट्रांसफार्मर से आपूर्ति दी जा रही है। भार अधिक होने की वजह से ट्रांसफार्मर फुंक जाता है और कई दिनों तक अंधेरा पसरा रहता है। गर्मियों में बिजली की खपत बढ़ने से परेशानियां बढ़ रही हैं। एसडीओ ने अग्रिम कार्रवाई करने के लिए जहांगीरपुर बिजली घर पर तैनात जेई को जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

**NOTICE**

I ANUJ AGARWAL S/O ANIL KUMAR AGARWAL R/O UPASNA NIWAS, AVAS VIKAS COLONY, CIVIL LINES MORADABAD, UTTAR PRADESH-244001, have changed the name of my minor son AVYUKT AGARWAL aged 15 years and he shall hereafter be known as DHANVIT AGARWAL.

**NOTICE**

I sever all relations with my son Pratap Singh S/o Dilbag Singh due to their wrongful acts and evict there from my movable and immovable property. Dilbag Singh s/o Jogendra Singh R/o Vill Shrinagar Bilaspur Rampur UP

**सूचना**

मेरा हाई स्कूल वर्ष 2018 अनुक्रमांक 0882088 का प्रमाण पत्र- सह-अंक पत्र खो गया है। मोहित कुमार पुत्र उदल सिंह केयर आफ विनीत कुमार ग्राम संदलपुर पोस्ट हाथीपुर चंदू कुंदरकी मुरादाबाद 24413

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## एक नजर

### जिलाधिकारी से राशन कार्ड बनवाने की मांग

**रामपुर, अमृत विचार :** गंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला चपटा कालोनी निवासी नीरज ने जिलाधिकारी को पत्र देकर कहा है कि उसका गृहस्थी राशन कार्ड होने के कारण उसको घर चलाने के लिए राशन मिलता था,लेकिन अचानक से उसका राशन कार्ड काट दिया गया। इस बारे में सही से कोई जानकारी तक नहीं दे रहा है। मेरे पति जैसे तैसे करके घर का खर्चा चला रहे हैं। पीड़ित ने डीएम से राशन कार्ड पुन: बहाल करने की मांग की है।

### एसपी ने प्रशिक्षु उपनिरीक्षकों के साथ की गोष्ठी

**रामपुर, अमृत विचार :** गुरुवार को पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने पुलिस कार्यालय पर प्रशिक्षणाधीन उपनिरीक्षकों के साथ की गोष्ठी की। गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक ने व्यावहारिक प्रशिक्षण रजिस्टर आदि को चेक किया तथा निर्देश दिए।

### शिक्षक समस्याओं के विरोध में आज करेंगे प्रदर्शन

**रामपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक के जिलाध्यक्ष डॉ. राजवीर सिंह ने बताया कि शासन द्वारा 50 छात्र संख्या वाले परिषदीय विद्यालयों को मर्ज करने वाले आदेशों के विरोध में शुक्रवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में दोपहर एक बजे धरना होगा। जिसमें ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर धरने को सफल बनाए।

### खुशहालपुर गांव में किया पौधरोपण

**मसवासी, अमृत विचार :** भाजपा के स्वार ग्रामीण मंडल के ग्राम खुशहालपुर में नगर पंचायत मसवासी के हरिओम मौर्य ने जूनियर हाईस्कूल में पौधे लगाए। हरिओम मौर्य द्वारा बीएसए से फोन पर बात करके स्कूल में अतिरिक्त शिक्षक की तैनाती की करने को भी कहा जिस पर बीएसए ने शीघ्र तैनाती का आश्वासन दिया। इस मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी संजीव कुमार वर्मा, प्रधानाध्यापिका जीनत अफशा, भाजपा के सेमरा लाडपुर सेक्टर संयोजक व पूर्व प्रधान खुशहालपुर रामनाथ सिंह प्रजापति, अशोक कुमार प्रजापति, आकाश प्रजापति, अंश, हरमन, शोभित रहे।

# नए औद्योगिक क्षेत्र में उद्यमियों को कम दर पर मिले जमीन : श्रीष गुप्ता

## उद्योग बंधु समिति की बैठक में उद्यमियों ने की मांग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



कलेक्ट्रेट सभागार में उद्यमियों को जानकारी देते जिलाधिकारी।

**अमृत विचार :** गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक में नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। आईआईए चेयरमैन श्रीष गुप्ता ने जिलाधिकारी से कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में जमीन का मूल्य कम से कम रखा जाए, जिससे उद्यमियों को उद्योग लगाने में परेशानी न हो। जिलाधिकारी ने इस पर सहमति जताई।

बैठक में जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने सभी उद्यमियों को रामपुर विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित की जा रही गेटेड कॉलोनियों के बारे में विस्तार से बताया। नई कॉलोनी के साथ नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित होगा, जिसके लिए उद्यमियों को आमंत्रित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि उद्यमी नए औद्योगिक क्षेत्र में ही नए उद्योग लगाने की योजना बनाएं। जिसमें जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह व पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्रा ने उद्योगपतियों की समस्याओं को सुना। उसके बाद संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले की जीडीपी प्रदेश की औसत जीडीपी से अधिक आई है। इसमें जिले के उद्यमियों का महत्वपूर्ण सहयोग है। पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्रा ने उद्यमियों को पूर्ण सुरक्षा का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि उद्यमी पूरी निडरता से अपना उद्योग चलाएं। किसी भी दशा में उनका उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। व्यापारी नेता संदीप सोनी ने बैठक में नगर में पार्किंग की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की। बैठक में उपायुक्त उद्योग मनीष कुमार पाठक, सहायक आयुक्त उद्योग बलराज वीर सिंह,सहायक प्रबंधक पुष्प राज सिंह, औद्योगिक पर्यवेक्षक एमपी सिंह, आईआईए के सचिव मनोज गर्ग, वाईस चेयरमैन आदर्श अग्रवाल, रामकुमार अग्रवाल, अरविंद नंदा, ठाकुर देवेंद्र सिंह, उमेश सिंघल, दीपक गोयल, हरजिंदर सिंह, संदीप सोनी सहित अन्य उद्यमियों के अलावा विभागों के अधिकारी शामिल हुए।

### उद्योगों को भरपूर मिले बिजली आपूर्ति

**रामपुर, अमृत विचार :** भरपूर बिजली नहीं आना उद्योगपतियों के लिए भी आफत बनी हुई है। कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में आईआईए के चेयरमैन श्रीष गुप्ता ने उद्योगों की बिजली से संबंधित शिकायतों को रखा। इसमें मेंथा एंड अलाइड प्रोडक्ट्स, स्वाति मेंथोल, जीरो फुट प्रिंट, शशिकांता मेटल कास्ट की विद्युत संबंधी समस्याएं रखीं। लघु उद्योग भारती के जिलाध्यक्ष दीपक गोयल ने बिजली के डायरेक्टर फीडर होने के बावजूद भी दिन भर में सात-आठ बार लाइट की ट्रिपिंग होती है। जिससे फैक्ट्री चलाने में बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बढ़पुरा शर्की, भमरौआ रोड पर फैक्ट्री के आसपास के रास्ते की भी स्थिति बहुत खराब है। उसे भी ठीक कराने की बात रखी गई। औद्योगिक क्षेत्र में बिजली की समस्या को लेकर हो रही परेशानी को गंभीरता से लेते हुए बिजली विभाग के अधिकारियों को यथासंभव निस्तारण करने निर्देश दिए।

### प्रतिबंधित दवा की बिक्री पर रोक को चलाएं अभियान

**रामपुर, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को जिला स्तरीय समिति एन कॉर्ड की बैठक हुई। जिसमें डीएम ने औषधि निरीक्षक को जनपद के मेडिकल स्टोर्स पर बिकने वाली नकली, अवैध व प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री पर रोक लगाने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए। सभी मेडिकल स्टोर का निरीक्षण कर प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री करने वाले मेडिकल स्टोर पर कड़ी कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने स्कूलों में नशा मुक्ति जागरूकता के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता व प्रतियोगिताएं कराने के निर्देश दिये। समाज में नशे के विरुद्ध जागरूकता लाने के लिए, नशे से होने वाली शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, आर्थिक हानियों को व्यापक स्तर पर प्रसारित किया जाए। जिससे नवयुवकों के अंदर नशे की प्रवृत्ति पनपने का अवसर ही न मिले। इस अवसर पर जिला आबकारी अधिकारी हिम्मत सिंह, औषधि विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग, चिकित्सा विभाग, समाज कल्याण विभाग के अधिकारी, आबकारी निरीक्षक एवं उद्योग एवं व्यापार बंधु मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### लायंस क्लब ऑफ रामपुर ग्रेटर के अध्यक्ष बने रवींद्र




**रामपुर, अमृत विचार :** लायंस क्लब ऑफ रामपुर ग्रेटर का कार्यक्रम बुधवार रात राहे रजा स्थित जीनत होटल में हुआ। जिसमें लायंस क्लब ऑफ रामपुर ग्रेटर के सत्र 2025-2026 के लिए अध्यक्ष बने रवींद्र गुप्ता, सचिव शोभित गुप्ता, कोषाध्यक्ष अमित शर्मा एवं क्लब एडमिनिस्ट्रेटर जगन्नाथ चावला को चुना। राजकुमार अग्रवाल एवं उमेश सिंघल ने क्लब की स्थापना के संबंध में सदस्यों को बताया। परिवार प्रबोधन के तहत पुत्रवधुओं के सम्मान राजकुमार अग्रवाल, पुष्पा गुप्ता, एसके अग्रवाल व शालिनी चावला पांडेय ने परिवार का महत्व बताया। सम्मानित पुत्रवधुओं में अनुश्री अग्रवाल, राज नंदिनी, नेहा चावला, रति सक्सेना, पायल सिंघल, शिवानी सिंघल, अंकिता खंडेलवाल, करिश्मा खंडेलवाल एवं साक्षी अरोरा शामिल रहीं। कार्यक्रम में सतीश कुमार, अभय शंकर अग्रवाल, अश्विनी पाहवा, राम गुप्ता, प्रदीप खंडेलवाल, कुलदीप सिंह, विकास पांडेय, सतनाम चावला, रजनी अग्रवाल, मोहनी पाहवा, रजनी सिंघल, प्रवीण भांडा, राजीव अग्रवाल, डॉ. एचके मित्रा, राजीव सिंघल, अंकुर अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, कृष्ण लाल खुराना, आशा भांडा, राजेश अग्रवाल इत्यादि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन क्लब एडमिनिस्ट्रेटर जगन्नाथ चावला ने किया।

### प्राथमिक विद्यालय में पौधरोपण किया



**रामपुर, अमृत विचार :** विकास खंड चमरौआ के प्राथमिक विद्यालय खजुरिया में इको क्लब फॉर मिशन लाइफ के तहत औषधीय एवं सजावटी पौधों तुलसी, अपराजिता, करी पत्ता का पौधरोपण किया। इंचार्ज प्रधानाध्यापक प्रसन्न प्रकाश, सहायक अध्यापक दीपा सैनी, दीपा चौहान, हरिओम, गीता ने पौधरोपण किया। पौधरोपण कार्यक्रम में अभिभावक नेमवती, रामवती, कुसुम, बबीता, कामिनी, गीता, सीमा, वीरेंद्र कुमार, जाकिर नवी, मिथलेश, सुरेखा एवं उर्मिला आदि उपस्थित रहे।

### जन-जन तक पहुंचाएं योग : वंदना



**रामपुर, अमृत विचार :** योग प्रशिक्षकों की पहली बैठक में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी वंदना रानी ने कहा कि सिर्फ 21 जून नहीं, बल्कि प्रत्येक दिन योग दिवस के रूप में मनाएं। लोगों को योग के प्रति जागरूक करें। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. वंदना रानी ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद जनपद के योग प्रशिक्षकों की पहली बैठक ली। योग प्रशिक्षकों ने बुके देकर व महिला योग प्रशिक्षकों ने उनका स्वागत किया। बैठक में डॉ. वंदना रानी ने कहा मेहनत व ईमानदारी से कार्य करें, लोगों को योग व आयुर्वेद से होने वाले लाभ की जानकारी दें। सरकार की योजनाओं का जन-जन तक लाभ पहुंचाए। क्षेत्र में शिविर लगाकर सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार करें। बैठक में योग प्रशिक्षक रामू मौर्य, प्रतिक्षा सक्सेना, राजीव कुमार, उमेश कुमार, सोनू चौहान, उमा शंकर, ज्योति पांडे, आरती, निशा गंगवार, सृष्टि पांडे, अंशु सक्सेना, भूपराम, गिरीश उपस्थित रहे।

### जिला अस्पताल में 12 लोगों की हुई कोरोना जांच

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में गुरुवार से कोरोना की जांच शुरू हो गई। पहले दिन 12 लोगों की जांच की गई। जिला अस्पताल में इमरजेंसी के सामने कमरा नंबर 43 में कोरोना जांच के लिए टीम तैनात की गई है। कोरोना जांच के साथ ही शुगर की जांच भी की जा रही है। कोरोना की दस्तक होने पर शासन-प्रशासन अलर्ट हो गया है। जिला अस्पताल में गुरुवार से कोरोना की एंटीजन जांच शुरू करा दी गई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. डीके वर्मा ने बताया कि नजला, जुकाम, बुखार और निमोनिया के मरीजों की कोरोना जांच कराई जा रही है। बताया कि पहले दिन 12 लोगों की जांच की गई बताया कि कोरोना के लिए 28 बेड का वार्ड भी बना दिया गया है। कोरोना के मरीजों के वार्ड में व्यवस्थाएं कर दी गईं हैं। 40 से 70 वर्ष के लोगों की कोरोना जांच कराई जा रही है। बताया कि पहले दिन कोरोना का कोई मरीज नहीं मिला है।

### जैन समाज के अध्यक्ष बने प्रमोद कुमार



**रामपुर, अमृत विचार :** जैन मंदिर परिसर में समाज की नई कार्यकारिणी का चयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष प्रमोद कुमार जैन, उपाध्यक्ष रमेश चंद्र जैन सेठी, महामंत्री कस्तूर चंद जैन, कोषाध्यक्ष अविरल जैन, मंत्री मनोज कुमार जैन, शिक्षा मंत्री दिनेश जैन सेठी, बाग मंत्री समर्पण जैन, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. सिद्धांत जैन, धर्मशाला एवं भंडार मंत्री अंकुर जैन निर्विरोध चुने गए। चुनाव अधिकारी पंकज जैन द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा की गई। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह 29 जून को शाम 6 बजे जैन मंदिर फूटा महल में होगा। नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रमोद कुमार जैन ने जैन समाज के सभी सदस्यों का आभार जताया।

# 10वीं, 12वीं के टॉपर्स को दीं साइकिल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



साइकिल के साथ मौजूद छात्राएं एवं विधायक और भाजपा जिलाध्यक्ष।

**अमृत विचार :** शहर विधायक आकाश सक्सेना ने हाईस्कूल एवं इंटर के टॉपर्स को साइकिल देकर सम्मानित किया। साइकिल मिलते ही टॉपर्स के चेहरे खिल उठे। विधायक ने कहा कि शिक्षा और संस्कार ही उत्कृष्ट जीवन का आधार हैं। उन्होंने तीनों छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार कलावती कन्या इंटर कॉलेज मिलक के प्रबंधक हैं। पिछले कई वर्षों से उनके विद्यालय की छात्राएं रामपुर की टॉपर बन रही हैं। इस बार हाईस्कूल में आरुषि और अंशिका 92.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से रामपुर की जिला टॉपर बनीं थीं, तो इंटर की गुलफिशा ने 90 प्रतिशत अंक हासिल किए थे। इस तरह वह भी जिला टॉपर रहीं थीं। गुरुवार को शहर विधायक आकाश सक्सेना ने तीनों जिला टॉपर्स को रामपुर सेवक में भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार की उपस्थिति में शहर विधायक आकाश सक्सेना ने तीनों छात्राओं को साइकिल देकर सम्मानित किया। विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि ग्रामीण परिवेश के छात्र-छात्राएं संसाधनों के अभाव में भी पूरी लगन और मेहनत के साथ पढ़ाई कर रामपुर का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण हैं। उसमें भी यदि बेटी शिक्षित हो, तो कई परिवारों तक वह शिक्षा की रोशनी पहुंचती है। उन्होंने तीनों छात्राओं को बधाई दी।

# युवाओं को इंडस्ट्रीज पार्टनर के तहत मिलेगा प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** युवाओं को इंडस्ट्रीज पार्टनर के तहत प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। शासन ने कौशल विकास मिशन के तहत युवाओं को स्वावलंबी बनाने की पहल की है। कौशल विकास के जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनुराग शुक्ला ने बताया कि युवाओं को इंडस्ट्रीज पार्टनर के तौर पर प्रशिक्षित कराया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इसमें उन औद्योगिक इकाइयों को मौका मिलेगा जिनका वार्षिक टर्न ओवर 100 करोड़ रुपये है। प्रशिक्षण की राशि प्रशिक्षार्थियों के हिसाब से इंडस्ट्रीज को शासन दी जाएगी। सोलर पैनल इंस्टालेशन, हेल्थ केयर, सिलाई-कढ़ाई, जरी जरदोजी और बैंकिंग में युवाओं को प्रशिक्षित कराया जाएगा। प्रबंधक ने बताया कि अधिकांश इंडस्ट्रीज में श्रमिकों की किल्लत रहती है जिसके चलते काम में परेशानियां आती हैं। जिसके चलते उद्यमी परेशान रहते हैं। शासन ने उद्यमियों की समस्या का समाधान करने के लिए और युवाओं को रोजगार से जोड़ने और औद्योगिक क्षेत्र में गति तेज करने के लिए कौशल विकास मिशन के तहत 18 से 35 वर्ष के युवाओं को इंडस्ट्रीज पार्टनर के तहत तीन माह से छह माह के बीच प्रशिक्षण दिया जाएगा।

> जिले में रेडिको खेतान से बात की जा रही है। इसके अलावा उद्योग विभाग से ऐसी इंडस्ट्रीज का ब्यौरा मांगा गया है जिनका वार्षिक टर्न ओवर 100 करोड़ रुपये है। इस योजना से युवा प्रशिक्षित भी होंगे और उन्हें रोजगार मिलने में आसानी हो जाएगी।
> — अनुराग शुक्ला, जिला कार्यक्रम प्रबंधक कौशल विकास



शिविर में रक्तदान करते लोग। ● अमृत विचार

# एसबीआई के शिविर में 51 लोगों ने किया रक्तदान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भारतीय स्टेट बैंक के प्लेटिनम जुबली समारोह पर गुरुवार को क्षेत्रीय प्रबंधक प्रभात कुमार के निर्देश में क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में 51 लोगों ने रक्तदान किया।

रक्तदान शिविर का उद्घाटन स्टॉफ पेंशनर एसोसिएशन के अध्यक्ष सेवानिवृत्त आरए गुप्ता ने किया। अध्यक्ष ने कहा कि रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं है, इससे किसी की जान बचाई जा सकती है। कहा कि रक्तदान करने से नुकसान नहीं पहुंचता है। क्षेत्रीय व्यवसाय के प्रतिभागियों में क्षेत्रीय प्रबंधक प्रभात कुमार, मुख्य प्रबंधक क्रेडिट रीतेश श्रीवास्तव, मुख्य प्रबंधक देवास मोहसिन खान, मुख्य प्रबंधक मुख्य शाखा देवेश मित्रा, प्रबंधक क्रेडिट एंड एनपीए बृजेंद्र कुमार रहे। संचालन प्रबंधक मानव संसाधन और प्रशासन मनोज कुमार और अरविंद कुमार ने किया।

### ब्राह्मणों को अपशब्द कहने पर दी तहरीर

**मिलक, अमृत विचार :** गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष आदेश शंखधर ने कोतवाली में तहरीर दी है। उनका कहना है कि एक व्यक्ति द्वारा बीते बुधवार को सोशल मीडिया साइट फेसबुक पर सार्वजनिक रूप से संपूर्ण सनातन धर्म में आस्था रखने वाले संपूर्ण ब्राह्मण समाज पर अमर्यादित टिप्पणी की है। जिससे पूरे ब्राह्मण समाज में रोष फैल गया है और उनकी भावनाओं को ठेस पहुंची है। उन्होंने व्यक्ति पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### हॉकी कोच फरहत को रामपुर भेजा

**रामपुर, अमृत विचार :** खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के निदेशक आरपी सिंह ने फरहत अली खान का जनपद अमरोहा से रामपुर स्थानांतरण कर कार्यभार संभालने का निर्देश कार्यालय को जारी कर दिया है। फरहत अली खान अंशकालिक मानदेय पर हॉकी प्रशिक्षक के तौर पर लगभग 25 साल से कार्य कर रहे हैं।

# कई दिन से बारिश न होने से लोग गर्मी से परेशान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- सुबह से आसमान में उमड़ रहे बादल, नहीं हुई बारिश
- वैज्ञानिकों का दावा पश्चिमी प्रदेश को मानसून ने किया कवर

**अमृत विचार :** मानसून की बेवफाई से लोग पसीना-पसीना हो रहे हैं। सुबह से आसमान में बादल उमड़-घुमड़ रहे हैं लेकिन बारिश की एक बूंद नहीं पड़ी है। जबकि मौसम वैज्ञानिकों का दावा है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश को कवर कर लिया है। बारिश नहीं होने से खरीफ की फसलें प्रभावित हो रही हैं। उमस भरी गर्मी में लोग बारिश की आस तक रहे हैं। गर्मी बढ़ने से लोगों का दम घुटने लगा है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस, न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं आर्द्रता 68 प्रतिशत और वायु वेग 11 किमी. प्रतिघंटा रहा।

गुरुवार को कमरों और कार्यालयों में लगे कूलर और पंखे भी पसीने को नहीं सुखा पाए। मौसम वैज्ञानिक डॉ. श्वेता सिंह ने बताया कि मौसम का मिजाज कभी भी बदल सकता है मानसून ने पश्चिमी प्रदेश को कवर कर लिया है। मध्यम से भारी वर्षा, गरज-चमक, बिजली एवं तेज हवाओं की संभावना को देखते हुए किसानों को पशुओं को खुले स्थान या पेड़ों के नीचे न बांधें, जिससे आकाशीय बिजली से बचाव हो सके। यदि गरज-चमक के दौरान आप समूह में हों, तो एक-दूसरे से दूरी बनाए रखें, ताकि बिजली गिरने की स्थिति में जोखिम कम हो। जायद की पकी फसल की कटाई और गहाई समय पर कर लें।

### बिजली विभाग के खिलाफ किया प्रदर्शन

**मसवासी, अमृत विचार :** भूबरा मुस्तहकम के मजरा मिलक भूबरी में ट्रांसफार्मर फुंक जाने से ग्रामीणों को भीषण गर्मी में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गुस्साए ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी की।

मिलक भूबरी में 25 केवी का ट्रांसफार्मर बीते कई दिनों से फुंका पड़ा है। जिसे बदलने के लिए बिजली विभाग ने सुध नहीं ली। गुरुवार को ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ हंगामा कर प्रदर्शन किया। आरोप लगाया कि बिजली विभाग के कर्मचारी ट्रांसफार्मर बदलने के लिए प्रयास नहीं कर रहे हैं। भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिला संयोजक शिशुपाल सिंह सागर ने अवर अभियंता को पत्र सौंपकर फुंका ट्रांसफार्मर बदलवाने की मांग की। प्रदर्शन करने वालों में राकेश कुमार प्रदीप सिंह, रामनिवास सागर, अजय सिंह, विपिन कुमार, महेश सिंह, जसवंत सिंह, धर्मेंद्र कुमार रहे।

जरीह का जुलूस

## हैदर अली खां उर्फ हमजा मियां ने दिया जरीह को कंधा

# लो हुसैनी काफिला घर से रवाना हो गया

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



जरीह के जुलूस में मातम करते अजादार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** लो हुसैनी काफिला घर से रवाना हो गया, दूर नाना से नवासे का ठिकाना हो गया। असलम महमूद और इफ्तेखार हुसैन के नोहे के साथ गुरुवार को मिस्टन गंज चौक से शाम 4 बजे जरीह का जुलूस बरामद हुआ। नवाबजादा हैदर अली खां उर्फ हमजा मियां ने जरीह को कांधा दिया।

जरीह का जुलूस राजद्वारा, गांधी समाधि, राहे रजा, राहे जुल्फिकार होते हुए देर शाम को इमामबाड़ा खासबाग पहुंचा। जरीह के जुलूस में हसीन मियां और मसरूर मियां ने यह नोहा पढ़ा सलवातो सलाम आप पे या फातिमा जहरा, हम आए हैं पुरसे के लिए फातिमा जहरा। जैनब की असीरी का यह आलम सरे दरबार, मोहताज हैं चादर के लिए फातिमा जहरा। इसके बाद अजादार मातम करते हुए जुलूस के साथ चलते रहे। जुलूस में सबसे आगे छोटे बच्चे अलम थामे हुए चल रहे थे, इसके बाद मातमी दस्ता मातम करते हुए चल रहा था। उसके पीछे जरीह थी जिसकी लोग जियारत कर रहे थे। जुलूस में मुज्तबा अली बेग, अब्बास, तस्लीम सहरी, मोहसिन रिजवी, अकबर रिजवी, आरिफ मियां, रिजवान, अब्बास हैदर, सैयद मोहम्मद अली जैदी, तकी अब्बास, बाबर जैदी, इश्शू मियां रहे। जुलूस के मिस्टनगंज से चलने पर रूट को डायवर्ट किया गया। हामिद गेट की ओर से आने वाले ट्रैफिक को दुर्गा स्ट्रीट से पास कराया। जबकि गांधी समाधि की ओर से आने वाले ट्रैफिक को जिला अस्पताल रोड से पास कराया। इमामबाड़ा कोठी खासबाग पहुंचने पर जुलूस की आगवानी पूर्व सांसद बेगम नूरबानो, बेगम शाह बानो ने की। इमामबाड़ा खासबाग में शुक्रवार से अशरा-ए-मजलिस को मौलाना फैज अब्बास मशहदी खिताब फरमाएंगे।

### मजलिसों का दौर आज से होगा शुरू

मोहर्रम का गम का महीना शुक्रवार से शुरू हो रहा है। ऐसे में शहर के इमामबाड़ों में सुबह से ही मजलिसों का दौर शुरू हो जाएगा। किला स्थित इमामबाड़े में सुबह 8 बजे मजलिस होगी, जबकि इससे पहले इमामबाड़ा मकबरा जनाब ए आलिया में सुबह 7 बजे मजलिस होगी। रात आठ बजे इमामबाड़ा खासबाग में मजलिस होगी। इससे पहले दोपहर दो बजे इमामबाड़ा किला से जरीह का जुलूस निकलेगा, जो रजा लाइब्रेरी स्थित इमामबाड़ा कदीम पहुंचेगा।

# सांसद नदवी ने किया सीएचसी का निरीक्षण

संवाददाता, बिलासपुर



जानकारी लेते सांसद। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। उन्होंने चिकित्साधिक्षक डॉ. अजीज हसन अंसारी के साथ इमरजेंसी, जनरल, महिला, एक्सरे, औषधि आदि वार्डों का निरीक्षण किया। इसके बाद वहां उपस्थित चिकित्सक, स्टाफ से जानकारी ली।

अस्पताल में भर्ती मरीज और उनके तीमारदारों से बातचीत करने के बाद व्यवस्थाओं को परखा। उन्होंने कहा कि बरसात का मौसम शुरू हो चुका है। ऐसे में व्यवस्थाओं का ध्यान रखें ताकि उन्हें किसी भी तरह की कोई परेशानी न हो। निरीक्षण के बाद उन्होंने अस्पताल स्टाफ की तारीफ की। उन्होंने कहा सीएचसी में अल्ट्रासाउंड, नेत्र चिकित्सक और ब्लेड बैंक आदि की व्यवस्था न होने के कारण मरीजों को प्राइवेट हॉस्पिटल या फिर शहर के बाहर जाना पड़ता हैं। इस दौरान उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगराध्यक्ष मोहम्मद अनस खां ने समर्थकों के साथ स्वास्थ्य संबंधी 7 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर चिकित्साधिकारी डॉ. माणिक अग्रवाल, डॉ. ओमपाल, डॉ. वीके शर्मा, मोहम्मद याकूब खां, मंसूर खां, अज्जू खां, नाजिर सलमानी, तुफैल खां, अतहर अली खां, औसाफ अली आशू, फरीद खां, संजीव यादव आदि मौजूद रहे।

### शुक्रवार से होंगी प्रयोगात्मक परीक्षाएं

**मिलक, अमृत विचार :** बिलासपुर मार्ग स्थित डॉ. राम बहादुर सिंह मेमोरियल डिग्री कालेज के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि बीए छठे सेमेस्टर के राजनीतिक शास्त्र विषय की बीए दूसरे सेमेस्टर, बीए चौथे सेमेस्टर और बीए छठे सेमेस्टर के अंग्रेजी विषय की प्रयोगात्मक परीक्षाएं शुक्रवार को सुबह 9:30 बजे से होगी। बीएससी दूसरे सेमेस्टर, बीएससी चौथे सेमेस्टर, बीएससी छठे सेमेस्टर और एमएससी दूसरे सेमेस्टर के वनस्पति विज्ञान विषय की प्रयोगात्मक परीक्षाएं शनिवार को सुबह 9 बजे कॉलेज में होगी। छात्र और छात्राएं प्रयोगात्मक परीक्षाओं से संबंधित सामग्री अपने साथ लेकर निर्धारित समय से आधा घंटा पहले कॉलेज परिसर पहुंचे।

**सार्वजनिक सूचना**

जिससे भी सम्बन्धित सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार आधार हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड जिसकी शाखा शौकत अली रोड, रामपुर (मुरादाबाद) निर्देश पर नोटिस दिया जाता है कि ऋणी वाहिद निवासी ग्राम दस्तामपुर तहसील आंवला जिला बरेली ने सम्पत्ति जिला रक्बा- 2.5570 हेक्टेय जिसकी गाटा सं.- 92 तथा जिल्द सं.- 8798 बही सं.- 1 प्रष्ठ नं.- 177 से 206 क्रमांक 5900 ग्राम दस्तामपुर तह. आंवला जिला बरेली में स्थित है. उस पर ऋण प्राप्त करने हेतू आवेदन किया है। उक्त ग्राहक ने सम्बन्धित वाहिद पुत्र श्री मकसूद खां ने अपने हिस्से कि सम्पत्ति पर लोन आवेदन किया है तथा उनके सम्बन्धी श्रीमति गफूरी बेगम पत्नी नसीर खा बसीर अहमद पुत्र नसीर खा शमशाद अली पुत्र सुकखन शौकत अली खा पुत्र सुलेमान खा श्रीमती अकबरी पत्नी मकसूद खा शकूरन पत्नी सरबर खा हसीना बानो पत्नी जाहिद ब अहमद रजा व हमीद रजा व मोहम्मद जाहिद व नरगिस हसन रजा जोया जाहिद व हनीफ खां पुत्र मकसूद खां है अगर किसी भी प्रकार की आपत्ति होती है तो मै वाहिद पुत्र मकसूद की पूर्ण जिम्मेदारी होगी तथा अगर किसी व्यक्ति को आपत्ति है तो वह 7 दिनों के अन्दर हमारे वकील से आ कर सम्पर्क करें।

**तरून कुमार सिंह (एडवोकेट)**
CH/R No & 30 first floor opp SP office
Adhiwakta Bhawan Distt. Rampur

## एक नजर

### रुपयों के विवाद में महिला से मारपीट, घायल

**रामपुर, अमृत विचार :** कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला मोरी गेट निवासी रीना का कहना है कि मैंने अपने देवर को कुछ रुपये उधार दिए थे। उसी को लेकर विवाद चला आ रहा था। 12 जून को देवर मोबीन, आसिन, रुबी, बसी मेरे घर आ गए थे। जब मैंने अपने देवर से पैसे मांगे, तो उसने गाली-गलौज कर दी थी। विरोध करने पर सभी लोगों ने मेरे साथ मारपीट करके घायल कर दिया। मोहल्ले के लोगों को आता देखकर आरोपी फरार हो गए थे। बाद में महिला को घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां तहरीर के आधार पर पुलिस ने चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### शाहबाद से दो सहेलियां हुईं लापता

**रामपुर/शाहबाद, अमृत विचार :** घर वालों को बिना बताए दो सहेलियां अचानक से लापता हो गईं। मामला शाहबाद थाना क्षेत्र के गांव से जुड़ा है। यहां की रहने वाली महिला का कहना है कि 24 जून को मेरी 12 वर्षीय बेटी और उसकी सहेली 11 वर्षीय अचानक से बिना बताए कहीं चली गई है। काफी तलाशने के बाद भी उनका पता नहीं चल सका। जिससे परिजनों में खलबली मच गई है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है।

### घर से बाहर गई किशोरी का अपहरण

**रामपुर, अमृत विचार :** शौच करने गई किशोरी का अपहरण हो गया। शाहबाद थाना क्षेत्र के गांव निवासी ग्रामीण का कहना है कि 24 जून को उसकी बेटी घर से बाहर गई थी। उसके बाद वह वापस नहीं आई। तलाश करने पर पता चला कि गांव के सुरेंद्र, शिव कुमार सहित कई लोग उसका अपहरण करके ले गए। किशोरी घर से कई तोले सोने के जेवर भी ले गई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर 3 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### ब्लड देकर जान बचाई

**रामपुर, अमृत विचार :** बिलासपुर निवासी महिला को डिलीवरी केस में रुद्रपुर में रक्त की आवश्यकता की थी। जिसकी सूचना युवा कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष अमन गर्ग को मिली। जिसमें उन्होंने तत्काल मामला अपने ग्रुप में साझा किया। उन्होंने समिति के रुद्रपुर जिला अध्यक्ष सुनील कुमार के माध्यम से गौरव पाल का रुद्रपुर चैरिटेबल ब्लड बैंक जाकर रक्तदान करवाया। जिसके लिए समिति उनका आभार व्यक्त करती है।

# कार सवार युवकों व महिला ने ठगे आठ लाख, दो गिरफ्तार

## कोतवाली में महिला सहित 7 पर दर्ज हुई रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- महिला ने पीड़ित को पिता की बीमारी का बहाना बनाकर रामपुर बुलाया था

**अमृत विचार :** कार सवार युवकों ने एक महिला के साथ मिलकर युवक से आठ लाख रुपये ठग लिए। युवक ने मामले की तहरीर कोतवाली थाने में दी, जिसके बाद पुलिस ने महिला सहित 7 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी दिलशाद और फरमान को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों के पास से 18 हजार रुपये और अंगूठी बरामद की है।

मुरादाबाद के थाना मूंढापांडे के गांव खबरिया भूड़ निवासी महफूज ने बताया है कि उसके फोन पर 4 जून को एक अनजान महिला का फोन आया था। महिला ने अपने पिता के बीमार होने के बारे में जानकारी दी और मिलने के लिए कहा। इसके बाद वो अगले दिन किसी काम से रामपुर आया था। जहां महिला ने युवक को कुछ परेशानी बताकर बापू माल के पास बुलाया। उसके बाद वो कार से बापू माल पर पहुंच गया। महिला ने अपने पिता की बीमारी बताई और उसकी कार में बैठ गई। इसके बाद महिला ने गांव लालपुर के पास उसे छोड़ने की बात कही।

पीड़ित ने बताया कि महिला ने रास्ते में साथ उसके साथ अश्लील हरकतें शुरू कर दी और कुछ दूरी पर पहुंचने के बाद एक सफेद रंग की कार को देखकर महिला ने कार को रुकवा दिया। दूसरी कार से फरमान, मोज्जम, अनजार, दिलशाद, गुलफाम, साजिद उतरे और उससे गाली-गलौज करने लगे। इसके बाद महिला ने छेड़छाड़ का आरोप लगाकर 20 लाख रुपये की मांग कर दी। मांग पूरी नहीं होने पर महिला से छेड़खानी करने में झूठी रिपोर्ट लिखवाने की धमकी दी। इस पर पीड़ित ने अपने दोस्तों से 7 लाख रुपये मंगाए और एक लाख रुपये अपने पास से आरोपियों को दे दिए। लेकिन पीड़ित ने किसी को इस मामले की जानकारी नहीं दी। पीड़ित का कहना है कि 23 जून को महिला ने उसके गांव आकर उसे बदनाम करने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया।

पीड़ित काफी परेशान हो जाने के बाद कोतवाली पहुंचा और वहां उसने पुलिस से शिकायत की। जिसके बाद पुलिस ने एक महिला सहित सात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की। कोतवाली पुलिस ने इस मामले में आरोपी दिलशाद और फरमान को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों के पास से 18 हजार रुपये और अंगूठी बरामद की। उसके बाद दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, वहां से न्यायालय के आदेश पर दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया।



हादसे के बाद मौके पर मौजूद भीड़। ● अमृत विचार

# कैंटर की टक्कर से जीजा की मौत, साला घायल

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** शाहबाद-ढकिया मार्ग पर कैंटर ने बाइक सवार को रौंद दिया। हादसे में बाइक सवार जीजा-साले घायल हो गए। दोनों को सीएचसी लाया गया। इस दौरान जीजा की मौत हो गई। साले को अस्पताल में भर्ती कराया है।



मृतक का फाइल फोटो।

कोतवाली क्षेत्र के गांव पैगम्बरपुर निवासी अरुण (22) ढकिया चौकी क्षेत्र के गांव मधुकर निवासी अपने तहेरे साले अनिकेत के साथ बाइक से शाहबाद आ रहा था। इस दौरान शाहबाद-ढकिया मार्ग पर कैंटर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों जख्मी हो गए। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां अरुण ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त बाइक।

## घोसीपुरा में बलवे में एक और आरोपी गिरफ्तार

**मसवासी, अमृत विचार :** पुलिस ने पट्टीकलां के गांव घोसीपुरा में बलवा करने में नामजद एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

पट्टी कला के गांव घोसीपुरा में कुछ माह पहले दो पक्षों में मारपीट और बलवा हुआ था जिसमें कई लोग घायल हुए थे। इस मामले में चौकी के उपनिरीक्षक मनोज कुमार मिश्रा की ओर से दोनों पक्षों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। इसमें कई लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। मसवासी पुलिस ने बुधवार शाम ने आरोपियों की तलाश में छापामार कार्रवाई की। पुलिस ने असगर पुत्र अफसर को गिरफ्तार कर लिया। उसे गुरुवार को न्यायालय में पेश किया। जहां से जेल भेज दिया गया है। चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि अन्य आरोपियों की तलाश में छापामार कार्रवाई की जा रही है, शीघ्र ही अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# निरीक्षण में बंद मिलीं खाद की दुकानें, लाइसेंस निलंबित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने संयुक्त कृषि निदेशक मुरादाबाद मंडल के साथ विकास खंड शाहबाद में विभिन्न उर्वरक विक्रय प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पटवाई क्षेत्र में कुछ दुकानें बंद मिली। जिसके बाद लाइसेंस निलंबित कर दिए गए।

निरीक्षण के दौरान पटवाई स्थित उस्मान पेस्टीसाइड्स, लोधी पेस्टिसाइड्स, सैफनी स्थित मेसर्स हिंदुस्तान बीज भंडार, सिंह एग्री सेंटर और बहपुरा स्थित एसकेवीएस के प्रतिष्ठानों पर रेट बोर्ड, स्टॉक पंजिका की सूचना गलत पाई गई। पीओएस मशीन से स्टॉक का मिलान सही पाया गया। इसके अतिरिक्त पटवाई स्थित मेसर्स किसान फर्टिलाइजर्स एडं पेस्टिसाइड्स, मैसर्स राजा एग्रो सेंटर, जौलपुर स्थित आईएफएफडीसी, बकैनिया स्थित मेसर्स राजपूत पेस्टिसाइड्स, श्री बाला जी एग्री जंक्शन और लक्ष्य एग्री जंक्शन, बकैनिया पर रेट बोर्ड, स्टॉक पंजिका, प्रतिष्ठान बन्द होने के कारण उनके उर्वरक लाइसेंस को निलंबित कर दिया। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि सभी साधन सहकारी समिति एवं थोक फुटकर उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि जनपद में उर्वरकों की कालाबाजारी, ओवर रेटिंग एवं उर्वरक के साथ अन्य उत्पादों की टैगिंग नहीं की जाए और उर्वरकों का रियल टाइम एक्नॉलेजमेन्ट सुनिश्चित किया जाए। यदि किसी भी उर्वरक विक्रेता द्वारा उर्वरक की कालाबाजारी, ओवर रेटिंग एवं उर्वरकों के साथ अन्य उत्पादों की टैगिंग की जाती है, तो उसके विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने किसानों से अपील की है कि अपनी आवश्यकता के अनुसार ही उर्वरक का क्रय करें एवं उर्वरक क्रय करते समय अपना आधार कार्ड एवं भूमि की खतौनी अनिवार्य रूप से उर्वरक विक्रेता को उपलब्ध कराएं। यदि किसी विक्रेता द्वारा उर्वरक का विक्रय निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर किया जाता है या उर्वरक के साथ कोई कम प्रचलित उत्पाद जबरन देता है तो किसान अपनी शिकायत मोबाइल पर पर दर्ज करा सकते हैं।



दुकानों का निरीक्षण करते अधिकारी।

- शाहबाद और पटवाई में हुई छापेमारी

### थोक उर्वरक विक्रेताओं के साथ की बैठक

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा की अध्यक्षता में जिले के थोक उर्वरक विक्रेताओं के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद में धान की रोपाई का कार्य प्रगति पर है, ऐसे में जनपद में उर्वरक की मांग बढ़ना स्वाभाविक है। जिलों में उर्वरकों की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता तय कर ली गई है। समस्त थोक उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया कि जनपद में उर्वरकों की कालाबाजारी, ओवर रेटिंग एवं उर्वरक के साथ अन्य उत्पादों की टैगिंग नहीं की जाए। उर्वरकों का रियल टाइम एक्नॉलेजमेन्ट सुनिश्चित किया जाये। फुटकर विक्रेताओं को उर्वरकों की आपूर्ति पीओएस मशीन से स्टॉक का मिलान करने के बाद ही की जाए।

# सीतापुर जेल में आजम खां से मिले पत्नी और पुत्र

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार :** सीतापुर कारागार में निरुद्ध सपा के वरिष्ठ नेता आजम खां से मिलने उनकी पत्नी और पुत्र पहुंचे। जेल के भीतर मुलाकात 35 मिनट तक चली। आजम खां की पत्नी डॉ. तंजीम फातिमा ने कहा कि कोठरी में बंद होने से ही हालत बिगड़ रही है।

गुरुवार सुबह आजम खां से मिलने उनकी पत्नी डॉ. तंजीम फातिमा, पुत्र अदीब और सपा नेता शावेज खान पहुंचे। मिलने से पहले निर्धारित प्रक्रिया को पूरा करते हुए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया। इसी के बाद सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में जेल में दाखिल हुए हैं। जेल से निकलकर डॉ. तंजीम ने कहा कि उनके पति को जेल में दिक्कत है, कोठरी में बंद कर रखा है। इतनी गर्मी पड़ रही है। जिस कारण वो अधिक बीमार हो गए हैं। कहा कि उन्हें किसी से भी कोई शिकायत नहीं है। जमानत के लिए प्रयास कर रहे हैं। अब अल्लाह से ही उम्मीद है। आजम खां से मिलने आया परिवार दवाओं के साथ दशहरी आम भी लाया। कुछ और भी जरूरी सामान था, जिसको लेकर पत्नी तंजीम फातिमा खुद थैला लिए हुए थीं।



कारागार में पति आजम खां से मिलने जातीं पत्नी डॉ. तंजीम फातिमा व बेटा।

## गोकशी के फरार आरोपी पर 10 हजार इनाम घोषित

**रामपुर, अमृत विचार :** शहजादे की बेटी की शादी में ग्राम पंचायत बैरमनगर इटंगा के मौजूदा प्रधान नसीब खां पुत्र उस्मान खां द्वारा शादी समारोह में गांव में घूमने वाली गाय का वध कराकर उसका मीट शादी में बनवाया था। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने 10 हजार का इनाम घोषित किया है।

बाद में काली गाय के अवशेष कुल्ली नदी के किनारे मिलने पर थाना खजुरिया पर नसीब खां, कदीर, मोहसिन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई थी। विवेचना के क्रम में थाना खजुरिया पुलिस द्वारा 6 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी नसीब लगातार फरार चल रहा है। जिसके दृष्टिगत एसपी के आदेश पर आरोपी नसीब खां की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए 10,000 का इनाम घोषित किया गया।

# मारपीट से परेशान हो पति की शराब में मिलाई नींद की गोलियां, मौत

संवाददाता, बिलासपुर

- बिलासपुर का मामला, आरोपी पत्नी को पुलिस ने किया गिरफ्तार
- मृतक के भाई ने भाभी पर लगाया था हत्या का आरोप

**अमृत विचार :** पति की रोजाना मारपीट से बचने के लिए पत्नी ने उसकी शराब में नींद की गोलियां मिला दीं, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई की शिकायत पर पुलिस ने महिला पर कार्रवाई की है। मामले में पुलिस ने आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया है।

सर्किल क्षेत्र के खजुरिया थाने के गांव धावनी बुजुर्ग के मझरे कंचनपुर निवासी पेशे से मजदूर देवकी नंदन की 21 जून की रात सोते हुए किसी समय मौत हो गई थी। अगले दिन की सुबह इसका पता चला था। पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मृतक के भाई गंगाराम ने अपनी भाभी विमलेश पर हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। गुरुवार को खजुरिया थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि मृतक की आरोपी पत्नी को उसकी ससुराल से गिरफ्तार कर लिया गया है। उसकी निशानदेही पर उसी के बेडरूम में बिस्तर की दराज से नींद की गोलियों के रूप में अल्प्राजोलम की टेबलेट की स्ट्रिप बरामद की है।

थानाध्यक्ष के अनुसार आरोपी महिला ने पूछताछ में बताया कि उसकी शादी को लगभग 6 वर्ष हो चुके हैं और करीब ढाई साल साल का एक बेटा भी है। उसका पति शराब पीकर अक्सर उसके साथ मारपीट करता था, जिससे वह तंग आ चुकी थी। 10 दिन पहले उसने अपने पति से ही किसी बहाने से नींद की गोलियां मंगवा कर रख ली थीं। बीती 21 जून की शाम उसका पति मजदूरी करके घर लौटा और साथ में बाजार से चिकन व शराब लेकर आया था। उसने चुपके से पति की शराब की बोतल में नींद की 4 गोलियां मिला दीं। उसका इरादा पति की मारपीट से बचना व उसे सुलाना था, लेकिन रात में किसी समय उसकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि पूछताछ के बाद थाने में दर्ज गैर-इरादतन हत्या के मामले में आरोपी महिला का चालान कर उसे न्यायालय में प्रस्तुत करने के लिए भेजा गया है।

**अनदेखी** जिले में 318 पीआरडी जवान कर रहे ड्यूटी, 2019 के बाद से नहीं निकली भर्ती

# 500 रुपये में ड्यूटी कर रहे पीआरडी जवान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिले में 318 पीआरडी जवान ड्यूटी कर रहे हैं। ट्रैफिक संभालने की जिम्मेदारी पीआरडी जवानों के कंधों पर है। हाईवे, सिविल लाइंस थाने के सामने और आंबेडकर पार्क के सामने सवारी-चढ़ाने और उतारने को रुक बसों को आगे बढ़ने का सिग्नल देते रहते हैं। इसके बदले उन्हें ड्यूटी के महज 500 रुपये मिलते हैं।

वर्ष 2019 में भर्ती निकली थी और जिले से केवल 5 जवान भर्ती हुए थे। इसके बाद से जवानों की भर्ती नहीं निकली है। जिला युवा कल्याण अधिकारी बताते हैं कि वर्ष 1962 में चीन से हुए युद्ध में पीआरडी के जवान मोर्चा संभालने गए थे। बताया कि वर्ष 1948 से पीआरडी अस्तित्व में आए लेकिन, तब से अब तक पीआरडी जवानों की बदहाली दूर नहीं हुई। अब उन्हें प्रति ड्यूटी 500 रुपये मिलते हैं। प्रांतीय रक्षक दल (पीआरडी) जवानों की दिक्कतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। जबकि पीआरडी जवान होमगार्ड के साथ विभागीय और गैर विभागीय ड्यूटी करते हैं। थाना ड्यूटी, ट्रैफिक, महिला थाना और शहर के चौराहों पर पीआरडी जवान पूरे दिन पसीना बहाते हैं लेकिन, उन्हें पूरी ड्यूटी के 395 रुपये मिलते थे जोकि अब बढ़कर 500 रुपये मिलते हैं। जिला युवा कल्याण अधिकारी जय सिंह बताते हैं कि वर्ष 1947 में सुभाष चंद्र बोस की सेना से पीआरडी का गठन हुआ। इसके बाद पीआरडी के जवान 1962 में चीन से हुए युद्ध में हिस्सा लेने पहुंचे थे।

बताया कि पीआरडी जवान की भर्ती 18 से 35 वर्ष की आयु में होती है। लेकिन, सरकार ने वर्ष 2019 से भर्ती ही नहीं निकाली है उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 में महज पांच जवानों की भर्ती हुई थी। विभाग द्वारा पीआरडी जवानों को वर्दी आदि भी मुहैया कराई जाती है।



यातायात व्यवस्था संभालते पीआरडी जवान।

> पीआरडी जवानों की पिछले पांच वर्ष से भर्ती नहीं हुआ है। पीआरडी जवानों को प्रति ड्यूटी 500 रुपये भुगतान किया जाता है फिलहाल जिले में 318 पीआरडी जवान हैं जिसमें 212 जवान विभागीय ड्यूटी को अंजाम दे रहे हैं।
>
> **-विशाल कुमार,** जिला युवा कल्याण अधिकारी

### 1982 में युवा कल्याण विभाग से जोड़े गए जवान

जिला युवा कल्याण अधिकारी बताते हैं कि वर्ष 1982 में युवा कल्याण विभाग अस्तित्व में आया और पीआरडी जवान इस विभाग के लिए काम करने लगे। बताते हैं कि पीआरडी जवानों को गैर विभागीय ड्यूटी करने पर उन विभागों द्वारा भुगतान किया जाता है। पीआरडी जवान औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, मंडी समिति सदर, मंडी समिति टांडा, मंडी समिति शाहबाद, मंडी समिति बिलासपुर, राजकीय पॉलिटेक्निक, महिला छात्रावास में भी ड्यूटी को अंजाम देते हैं और इसका भुगतान इन विभागों द्वारा भुगतान किया जाता है। जबकि, थानों और महिला थानों में ड्यूटी करने पर मस्टरोल के मुताबिक विभाग द्वारा पीआरडी जवानों का भुगतान किया जाता है।

# जल्द पूरा होगा भाखड़ा डैम के वेयर गेट लगाने का कार्य

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** नगर के भाखड़ा डैम पर वेयर गेट लगाने का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। अन्य कार्य पूर्ण होने के बाद जल्द सभी गेटों को चालू कर दिया जाएगा।

नगर के भाखड़ा डैम पर प्रदेश में पहले ऑटोमेटिक वेयर गेट लगाए जा रहे हैं। यह गेट पानी के दबाव और सेंसर के माध्यम से स्वयं चलेंगे तथा डैम में पानी की कमी नहीं होने देंगे। इन गेटों को लगाए जाने का मुख्य मकसद क्षेत्र की फसलों की सिंचाई करना है। अंग्रेजों के जमाने में बनाया गए नगर के भाखड़ा डैम से 12 नहरें सिंचाई के लिए निकल रही हैं। इन नहरों से 88 गांव के किसान जुड़े हुए हैं और अपनी अपनी फसलों की सिंचाई करते हैं। लेकिन, किसानों को रबी और खरीफ सीजन में फसलों की सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता है। किसानों को भरपूर पानी मुहैया कराने के लिए नहर विभाग ने पूर्व में डैम पर ऑटोमेटिक गेट की योजना शासन को भेजी थी।

इस पर उपखंड अधिकारी नंदलाल आर्य का कहना है कि बारिश की वजह से कार्य में थोड़ी बाधा उत्पन्न हुई थी। बारिश के दिनों में नदी के बहाव के पानी को रोकना सबसे बड़ी चुनौती हो जाती है। वेयर गेट लगा दिए गए हैं तथा छोटे मोटे कार्यों को पूर्ण कर वेयर गेट को चालू कर दिया जाएगा। ये कार्य एक जुलाई तक पूर्ण कर लिया जाएगा।



भाखड़ा डैम का फाइल फोटो।

## सार संक्षेप



### राज्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**रामपुर, अमृत विचार :** अखिल भारतीय अनुसूचित जाति तथा शोषित वर्ग उत्थान समिति के केंद्रीय कोषाध्यक्ष जसराज सिंह सागर ने रामपुर पहुंचे होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा स्वतंत्र प्रभार मंत्री धर्मवीर प्रजापति को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति ( अत्याचार निवारण ) नियम 1995 के तहत प्रदेश के प्रत्येक जनपद में सतर्कता और मॉनिटरी समिति का गठन कराने की मांग की।

### सड़क हादसे में युवक घायल

**पटवाई, अमृत विचार :** पटवाई थाना क्षेत्र के गांव मथुरा कलां निवासी मोर सिंह बुधवार शाम का 7 बजे पटवाई से अपने घर मथुरापुर कलां लौट रहा था। गांव के सामने दूसरी मोटरसाइकिल सवार युवक ने उसकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। जिसके बाद मोर सिंह घायल हो गया। टक्कर मारने के बाद आरोपी चालक अपनी मोटरसाइकिल छोड़कर खेत के रास्ते जंगल में भाग गया। हादसे के बाद गांव के लोगों ने घायल को तुरंत प्राथमिक उपचार दिया और मदद पहुंचाई। टक्कर होने से मोर सिंह की मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई है। घायल के पिता श्यामलाल ने पटवाई थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।




### रोगियों को दिलाई नशा न करने की शपथ

**शाहबाद, अमृत विचार :** गुरुवार को रत्न ग्राम्य विकास समिति द्वारा संचालित आरआरएस नशा मुक्ति एवं पुनर्जीवित केंद्र में मादक पदार्थ विरोधी दिवस का आयोजन हुआ। संस्था के अध्यक्ष हरज्ञान सिंह ने नशे से पीड़ित लोगों को नशे से होने वाली हानियों के बारे में बताया। चिकित्सक मोहम्मद सालिम ने नशा विरोधी विचार व्यक्त करते हुए कहा कि नशे की आदत दर्दनाक व शर्मनाक है। इस दौरान नशे से पीड़ित लोगों को नशा न करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर सुनील कुमार, निधि, राशिद, बनवारी लाल, बृजबासी, विमल, उमानंद आदि रहे।

### पेड़ के रुपये मांगने पर महिला से मारपीट

**पटवाई, अमृत विचार :** पटवाई थाना क्षेत्र के ग्राम ढोलसर मतवाली की महिला ने अपने ही गांव के चार लोगों पर पेड़ के रुपये मांगने पर गाली-गलौज और मारपीट का आरोप लगाया है। कमलेश ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसने अपने खेत में लगे 35 पेड़ गांव के ही 4 लोगों को बेचे थे। पीड़िता का आरोप है कि इन लोगों ने तय संख्या से अधिक पेड़ काट लिए। जब कमलेश ने इस बात का विरोध किया। अपने बकाया पैसे मांगे, तो आरोपियों ने पैसे देने से इनकार कर दिया। इतना ही नहीं उन्होंने महिला के साथ गाली-गलौज की और मारपीट करने पर उतारू हो गए। घटना के बाद पीड़िता कमलेश पटवाई थाने पहुंची और पुलिस को पूरी घटना बताते हुए न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।



### भाजपा नगर मंडल कार्यकारिणी का स्वागत

**शाहबाद, अमृत विचार :** गुरुवार को शाहबाद के सेवन सीज होटल में भाजपा के नगर मंडल शाहबाद की मंडल कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का स्वागत किया। इसमें मुख्य अतिथि पूर्व विधायक काशीराम दिवाकर ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि मंडल कार्यकारिणी को मिलकर आने वाले पंचायत एवं विधानसभा चुनाव में भाजपा को जिताना है। वहीं भाजपा वरिष्ठ नेता सुरेश बाबू गुप्ता ने सभी मंडल पदाधिकारी को मार्गदर्शित करते हुए कहा कि प्रत्येक परिस्थिति में सभी कार्यकर्ता मिलकर काम करेंगे। जिले में व प्रदेश में इस मंडल को शीर्ष पर ले जाने का काम करें। इस दौरान मंडल टीम का स्वागत किया। कार्यक्रम में ईश्वरीय ब्रह्मकुमारी परिवार से प्रीती दीदी, भाजपा नगर मंडल मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह, विमल जोशी, हर प्रसाद लोधी, अभिलाष शर्मा, भगवान स्वरूप सैनी, गायत्री देवी, गंगा सहाय, मनीष शर्मा, अनु रावत, वेद प्रकाश चंद्रवंशी, सुनील ठाकुर, रेनू श्रीवास्तव, संजीव ठाकुर, संजीव पांडे, भागीरथ बरनवाल, पूर्व सभासद प्रेमलता रहे।

### अनियंत्रित ई-रिक्शा पलटने से मजदूर घायल

**बिलासपुर, अमृत विचार :** ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर हाईवे पर पलटने से मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे निजी उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया है। सीएचसी में भर्ती घायल केमरी थाना क्षेत्र के पिपनिया रास डंडिया गांव निवासी संदीप के परिजनों ने बताया कि युवक गुरुवार सुबह मजदूरी के लिए ई-रिक्शा से उत्तराखंड सीमा की तरफ जा रहा था। तभी हाईवे पर ढाबे के सामने रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें आगे की तरफ बैठा संदीप दब गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसको सीएचसी भिजवाया गया। जहां से चिकित्सकों ने उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

### गुम हुईं दो बच्चियों को परिजनों से मिलाया

**रामपुर, अमृत विचार :** थाना खजुरिया की महिला एंटी रोमियो टीम में तैनात महिला आरक्षी गंगा देवी, अमृता भूषण ग्राम खजुरिया खुर्द में भ्रमण कर रही थी। इसी दौरान खजुरिया खुर्द चौराहे पर दो बच्चियां घूमती मिलीं। थाना परिसर में उनसे नाम पूछे तो बड़ी बच्ची ने अपना नाम रागिनी जिसकी उम्र 9 वर्ष व छोटी बच्ची का नाम गुलवीर जिसकी उम्र करीब 4 वर्ष है। माता पिता के नाम के बारे में बच्चियों से जानकारी की, तो बच्चियों ने अपना गांव खाता बताया। जिस पर तुरन्त गांव खाता की चयनित आशा से फोन द्वारा सम्पर्क कर एवं गांव के अन्य लोगों से जानकारी कर बच्चियों के माता पिता का पता लगाया, तो बच्चियों के पिता का नाम सत्यप्रकाश पुत्र महेन्द्रपाल सिंह व माता का नाम प्रीति पत्नी सत्य प्रकाश निवासी ग्राम खाता थाना खजुरिया का होना पाया। जिस पर माता पिता को तुरन्त थाने पर बुलवाया गया। दोनों बच्चियों को सकुशल उनके माता पिता के सुपुर्द किया।

### 67 हजार रुपये की रंगीन कचरी जब्त की

**रामपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी के निर्देश पर गुरुवार को खाद्य विभाग के सहायक आयुक्त सुनील कुमार शर्मा की टीम ने विशेष छापामार अभियान में 67 हजार की कचरी जब्त की। किला स्थित राजू के जूस प्रतिष्ठान से अनार दाना और अनार जूस का 1-1 नमूना लिया। इंडस्ट्रियल एरिया अजीतपुर में स्थित राजीव कुमार की कचरी निर्माणशाला से रंगीन कचरी और खाद्य रंग का 1-1 नमूना लिया। 84 बोरी कुल 1680 किग्रा. रंगीन कचरी को सीज कर खाद्य कारोबारकर्ता की अभिरक्षा में सौंपा। जिसकी कीमत 67,200 है। बिलासपुर स्थित गौतम कुमार के यहां से यूज्ड कुकिंग ऑयल का नमूना लिया। कुल 4 नमूने व 1 नमूना संग्रहित करके जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे। सचल दल में वीरेंद्र सिंह कुशवाहा, रामचंद्र यादव, मनोज कुमार, राहुल शुक्ला रहे।

## एक नजर

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार ग्रामीण की मौत

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से ग्रामीण की मौत हो गई। चंदौसी मार्ग पर स्थित गांव सैफ खां सराय निवासी अनीस अहमद (40) पुत्र अजीमउर्रहमान बुधवार को रिश्तेदारी में पंचायत के लिए सिरसी गया था। वहां से देर रात बाइक से लौट रहा था। संभल-मुरादाबाद मार्ग पर वाजिदपुरम के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर घायल अनीस अहमद को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, यहां मौत हो गई। परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### गड्ढे में फंसा वाहन, सड़क दुरुस्त कराने की मांग

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** असमोली-लोधीपुर मार्ग किनारे बसे टांडा कोठी गांव में पानी की निकासी न होने से मार्ग में गहरे गड्ढे बन गए। गुरुवार को गड्ढे में एक वाहन फंस गया। ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग से इस मार्ग को दुरुस्त कराने की मांग उठाई। बुधवार को ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अली वारिस ने सड़क किनारे बंद कच्चे नाले को साफ कराया। गुरुवार को गड्ढों को ईंट भट्ठे के मलबे से भरवाने का काम किया ताकि वाहनों का आवागमन हो सके।

### महिला से पति और देवर ने की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के गांव शाहपुर सोत निवासी नेहा देवी ने थाना पुलिस को तहरीर दी कि गुरुवार को सुबह छह बजे वह घर का काम रही थी। आरोप है कि पति जितेंद्र, देवर गौतम और राजा ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट की गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### खनन में लगे तीन डंपर और जेसीबी पकड़ी

**संभल/कैला देवी, अमृत विचार :** करनपुर कायस्थ गांव के जंगल में बड़े पैमाने पर मिट्टी का अवैध खनन चल रहा था। जहां जेसीबी तथा डंपरों के जरिये अवैध खनन किया जा रहा था। सूचना पर खनन अधिकारी शिवम कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने मिट्टी लदे तीन डंपर और जेसीबी को कब्जे में ले लिया। यह वाहन सौंधन पुलिस चौकी के सुपुर्द कर दिए।

# जनपद में निकलेंगे 343 ताजिये, होगी कड़ी निगरानी

## जिले में 15 जोन व 5 सुपर जोन बनाए जाएंगे, डीएम और एसपी ने देखा कांवड़ यात्रा और ताजिया मार्ग

कार्यालय संवाददाता, संभल



पुलिस बल व अफसरों के साथ पैदल भ्रमण करते डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया और एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** संभल में कांवड़ यात्रा, मोहर्रम और अलम के जुलूस को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया है। कांवड़ यात्रा व मोहर्रम के लिए सेक्टर के साथ ही 15 जोन व 5 सुपर जोन बनाकर सघन निगरानी की व्यवस्था की जायेगी। गुरुवार को डीएम और एसपी ने अधीनस्थ अधिकारियों, पुलिस और आरआरएफ जवानों के साथ कांवड़ यात्रा और जुलूस मार्ग पर पैदल भ्रमण कर सुरक्षा इंतजाम देखे। आला अधिकारियों ने कई बिंदुओं को लेकर निर्देश दिए।

गुरुवार को शाम चौधरी सराय चौराहा से डीएम डॉ.राजेंद्र पैंसिया, एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई की अगुवाई में पैदल मार्च शुरू हुआ। पैदल मार्च मुख्य मार्ग से होकर हल्लू सराय, बरेली सराय, शंकर कॉलेज चौराहा, अस्पताल चौराहा, बाल विद्या मंदिर स्कूल, आर्य समाज रोड, बल्ले की पुलिया, दीपा सराय चौक से नखासा चौराहा होते हुए हुसैनी मार्ग पर हुआ। डीएम और एसपी ने कांवड़ यात्रा के अलावा मोहर्रम पर निकलने वाले ताजिये और अलम के जुलूस के मार्ग को देखा। सुरक्षा के प्रबंध का जायजा लेते हुए अधीनस्थों से जानकारी हासिल की और जरूरी निर्देश दिए।

डीएम डॉ.राजेंद्र पैंसिया ने कहा कि त्योहारों पर शांति व्यवस्था के लिए अब तक शांति समिति 33 बैठक की गई हैं। जनपद में सेक्टर स्कीम लागू की है। जिसमें सेक्टर के अलावा 15 जोन और 5 सुपर जोन हैं। 343 स्थानों पर ताजियों को दफनाया जाना है। तीन कांवड़ यात्रा के प्रमुख मार्ग हैं। जिले में छह जगहों से कांवड़ यात्रा प्रवेश करती है। यहां के कांवड़ मार्गों की पेट्रोलिंग की जा रही है। लोगों से सहयोग लिया गया है। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने कहा कि जिले में शासन के दिशा निर्देशों की जानकारी प्रत्येक व्यक्ति को हो। इसके साथ खुद भ्रमण कर रहे हैं। मोहर्रम और कांवड़ यात्रा को लेकर रूट को रिव्यू किया जा रहा है। सबसे महत्वपूर्ण है कि मोहर्रम पर ताजिये की लंबाई 12 फिट से अधिक न हो।

● **एसपी बोले-डीजे की 10 फीट और ताजिये की 12 फिट से अधिक नहीं होनी चाहिए ऊंचाई**

### नहीं होगा हथियारों का प्रदर्शन,तय मार्ग से निकलेगा ताजिया

पीस कमेटी की बैठक में बता दिया गया है। किसी प्रकार के कोई हथियार को डिसप्ले नहीं किया जाएगा। पारंपरिक रूट के अलावा कोई दूसरा रूट धारण करेगा तो उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। कांवड़ियों को लेकर गांव-गांव में जत्थेदारों से बातचीत करके बता दिया है कि लिमिट से ज्यादा डेसिबल में डीजे यूज नहीं करेंगे। डीजे की लंबाई 10 फिट से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। इस दौरान एएसपी राजेश कुमार श्रीवास्तव, आईपीएस सीओ आलोक भाटी, सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, एसडीएम विकास चंद्र, तहसीलदार धीरेंद्र कुमार सिंह के अलावा पुलिस और आरआरएफ के जवान रहे।

# रेलवे स्टेशन से दबोचा 15 हजार का इनामी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



जानकारी देते सीओ अनुज चौधरी, पीछे खड़ा हत्यारोपी अरविंद।

**अमृत विचार:** कोतवाली पुलिस ने रेलवे स्टेशन से 10 वर्ष से वांछित चल रहे 15 हजार के इनामी हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया।

थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव डारनी निवासी राजेश कुमार ने 8 अक्टूबर 2015 को अनुज कुमार, अरविंद व सुरेश चंद्र पर अपने भतीजे नरेंद्र पुत्र बनवारी की हत्या करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अरविंद तभी से फरार था। 2024 में पुलिस अधीक्षक ने आरोपी की गिरफ्तारी पर 15 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया। गुरुवार की दोपहर कोतवाली पुलिस ने आरोपी अरविंद निवासी महानंदन पुरम को रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया। क्षेत्राधिकारी अनुज चौधरी को आरोपी ने बताया गया कि गिरफ्तारी के डर से फरार हो गया था और मेहनत मजदूरी कर रहा था। कभी-कभी अपने परिचितों से मिलने आता रहता था। गुरुवार को दिल्ली जाने के लिए रेलवे स्टेशन पहुंचा तो पुलिस ने दबोच लिया।

● **आरोपी पर हत्या की 10 वर्ष पहले दर्ज कराई गई थी रिपोर्ट**

# गला हुआ बिजली का पोल निकालते समय हादसा, मजदूर घायल

**चन्दौसी, अमृत विचार:** गले विद्युत पोल को हाईड्रा से हटाने के दौरान मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

जनपद बरेली के गांव रामनगर निवासी प्रेमपाल पुत्र रामविलास विद्युत विभाग के ठेकेदार के अधीन काम करता है। गुरुवार की शाम मजदूर कोतवाली क्षेत्र के गुमथल चौराहा पर गले हुए पोल हटा रहे थे। पोल को हाईड्रा ने हटाने का प्रयास किया। नीचे से पोल प्रेमपाल ने पकड़ा था। एकाएक पोल टूट गया और पोल के साथ प्रेमपाल भी ऊपर लटक गया। पोल हाथ से छूटने पर वह जमीन पर गिरकर गंभीर घायल हो गया। साथी मजूदरों ने प्रेमपाल को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने मजदूर को हायर रेफर कर दिया। घटना की सूचना मजदूर के परिजनों दे दी गई है।

# उपभोक्ता आयोग से बिल्डर का गैर जमानती वारंट जारी

संवाददाता,बहजोई

**अमृत विचार:** बिल्डर द्वारा रुपए लेने के बावजूद भूखंड का बैनामा नहीं करने पर उपभोक्ता आयोग ने गैर जमानती वारंट जारी किया है। एसएसपी मुरादाबाद को वारंट भेज कर बिल्डर की गिरफ्तारी 3 जुलाई तक किए जाने के साथ ही आयोग में पेश करने के निर्देश दिए हैं।

चंदौसी निवासी उमेश कुमार सैनी ने मुरादाबाद के बिल्डर से वर्ष 2016 में एक 70 गज का भू खण्ड दो लाख रुपए में क्रय किया। भू खण्ड के बैनामा की बात की तो बिल्डर ने उनसे 70 हजार रुपए और जमा कराए फिर भी भूखंड का बैनामा नहीं किया। उमेश ने अधिवक्ता लव मोहन वार्ष्णेय से एक परिवाद जिला उपभोक्ता आयोग संभल में योजित कराया। आयोग ने बिल्डर को अपना पक्ष रखने के लिए बुलाया। परन्तु उनकी ओर से कोई उपस्थित नहीं हुआ। आयोग ने विपक्षी को आदेश दिया कि वादी की जमा धनराशि 2 लाख 70 हजार मय 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दो माह में अदा करें। बिल्डर द्वारा आदेश का अनुपालन न करने पर आयोग में अधिवक्ता लव मोहन वार्ष्णेय ने आदेश का समय से अनुपालन न करने की शिकायत दर्ज कराई गई। तब आयोग ने बिल्डर को तलब कर आदेश का अनुपालन न करने का कारण जानने के लिए तलब किया। परन्तु कोई उपस्थित नहीं हुआ। इस पर आयोग द्वारा कंपनी के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किए हैं।

● **70 गज भूखंड के रुपए लेने के बावजूद बैनामा नहीं कराया**

# बोन मिलों में रॉ मैटेरियल दूसरे दिन भी जमीन में दबाया

कार्यालय संवाददाता, संभल



बोन मिल में मौजूद टीम।

**अमृत विचार :** संभल में सिटी मजिस्ट्रेट के आदेश पर दो बोन मिलों में रॉ मैटेरियल को डिस्पोजल कराने का कार्य गुरुवार को भी जारी रहा।

तहसील क्षेत्र के गांव चिमियावली में कोहिनूर बोन मिल और मुरादाबाद मार्ग पर स्थित हिंदुस्तान बोन मिल द्वारा प्रदूषण फैलाने के मामले में सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने दोनों बोन मिलों के बंदी और रॉ मैटेरियल को डिस्पोजल कराने के आदेश जारी किए। बुधवार को कई विभागों की टीमों ने कोहिनूर बोन मिल में रॉ मैटेरियल डिस्पोजल कराया था। गुरुवार को भी यही कार्य किया गया। नायब तहसीलदार बबलू कुमार, स्वास्थ्य विभाग से डॉ.नीरज शर्मा, फार्मासिस्ट मनोज गोस्वामी, वार्ड ब्वाय पंकज कुमार, कानूनगो, लेखपाल, पुलिस और नगर पालिका की टीम गुरुवार को सुबह करीब 10 बजे बुलडोजर लेकर कोहिनूर बोन मिल पहुंची। जहां बचे हुए रॉ मैटेरियल को 10 फिट गड्ढा खुदवाकर डिस्पोजल कराया गया। यहां के बाद टीम हिंदुस्तान बोन मिल में कार्रवाई के लिए पहुंची। यहां भी रॉ मैटेरियल को दबा दिया गया।

● **सिटी मजिस्ट्रेट ने दो बोन मिलों को बंद करने का आदेश दिया था**

# वीजा के नाम पर 2.50 लाख की ठगी, रिपोर्ट दर्ज

**संभल/ओबरी,अमृत विचार :** गांव शहबाजपुर कला निवासी चंचल ने बताया कि अमरोहा के थाना सैदनगली के कस्बा उझारी के महल वाला मोहल्ला निवासी शारिक पुत्र तौकीर अहमद ने वीजा बनवाने को ढाई लाख रुपये 20 अगस्त 2023 को लिए थे। पता चला कि शारिक हसनपुर में चलाए जा रहे आफिस में फर्जी वीजा बनवाकर देता है। उसने रुपये मांगे लेकिन शारिक टालता रहा। सैदनगली थाने में तहरीर दी लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। एसपी अमरोहा तक मामला पहुंचा तो 1 लाख 80 हजार रुपये में फैसला करा दिया। शारिक ने 90-90 हजार रुपये के दो चेक दिए। एक चेक का भुगतान हो गया लेकिन दूसरे का नहीं हुआ। तब चंचल ने डीआईजी से गुहार लगाई। डीआईजी के आदेश पर असमोली पुलिस ने शाकिर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# मेले की भूमि पर चल रहा निर्माण रुका

संवाददाता,बहजोई




धरना देते श्री भगवंतपुर देवी मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** श्री भगवंतपुर देवी मंदिर के मेले की भूमि पर बंदन योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्य को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। डीएम के साथ दोनों पक्षों की मीटिंग के बाद निर्माण रुकवा दिया गया। वहीं निर्माण कार्य के विरोध में मंदिर ट्रस्ट ने अपना धरना दूसरे दिन भी जारी रखा। सरकारी आदेश जारी होने तक धरना जारी रखने का ऐलान किया।

बहजोई के श्री भगवंतपुर देवी मंदिर मेले की भूमि में नगर पालिका परिषद द्वारा वंदन योजना के तहत सत्संग भवन का निर्माण कराया जा रहा है। श्री भगवंतपुर देवी मंदिर ट्रस्ट विरोध कर रहा है। बुधवार को निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ तो विरोध में ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने धरना शुरू कर दिया।बृहस्पतिवार को फिर से डीएम ने नगर पालिका अध्यक्ष राजेश शंकर राजू, अधिशासी अधिकारी तथा ट्रस्ट के पदाधिकारी को बुलाकर वार्ता की। इसके बाद डीएम के आदेश पर निर्माण कार्य बंद हो गया। बताया जा रहा है कि अब मामला प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति के पाले में पहुंच गया है। प्रभारी मंत्री शुक्रवार को आएंगे इसके बाद कुछ फैसला हो पाएगा। मंदिर ट्रस्ट ने ऐलान किया कि जब तक निर्माण रोकने का सरकारी आदेश नहीं आ जाता धरना जारी रहेगा। वह मेले की भूमि पर नगर पालिका परिषद का अवैध कब्जा नहीं होने देंगे। अध्यक्ष अरुण गोस्वामी, मनोज बजाज, संजीव कुमार, कन्हैयालाल वार्ष्णेय, राजू शर्मा आदि मौजूद रहे।

● **श्री भगवंतपुर देवी मंदिर ट्रस्ट का धरना जारी**

# त्रुटियां सुधार सांसद बर्क से मांगा संशोधित नक्शा

कार्यालय संवाददाता, संभल

● **असिस्टेंट टाउन प्लानर से नक्शे को लेकर प्रस्तुत की तकनीकी आख्या, अंकित की त्रुटियां**

● **एसडीएम ने कहा-8 जुलाई से पहले त्रुटियां सुधार कर प्रस्तुत करें संशोधित नक्शा**



मानचित्र का अवलोकन करते एसडीएम नियत प्राधिकारी विकास चंद्र। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान बर्क द्वारा बिना नक्शे मकान निर्माण मामले में एसडीएम नियत प्राधिकारी ने अब सुनवाई के लिए 8 जुलाई की तिथि नियत की है। सांसद ने मकान का जो नक्शा प्रस्तुत किया था, उसकी तकनीकी आख्या असिस्टेंट टाउन प्लानर से एसडीएम नियत प्राधिकारी को प्राप्त हो चुकी है। सांसद को उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए नक्शे की त्रुटियों में सुधार करते हुए पुनः संशोधित नक्शा प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है।

मोहल्ला दीपा सराय में बिना नक्शे मकान निर्माण मामले में सांसद जियाउर्रहमान बर्क को तीन नोटिस जारी हो चुके हैं और 500 रुपये का जुर्माना भी लगा है। सांसद की ओर से मकान का नक्शा भी प्रस्तुत किया गया था। जिसे लेकर असिस्टेंट टाउन प्लानर मुरादाबाद से तकनीकी आख्या मांगी गई थी। इस मामले में गुरुवार को फिर से सुनवाई हुई। जिसमें सांसद और अन्य पक्षकार की ओर से अधिवक्ता उपस्थित हुए। एसडीएम नियत प्राधिकारी विकास चंद्र ने बताया कि मामले में सुनवाई की गई जिसमें सांसद और अन्य पक्षकार ममलूकुर्रहमान बर्क की ओर से अधिवक्ता उपस्थित हुए। तकनीकी आख्या भी असिस्टेंट टाउन प्लानर की ओर से प्राप्त हो गई है। जिसमें उनके द्वारा कुछ त्रुटियां अंकित की गई हैं।

सांसद की ओर से जो नक्शा प्रस्तुत किया गया था उसमें सुधार किया जाना है। उन्हें त्रुटियों का सुधार करने के लिए अंतिम अवसर दिया गया है। 8 जुलाई से पहले पुनः संशोधित नक्शा प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। संशोधित नक्शे का आंकलन कर लिया जाएगा। जिसके बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में अब 8 जुलाई की तिथि नियत की गई है।

# समस्याओं को लेकर न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे अधिवक्ता

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** संभल बार एसोसिएशन संभल की बैठक में न्यायालय तहसीलदार में धारा 67 संहिता की वाद पत्रावलियों में न्यायिक प्रक्रिया का पालन नहीं होने समेत कई समस्याओं को लेकर 27 और 28 जून को न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया गया।

संभल बार एसोसएशिन संभल के अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में हुई बैठक में वक्ताओं ने कहा कि राजस्व परिषद ने स्पष्ट गाइडलाइन जारी कर रखी है कि नामांतरण की गैर विवादित पत्रावलियों को अदम पैरवी एवं साक्ष्य के अभाव में निरस्त नहीं किया जाएगा जबकि तहसीलदार और सभी नायब तहसीलदार ऐसी पत्रावलियों को निरस्त कर रहे हैं। न्यायालयों से आख्या के लिए धारा 30, 24, 76, 134, 31/32 की प्राप्त पत्रावलियों में कई कई महीने तक कानूनगो, तहसीलदार स्तर से आख्या संबंधित न्यायालयों को प्रेषित नहीं की जाती है। आख्या के लिए वादकारियों का शोषण हो रहा है। नियमानुसार विरासत दर्ज नहीं की जा रही। अन्य समस्याओं के कारण भी दिक्कत हो रही है। कहा कि 27 और 28 जून को न्यायिक कार्य से विरत रहकर पीठासीन अधिकारियों से समस्याओं के समाधान की मांग की जाएगी। इस दौरान देवेंद्र पाल, शरद भारद्वाज, वसी हसन, विजय गुप्ता, फजल हक, मोहम्मद जावेद, गुरुदत्त गुप्ता, सुभाष त्यागी, शहरोज परवेज आदि रहे। संचालन डॉ.अमित कुमार उठवाल ने किया।

● **धारा 67 संहिता की वाद पत्रावलियों में न्यायिक प्रक्रिया का पालन नहीं हो रहा**

## सार-संक्षेप

### मेले में किसानों को दी योजना की जानकारी



**संभल, अमृत विचार :** संभल ब्लॉक सभागार में एक दिवसीय कृषि निवेश मेले में किसानों को खाद और बीज के बारे में जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग और पशुपालन विभाग ने भी योजनाओं की जानकारी दी। कहा कि अगर पशु बीमार हो जाए तो नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर इलाज शुरू कराएं। ब्लॉक परिसर में कृषि विभाग की ओर से स्टॉल लगाकर किसानों को जानकारी दी गई। मेले की अध्यक्षता बीडीओ प्रेमपाल सिंह ने की।

### खाद्य सामग्री लेकर जम्मू-कश्मीर रवाना हुआ ट्रक



**चन्दौसी, अमृत विचार :** शिव बर्फानी मानव सेवा समिति की ओर से हर वर्ष अमरनाथ यात्रा के दौरान शिव भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस बार भी समिति की ओर से 40 दिन 24 घंटे भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार की रात सीता रोड स्थित मूंछो वाले शिव मंदिर पर पूजा-अर्चना के बाद खाद्य सामग्री से भरा ट्रक जम्मू-कश्मीर रवाना किया गया। समिति पदाधिकारी कौशल किशोर वंदेमातरम ने बताया कि ट्रक के साथ 25 सेवादार भी रवाना हुए हैं। 1 जुलाई से भंडारा आरंभ कर दिया जाएगा। राजीव गुप्ता, कपिल गुप्ता, विक्की शर्मा, राजन वार्ष्णेय, लोकेश गुप्ता, दीपक गुप्ता, संजय किराना, मनोज कुमार, शलभ वार्ष्णेय, अंशुल गुप्ता, वीरेंद्र कुमार, गोपाल शरण आदि मौजूद रहे।

### बाइकों की टक्कर में दूसरे घायल की भी मौत



मृतक देवी सहाय।

**बबराला, अमृत विचार :** बाइकों की भिड़ंत में दूसरे घायल की भी अस्पताल में मौत हो गई।गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र में बबराला-चंदौसी मार्ग पर बुधवार सुबह बाइकों की भिड़ंत में घायल नगर के मोहल्ला शिवपुरी निवासी व्यवसायी अशोक कुमार के पुत्र राजुल वार्ष्णेय (26) की अलीगढ़ में उपचार के दौरान मौत हो गई थी। जबकि दूसरी बाइक पर सवार धनारी क्षेत्र के गांव जयरामनगर निवासी देवी सहाय उर्फ देवराज (41 वर्ष) पुत्र नन्हें और उसकी पत्नी घायल हुए थे। बुधवार दोपहर को देवराज की हालत बिगड़ने पर मुरादाबाद ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने अन्यत्र ले जाने का सुझाव दिया। रात को परिजन अलीगढ़ ले जा रहे थे रास्ते में देवी सहाय ने दम तोड़ दिया। उसकी पत्नी कृष्णा को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

### हैंडपंप से टकराई कार, बच्ची सहित 4 घायल



**चन्दौसी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के मंडी समिति में गुरुवार की दोपहर कार हैंडपंप से टकरा गई। हादसे में हैंडपंप पर पानी पी रहे बच्ची सहित 4 मजदूर चुटैल हो गए। मंडी सचिव ने समझौता करा दिया। गुरुवार की दोपहर मंडी समिति से एक युवक कार से जा रहा था। मंडी गेट पर कार अनियंत्रित होकर हैंडपंप से टकरा गई। हैंडपंप पर पानी पी रहे मजदूर ऋषिपाल, गोविंद, गायत्री व उसकी पुत्री रिमझिम चुटैल हो गए। हैडपंप का हत्था कार में घुस गया। व्यापारी व मजदूरों की भीड़ जमा हो गई। मंडी सचिव भी मौके पर पहुंच गए और दोनों पक्षों में समझौता करा दिया ( मजदूरों का हास्पिटल में उपचार कराकर घर भेज दिया।

### बच्चों को दिया नैतिक मूल्यों का प्रशिक्षण

**बहजोई,अमृत विचार :** भारत विकास परिषद मंगलम् द्वारा सिल्वर स्टोन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सात दिवसीय बाल संस्कार शिविर में विविध प्रेरणादायी व रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। बीएमबीएल जैन कॉलेज के निदेशक व मोटिवेशनल स्पीकर सम्भव जैन ने बच्चों को प्रेरणादायी कथाओं के माध्यम से जीवन के नैतिक मूल्यों, आत्मविकास और मोबाइल की लत से दूर रहने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर संवाद किया। उन्होंने बच्चों को बताया कि कैसे खेल-खेल में बिना संसाधनों के भी जीवन में आनंद पाया जा सकता है और सरलता से जीवन जिया जा सकता है। बच्चों को नृत्य के विशेष टिप्स दिए गए। प्रधानाचार्य संदीप शर्मा, साधना गुप्ता, भारत विकास परिषद अध्यक्ष दिवाकर गुप्ता, प्रांतीय कोषाध्यक्ष राहुल वार्ष्णेय , प्रांतीय संगठन मंत्री लव कुमार आर्य, कोषाध्यक्ष विनीत गुप्ता, जूडो कोच एकांश गुप्ता, गोविंद वशिष्ठ सुनील रस्तोगी, राजीव कुमार आदि ने सहयोग किया।

### उर्मिला शर्मा अध्यक्ष व रानी शर्मा सचिव बनीं




**चन्दौसी, अमृत विचार :** ब्राह्मण महिला सभा की बैठक मयूर विहार में की। उर्मिला शर्मा को नगर कार्यकारिणी का अध्यक्ष व रानी शर्मा को सचिव,मीरा दुबे को कोषाध्यक्ष बनाया। सीमा शर्मा उपाध्यक्ष आंतरिक, रेनू शर्मा बाह्य उपाध्यक्ष, आशा गोस्वामी मीडिया प्रभारी, शिप्रा शर्मा सह-सचिव, नीलम राय, साधना पाठक, सुनीता शर्मा आदि कार्यकारणी सदस्य बनाए गए। आशा गोस्वामी को भाजपा नगर मंत्री चुने जाने पर सम्मानित किया गया। हामंत्री रंजना शर्मा ने बताया कि ब्राह्मण महिला सभा 8 वर्षो से निरंतर समाज सेवा का कार्य कर रही है। पूर्व अध्यक्ष शालिनी शर्मा, विमलेश शर्मा, मीरा शर्मा आदि उपस्थित रही।

### किसान के जीवित रहते करा दी विरासत दर्ज



**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़, अमृत विचार :** किसान को मृत घोषित दर्शाकर विरासत दर्ज कर दी गई। पीड़ित ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। तहसील क्षेत्र के गांव मुमरेजपुर सुल्तानपुर निवासी नौनी सिंह पुत्र इंदल सिंह ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजा कि उनकी भूमि जनपद मुरादाबाद की तहसील बिलारी क्षेत्र के गांव अहलादपर करार में है। जिस पर वह काबिज हैं। उनके जीवित रहते हुए 4 जनवरी 2025 को मृतक दर्शाकर विरासत दर्ज कर दी गई जिसमें लेखपाल, कानूनगो सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी दोषी हैं। किसान ने मुख्यमंत्री से ऐसा करने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग है। साथ ही उसके जीवित रहते हुए उपरोक्त उत्तराधिकार आदेश 4 जनवरी 2025 को खारिज कर उसका नाम यथावत दर्ज कराने की मांग की है।

विद्यामदो धनमदस्तृतीयोऽभिजनो मदः ।
मदा एतेऽवलिप्तानामेत एव सतां दमाः ॥

विद्या का अहंकार ,धन –सम्पति का अहंकार ,कुलीनता का अहंकार तथा सेवकों के साथ का अहंकार बुद्धिहीनों का होता है ,सदाचारी तो दमन द्वारा इनमें भी शांति खोज लेते है।

## संपादकीय

# भारत का कड़ा रुख

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को चीन के क़िंगदाओ में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर एक बार फिर साबित कर दिया कि भारत अपनी संप्रभुता और आतंकवाद विरोधी नीति पर कोई समझौता नहीं करेगा। एससीओ संयुक्त बयान में आतंकवाद को लेकर पहलगाम हमले का उल्लेख नहीं किया गया और बलूचिस्तान का ज़िक्र शामिल था। इस पर भारत ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि यह दस्तावेज भारत की आतंकवाद विरोधी नीति को कमजोर करता है। आतंकवाद के दोषियों, वित्तपोषकों व प्रायोजकों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और इससे निपटने में दोहरा मापदंड नहीं अपनाया जाना चाहिए। रक्षा मंत्री ने भारत का पक्ष जिस मजूबती के साथ रखा उसकी सराहना की जानी चाहिए। संयुक्त बयान को खारिज करके उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि शांति-समृद्धि और आतंकवाद साथ नहीं चल सकते। कुछ देश आतंकवादियों को पनाह देने के लिए सीमा पार आतंकवाद का इस्तेमाल नीतिगत साधन के रूप में कर रहे हैं। भारत आतंकवाद के विरुद्ध अपनी जीरो टॉलरेंस नीति पर कोई समझौता नहीं करेगा। एससीओ की स्थापना वर्ष 2001 में हुई थी। मूल रूप से एससीओ का उद्देश्य आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद की बुराइयों से लड़ना रहा है। इसमें भारत, चीन, रूस, पाकिस्तान और मध्य एशियाई देश शामिल हैं।

भारत ने इस मंच पर हमेशा आतंकवाद के खिलाफ मज़बूत रुख अपनाया है और इसे वैश्विक सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा ख़तरा माना है। एससीओ बैठक में भारत ने पहलगाम हमले को संयुक्त बयान में शामिल करने की मांग की ताकि आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक सहमति बनाई जा सके। लेकिन पाकिस्तान और चीन ने इस मांग को ठुकरा दिया और दस्तावेज में पहलगाम हमले का कोई उल्लेख नहीं किया गया। विश्लेषकों के अनुसार पाकिस्तान और चीन आतंकवाद से ध्यान हटाने की कोशिश कर रहे हैं। वास्तव में आतंकवाद से निपटने में दोहरे मानदंडों के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए। एससीओ जैसे मंचों का उपयोग आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाने के लिए होना चाहिए। भारत की मांग को नजरअंदाज करना एससीओ की विश्वसनीयता पर भी सवाल उठाता है। पाकिस्तान व चीन के रवैये पर भारत ने कड़ा रुख अपनाकर दोनों देशों को करारा जवाब दिया है। यह भारत की संप्रभुता और आतंकवाद के ख़िलाफ दृढ़ नीति का प्रतीक है।

# चीन हमेशा चाहेगा कि भारत गैर जरूरी मुद्दों में उलझा रहे



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

वस्तुत: यह अत्यंत ही अनुकूल समय है कि हम अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत कर विश्व में तीसरी अर्थव्यवस्था बनने का प्रयास करें। साथ ही "एलिफेंट एंड ड्रैगन टैंगो "(नृत्य) या आपसी तालमेल से परस्पर विकास की गति को तीव्र करें।

वैश्विक राजनीति में 'एलिफेंट एंड ड्रैगन' टर्म का उपयोग अक्सर क्रमशः भारत और चीन के आपसी संबंधों को प्रदर्शित करने के लिए किया जाता है जो न केवल इनके आपसी संबंध बल्कि इनके संबंधों से क्षेत्रीय एवं वैश्विक मामलों में इनकी भूमिका की महत्ता को दिखाता है। इसको देखते हुए विशेषज्ञों का मानना है कि भारत को अपने अग्रसोची भू राजनैतिक हितों के दृष्टिगत हमेशा विश्व की महाशक्तियों तथा उभरती शक्तियों को ध्यान में रखकर अपनी वैश्विक राजनीति और कूटनीति को अपनाना चाहिए। इसे छोटे छोटे मसले जैसे पाकिस्तान या बांग्लादेश से उलझने के बजाय चीन को सामने रखकर प्लान बनाने चाहिए। भारत से टकराव की स्थिति बनाए रखना पाकिस्तान जैसे देशों के हित में है, क्योंकि यह इसे उसे भारत के समकक्ष आने में सहायता प्रदान करता है। वर्ष 1986 में पूर्व सेना प्रमुख जनरल कृष्णास्वामी सुंदरजी ने एक साक्षात्कार में कहा था कि 'भारत के लिए चीन ही असली खतरा है। पाकिस्तान से तो यूं ही चलते फिरते निपटा जा सकता है'। यह वक्तव्य भले ही सैन्य दृष्टिकोण से हो परंतु अर्थव्यवस्था की दृष्टि से भी यही सत्य है।

भारतीय अर्थव्यवस्था में जिस तरह से तीव्र गति से विकास हुआ है, यह आज विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन गई है। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि असल में चीन अपनी विकास यात्रा में अपने विकास के उच्च स्तर पर पहुंच चुका है और अब यह उसके स्थिर रहने या नीचे गिरने का समय है। यद्यपि पिछले कुछ दशकों में चीन ने अर्थव्यवस्था सहित अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय वृद्धि हासिल की है, लेकिन चीनी अर्थव्यवस्था इस समय कुछ जटिल चुनौतियों का सामना कर रही है, जिनमें धीमी वृद्धि, बढ़ता कर्ज, जनसांख्यिकीय बदलाव, पर्यावरण संबंधी चिंताएं, वैश्विक व्यापार तनाव और तकनीकी प्रतिस्पर्धा शामिल है। वर्ष 2020 में चीनी अर्थव्यवस्था की इस तीव्र प्रगति को देखते हुए अमेरिकी थिंक-टैंक ने भविष्यवाणी की थी कि चीन वर्ष 2030 तक अमेरिका को पीछे छोड़कर दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, लेकिन ऐसा होता दिख नहीं रहा है।

भारतीय अर्थव्यवस्था में जिस तरह से तीव्र गति से विकास हुआ है, यह आज विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन गई है। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि असल में चीन अपनी विकास यात्रा में अपने विकास के उच्च स्तर पर पहुंच चुका है ।

स्वाभाविक रूप से चीनी अर्थव्यवस्था के धीमे रहने से भारत के पास यह मौका है कि वह भारत तथा चीन के बीच जीडीपी में अंतर को समाप्त कर विश्व की दूसरी-तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाए। इसका तात्पर्य है कि उसके सामरिक, राजनैतिक और आर्थिक वैश्विक महाशक्ति बनने का रास्ता खुल जाएगा।

वस्तुतः वर्ष 1990 में चीनी अर्थव्यवस्था भारतीय अर्थव्यवस्था की तुलना में ज्यादा बड़ी नहीं थी लेकिन आज चीन की जीडीपी भारत से लगभग 5.46 गुना बड़ी है। चीन ने वर्ष 1978 में और भारत ने वर्ष 1991 में अपने यहां ग्लोबलाइजेशन और प्राइवेटाइजेशन के माध्यम से आर्थिक सुधार शुरू किए, लेकिन दोनों ने अपनी अर्थव्यवस्थाओं को आगे बढ़ाने के लिए अलग अलग रास्तों का चयन किया। चीन ने गुणवत्ता पूर्ण श्रम, मैन्युफैक्चरिंग, सप्लाई चेन और विश्व स्तर के आधारभूत ढांचे के निर्माण पर ध्यान केंद्रित किया, जबकि भारत ने अपने सेवा क्षेत्र को आगे बढ़ाने का काम किया। इसीलिए चीन को 'दुनिया का कारखाना' कहा जाता है और भारत को 'दुनिया का बैक ऑफिस' कहा जाता है।

माना जाता है कि यदि अगले 25 वर्षों में वार्षिक औसत वृद्धि 7-7.5 प्रतिशत रहे तो भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार वर्ष 2047 तक 20 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा। भारतीय स्टेट बैंक के एक शोध-पत्र के अनुसार भारत वर्ष 2029 तक दुनिया में जापान की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ देगा। देश पहले ही क्रय शक्ति क्षमता के मामले में जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है।

चीन ने हाई-स्पीड रेल नेटवर्क और हवाई अड्डों जैसे बुनियादी ढांचे में भारी निवेश किया है, जिसने शुरू में इसके तेज़ विकास को बढ़ावा दिया था। वस्तुत चीन एक ऐसी अर्थव्यवस्था है, जो थका हुआ और अस्वस्थ है। तीव्र औद्योगिकीकरण और शहरीकरण के कारण वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण और मिट्टी का क्षरण ऐसी प्रमुख समस्याएं हैं, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था दोनों को प्रभावित कर रही है।

इन सबके पीछे चीन का जनसांख्यिकीय लाभ समाप्त होना एक महत्वपूर्ण कारण है। चीन में वृद्ध होती आबादी के कारण कार्यबल में कमी आ रही है। इतना ही नहीं यह जनसांख्यिकीय परिवर्तन पेंशन प्रणाली, स्वास्थ्य सेवा पर दबाव डालता है और सार्वजनिक वित्त पर दबाव डाल सकता है। एक अनुमान के अनुसार वर्ष 2050 तक चीन में ऐसे आश्रित लोगों की जनसंख्या 70 प्रतिशत हो जाएगी, जो क्रियाशील लोगों पर निर्भर रहेंगे, जो वर्तमान में 35 प्रतिशत है। इससे चीन और वहां की स्वास्थ्य व्यवस्था पर भी दबाव बढ़ेगा। इस मामले में भारत चीन से कहीं अधिक मज़बूत स्थिति में है। वर्ष 2050 तक 1.7 बिलियन लोगों की आबादी के साथ भारत जनसंख्या के मामले में दुनिया का सबसे बड़ा देश होगा। वर्ष 2030 के मध्य में यह अपने चरम पर होगा। इस अवधि में अपने बृहत युवा जनसंख्या का लाभ उठाकर भारत अपनी जीडीपी वृद्धि दर को 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 8 प्रतिशत तक बढ़ाकर चीन को पीछे छोड़ सकता है। लेकिन इस संबंध में चीनी विश्लेषकों का मानना है कि हालांकि भारत में चीन की तुलना में अधिक युवा श्रमिक हैं, लेकिन उनका शैक्षिक और कौशल स्तर वास्तव में चीनी श्रमिकों की तुलना में कम है। इसके अतिरिक्त आज के साइबर युग में प्रौद्योगिकी श्रम से अधिक महत्वपूर्ण है, और चीन प्रौद्योगिकी इनोवेशन में भारतीयों से बेहतर है।

जान हॉपकिन्स विश्वविद्यालय में एप्लाइड इकोनॉमिक्स के प्रोफ़ेसर स्टीव के अनुसार भारत समस्याओं से दबा हुआ है। ह्यूमन फ्रीडम इंडेक्स में 165 देशों में से भारत 119वें रैंक पर है। क़ानून के शासन के मामले में भारत का रिकॉर्ड दुनिया में सबसे ख़राब देशों में से है। उनका मानना है कि क़ानून के शासन की मज़बूती से पालन के बिना कोई भी देश मज़बूत, निरंतर आर्थिक परिणाम की उम्मीद नहीं कर सकता है। वैसे इस मामले में चीन की रैंकिंग भारत से भी नीचे है। आलोचकों के अनुसार अगर चीनी अर्थव्यवस्था को इसी स्थिति में रोक दिया जाए और भारतीय अर्थव्यवस्था 7-7.50 प्रतिशत की दर से बढ़ती रही, तो इसकी अर्थव्यवस्था 20 ट्रिलियन डॉलर की होगी, यानी आज की चीनी अर्थव्यवस्था को पार करने में भारत को लगभग 25 साल लगेंगे। लेकिन इससे पृथक यदि समग्र रुप से प्रयास करें तो भारत अगले 10 वर्षों में ख़ुद को निर्यात-आधारित विकास के रास्ते पर ला सकता है, जैसा कि चीन कई दशकों से करता आया है।

वस्तुतः यह अत्यंत ही अनुकूल समय है कि हम अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत कर विश्व में तीसरी अर्थव्यवस्था बनने का प्रयास करें। साथ ही "एलिफेंट एंड ड्रैगन टैंगो" (नृत्य) या आपसी तालमेल से परस्पर विकास की गति को तीव्र करें। लेकिन चीन यह कभी नहीं चाहेगा कि हम ऐसा सोचें भी, इसलिए हमें वह पाकिस्तान, नेपाल, बांग्लादेश जैसे गैर जरूरी मुद्दों में उलझाए रखना चाहेगा ताकि हम अपने वृहद लक्ष्यों से दूर रहें। इस नजरिए से देखें तो भारत पाकिस्तान के साथ युद्ध में उलझकर अपना नुकसान करेगा और इससे पाकिस्तान को विश्व स्तर पर तवज्जो मिलने लगेगी, जैसा कि अभी हालिया संघर्ष में हमने देखा है। ऐसा भी माना जाता है कि पहलगाम नरसंहार के पीछे चीनी हाथ था ताकि हम भारत पाक युद्ध में लग जाए और विश्व में यह संदेश जाए कि भारत विदेशी निवेश के लिए उपयुक्त जगह नहीं है, क्योंकि यह कभी भी युद्ध या संघर्ष की स्थिति में चला जाता है और इसका लाभ चीन को मिले। हमें इससे बचने की कोशिश करनी होगी। तो "हाथी चले बाजार कुत्ता भूंके हजार " कहावत को ध्यान रखते हुए भारत अपने रास्ते पर चलते रहे, यही बेहतर विकल्प है।

## प्रसंगवश

# खाड़ी देशों में गए नेपाली युवा खा रहे जेल की हवा

नेपाल सरकार इस बात को लेकर चिंतित है कि उसके युवाओं का अवैध तरीके से विदेशों में प्रवेश कराकर उनका बेजा इस्तेमाल किया जा रहा है। हालांकि सरकार यह भी मान रही है कि इस अवैध गतिविधि में उसके ही नागरिक शामिल है जो किसी तीसरे देश के मानव तस्करों के हाथ की कठपुतली बन गए हैं।

नेपाल के युवाओं को अवैध रूप से खाड़ी के देशों तक पहुंचाया जाता है जहां वे अवैध गतिविधियों में शामिल होने पर पकड़े जाते हैं और जेल की हवा खा रहे हैं। नेपाल सरकार के ही आंकड़े के अनुसार 544 नेपाली युवा सउदी अरब के जेलों में बंद हैं। चूंकि वहां के नियम कानून इतने सख्त होते हैं कि जेलों में बंद नेपाली युवाओं की रिहाई आसान नहीं है। नेपाल के विदेश मंत्रालय के अनुसार करीब चार लाख नेपाली युवा सउदी अरब में रोजगार के सिलसिले में गए हैं। वहीं सउदी अरब स्थिति नेपाली दूतावास के अनुसार वहां भारी संख्या में अवैध तरीके से घुसपैठ के जरिए भी भारी संख्या में नेपाली युवा मौजूद हैं। नेपाली दूतावास के अनुसार हाल ही 3800 अवैध तरीके से नेपाली घुसपैठिए युवाओं को एक्जिट वीजा देकर नेपाल वापस भेजा गया है।

रोजगार के लिए नेपाल से युवाओं का पलायन चिंता का विषय है और इससे भी अधिक चिंता इस बात को लेकर है कि विदेशों में पलायन कर रहे युवा वहां जाकर गैर कानूनी गतिविधियों में लिप्त होकर जेल की हवा खाने को मजबूर हैं। नेपाल के सैकड़ों युवा जो बेहतर जीवन शैली का सपना लेकर सउदी अरब गए लेकिन वे जेल में हैं। माओवादी नेता प्रचंड ने नेपाली युवाओं को दलालों से बचने की अपील के साथ नेपाल सरकार से युवाओं का पलायन रोकने की मांग करते हुए कहा है कि सरकार अपने ही देश में युवाओं को रोजगार देना सुनिश्चित करे।

माओवादी केंद्र ने एक आंकड़ा जारी करते हुए इस बात पर चिंता जताई है कि सउदी अरब की जेलों में भारी संख्या में नेपाली युवा विभिन्न अपराधों में जेल की हवा खा रहे हैं। वे कहते हैं कि इनमें तमाम ऐसे हैं जो दलालों के हाथ

रोजगार के लिए नेपाल से युवाओं का पलायन चिंता का विषय है और इससे भी अधिक चिंता इस बात को लेकर है कि विदेशों में पलायन कर रहे युवा वहां जाकर गैर कानूनी गतिविधियों में लिप्त होकर जेल की हवा खाने को मजबूर हैं। नेपाल के सैकड़ों युवा जो बेहतर जीवन शैली का सपना लेकर सउदी अरब गए लेकिन वे जेल में हैं।

फंसकर अवैध तरीके से सउदी गए और वहां गैर कानूनी गतिविधियों में लिप्त हो गए। नतीजतन अब सजा भुगत रहे हैं।



यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

सऊदी अरब स्थित नेपाली दूतावास के श्रम काउंसलर कविराज उप्रेती के अनुसार, सउदी अरब में जो नेपाली युवा विभिन्न अपराधों में पकड़े गए हैं उनमें सबसे अधिक 345 लोग शराब बनाने, पीने या सप्लाई करने के आरोपी हैं। 84 लोग मादक पदार्थों की तस्करी में,53 लोग चोरी के मामलों में,12 लोग वेश्यावृत्ति में, 16 लोग तोड़फोड़ में, 15 लोग रिश्वतखोरी में, 4 लोग हत्या के आरोप में तथा 23 लोग अन्य अपराधों में जेल में हैं। इनमें से 341 कैदियों को अदालत द्वारा सजा सुनाई जा चुकी है, जबकि 203 मामलों की सुनवाई अभी जारी है।

सऊदी अरब में नियुक्त नेपाली राजदूत नरेश विक्रम धकाल ने नेपाली युवाओं की गिरफ्तारी पर दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि सऊदी में कार्यरत नेपाली नागरिकों को कानून की जानकारी होनी चाहिए और किसी भी गैरकानूनी गतिविधि से दूर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाओं से बचने के लिए नेपाली युवाओं को स्वयं सतर्क और जिम्मेदार बनना होगा। यह बेहद दुखद है कि हमारे नौजवान, जो बेहतर भविष्य की उम्मीद लेकर विदेश जाते हैं, वहां जानकारी की कमी, कभी लालच और कभी गलत संगत में पड़कर क़ानून तोड़ने की राह पर चल पड़ते हैं।

# यह यूरेनियम और तेल का खेल है

दुनिया के तमाम भू-राजनीतिक तनावों के पीछे एक सच्चाई छुपी है, जो अक्सर अंतर्राष्ट्रीय सुर्खियों से ओझल रह जाती है- यह लड़ाई परमाणु हथियारों की नहीं, बल्कि यूरेनियम, तेल और दुर्लभ खनिजों की है। अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की भूख इन संसाधनों पर अपना नियंत्रण बढ़ाने की है, जिसके चलते वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति, तकनीकी प्रगति और आर्थिक स्थिरता गंभीर संकट में पड़ सकती है। इस बदलाव का असर भारत जैसे उभरते और ऊर्जा-निर्भर देशों पर दीर्घकालिक होगा, जिसकी रणनीतिक तैयारी अभी से जरूरी है।

पिछले कुछ वर्षों में अमेरिका ने जिन क्षेत्रों में सैन्य दखल, आर्थिक प्रतिबंध और कूटनीतिक हस्तक्षेप की नीति अपनाई है -मसलन, मध्य-पूर्व, अफ्रीका, मध्य एशिया- उन सभी इलाकों में एक समान तत्व मौजूद हैः वहां तेल, गैस, यूरेनियम और दुर्लभ खनिजों का प्रचुर भंडार है। रूस-यूक्रेन युद्ध के पीछे भी अगर गहराई से देखा जाए तो यूरोप की ऊर्जा निर्भरता को अमेरिका के हितों के अनुरूप मोड़ने की रणनीति दिखती है। रूस को वैश्विक ऊर्जा बाजार से काटने के प्रयास इसी दिशा में हैं। दूसरी ओर, अफ्रीका के सहारा-पट्टियों में अमेरिका और फ्रांस वर्षों से यूरेनियम खनन क्षेत्रों में अपनी पकड़ बनाए रखने के लिए सैन्य हस्तक्षेप और राजनीतिक अस्थिरता को बढ़ावा दे रहे हैं।

केवल तेल और यूरेनियम ही नहीं, बल्कि आधुनिक तकनीकी विकास की रीढ़ बन चुके 'रेयर अर्थ मिनरल्स' पर भी अमेरिका की नजर है। लिथियम, कोबाल्ट, नियोडियम जैसे दुर्लभ खनिज आज के इलेक्ट्रिक वाहनों, सौर ऊर्जा पैनलों, स्मार्टफोनों और अत्याधुनिक रक्षा उपकरणों में अनिवार्य हो गए हैं। वर्तमान में



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

ऐसी स्थिति में भारत को एक सतर्क लेकिन मजबूत कूटनीतिक नीति अपनानी होगी। इसके साथ ही दीर्घकालिक रणनीतिक तैयारी अनिवार्य है।

चीन इस क्षेत्र में सबसे बड़ा खिलाड़ी है, जिसकी वैश्विक खनिज सप्लाई चेन पर मजबूत पकड़ है। इसी संतुलन को तोड़ने के लिए अमेरिका अफ्रीकी देशों में दखल बढ़ा रहा है। कई अंतर्राष्ट्रीय विश्लेषकों का मानना है कि निकट भविष्य में इन खनिजों को लेकर एक नया 'कोल्ड वॉर' छिड़ सकता है। यदि अमेरिका तेल उत्पादक देशों में अस्थिरता को और बढ़ाता है-जैसा कि इराक, सीरिया, ईरान और अब मध्य एशिया में देखने को मिल रहा है-तो इसका सीधा असर वैश्विक तेल कीमतों पर पड़ेगा। हाल के महीनों में ब्रेंट क्रूड फिर 90 डालर प्रति बैरल के करीब पहुंच चुका है। यदि पश्चिम एशिया या अफ्रीका में कोई बड़ा भू-राजनीतिक संकट खड़ा होता है, तो तेल की कीमत 100-120 डालर प्रति बैरल तक जा सकती है। ऐसे परिदृश्य में भारत जैसे देशों को सबसे ज्यादा नुकसान उठाना पड़ता है।

सिर्फ ऊर्जा संकट ही नहीं, दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में भारत की 'ईवी पॉलिसी' और ग्रीन एनर्जी ट्रांजिशन को भी गहरा झटका लगेगा। भारत ने वर्ष 2030 तक कुल वाहनों में 30 प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहनों का लक्ष्य रखा है। यदि कोबाल्ट, लिथियम जैसी सामग्रियों की कीमत बढ़ती है या आपूर्ति में रुकावट आती है, तो यह लक्ष्य हासिल करना कठिन हो जाएगा। इलेक्ट्रिक वाहनों, सोलर एनर्जी, हाई-टेक उत्पादों में भारत की आत्मनिर्भरता के प्रयास रुक सकते हैं। यह संकट केवल आर्थिक नहीं, बल्कि कूटनीतिक भी होगा। भारत की विदेश नीति अब तक 'स्ट्रैटेजिक ऑटोनॉमी' यानी स्वतंत्र रणनीतिक संतुलन पर आधारित रही है। लेकिन यदि अमेरिका यूरेनियम, तेल और दुर्लभ खनिजों की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को अपने नियंत्रण में लेता है, तो भारत की स्वतंत्र ऊर्जा और तकनीकी रणनीति पर दबाव बढ़ेगा।

ऐसी स्थिति में भारत को एक सतर्क लेकिन मजबूत कूटनीतिक नीति अपनानी होगी। इसके साथ ही दीर्घकालिक रणनीतिक तैयारी अनिवार्य है। भारत को अपने ऊर्जा स्रोतों में विविधता लानी होगी। सौर, पवन, हाइड्रो और परमाणु ऊर्जा को आक्रामक तरीके से बढ़ावा देना होगा। तेल और गैस के लिए कम से कम 6-12 महीने का रणनीतिक भंडार तैयार करना चाहिए, ताकि वैश्विक संकट के समय भारतीय बाजारों में स्थिरता बनी रहे। दुर्लभ खनिजों के लिए घरेलू प्रोसेसिंग संयंत्रों को बढ़ावा देना चाहिए, ताकि चीन और अमेरिका पर निर्भरता घटे। इसके अलावा रूस, ईरान, ब्राजील, अफ्रीका जैसे साझेदार देशों के साथ दीर्घकालिक ऊर्जा-खनिज आपूर्ति समझौते किए जाने चाहिए। निष्कर्ष के तौर पर यही कहा जा सकता है कि दुनिया के वर्तमान भू-राजनीतिक तनावों के पीछे असली लड़ाई अब परमाणु हथियारों की नहीं, बल्कि ऊर्जा संसाधनों और दुर्लभ खनिजों की है। अमेरिका का यह लालच वैश्विक अर्थव्यवस्था को अस्थिर कर सकता है, जिससे भारत जैसे विकासशील देशों के आर्थिक और तकनीकी विकास मार्ग पर गंभीर असर पड़ सकता है।

## सोशल फोरम

# प्रश्न करने की आदत

जब हम अपनी अल्पज्ञता की बात करते हैं तो ज्ञान विमुखता की बात नहीं करते। ज्ञान का अपना आनंद होता है, जैसे पर्यटन का होता है। परंतु यदि हमें कहीं पहुंचना होता है तो पर्यटक की तरह भटकते हुए नहीं चलते, न विश्व के भूगोल को याद करते हैं। सबसे सीधा रास्ता और सबसे सुविधाजनक साधन का चुनाव करते हैं। सही समझ के लिए बहुत अधिक ज्ञान की जरूरत नहीं होती, जरूरी ज्ञान और सही प्रश्न की आवश्यकता होती है। सही प्रश्न ही शिलीभूत मान्यताओं को ध्वस्त करने और समाधान बन जाने में सक्षम होता है। जिस सीमित ज्ञान के बल पर मैंने आर्यों, उनके आक्रमण और संस्कृत भाषा और भारतीय सभ्यता के विषय में स्थापित झूठ को ध्वस्त किया था वह वैदिक भाषा, साहित्य, इतिहास और पुरातत्व के आधिकारिक ज्ञान के बल पर संभव नहीं हुआ था, बल्कि उन प्रश्नों की श्रृंखला के उत्तर तलाशने के क्रम में स्वतः हो गया था । केवल तीन प्रश्न यहां उदाहरण के लिए रखना चाहूंगा। ऋग्वेद में जितनी बार गो का प्रयोग हुआ है, लगभग उतनी ही बार रथों का। फिर ये गो (गाय,बैल आदि) चरवाहों के हैं, या मालवहन करने वालों के? जितनी बार जित (जीतने वाला, पैदा करने वाला) की आवृत्ति है, उससे कई गुना बार भीति, पाहि, त्राहि, अव, रक्ष (डर, प्रारक्षा करो) का आर्तनाद। ये आक्रमणकारी हो सकते हैं या स्वयं लुटेरों और उपद्रवकारियों से आतंकित? यदि संस्कृतभाषी अपनी भाषा और ज्ञान कहीं अन्यत्र से लेकर भारत में किसी रूप में आए थे, जिसका स्तर ग्रीस और रोम के उत्कर्षकाल की भाषाओं और ग्रीक दर्शन से तुलनीय था तो इस स्तर की सभ्यता भारोपीय भूभाग में उनके प्रस्थान लिए कल्पित काल 2000 ईसा पूर्व में कहां थी? फिर वैदिक समाज हड़प्पा सभ्यता का निर्माता हुआ या विनाशक? हमने इन प्रश्नों की ओर आपका ध्यान यह याद दिलाने के लिए आकर्षित किया कि इनमें से कोई प्रश्न ऐसा नहीं, जो अकेले ही पुरानी मान्यताओं को खंडित करने के लिए पर्याप्त न हो। प्रश्न करने की आदत व्यक्ति और समाज को भटकने से बचाती है, वैज्ञानिक बनाती है, और अपनी समस्याओं का समाधान स्वयं करने में समर्थ बनाती है।



भगवान सिंह
वरिष्ठ लेखक

–फेसबुक वॉल से

# मौत से लड़ते सीवरेज साफ-सफाई कर्मचारी

विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था का तमगा हासिल करने के बाद भी जब हमारे यहां से सीवर की सफाई करते लोगों की मौत की खबरें आती हैं, तो विचलित करतीं हैं। दुखद है कि आए दिन हमें मीडिया की सुर्खियों में सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान मजदूरों की मौत के मामले पढ़ने सुनने को मिलते रहते हैं। हमारे देश में सीवरेज की सफाई का काम अक्सर समाज का सबसे कमजोर व गरीब वर्ग करता है, ऐसे में क्या इन वर्गों की चिंता हम सभी को तथा सरकार को नहीं करनी चाहिए, यह प्रश्न अपने आप में एक यक्ष व ज्वलंत प्रश्न है।

जुलाई 2022 में लोकसभा में पेश सरकारी आंकड़ों के अनुसार, पांच सालों में भारत में सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान कम से कम 347 लोगों की मौत हुई, जिनमें से 40 प्रतिशत मौतें उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और दिल्ली में हुईं। यदि हम यहां पर सीवर सफाई के दौरान होने वाली मौतों के प्रमुख कारणों की बात करें तो इनमें क्रमशः मैनुअल सीवर सफाई (सीवर और सेप्टिक टैंकों में जहरीली गैसों के कारण),सुरक्षा उपकरणों का अभाव (सीवर की सफाई के दौरान सुरक्षा उपकरणों का उपयोग न करना),लापरवाही (ठेकेदारों और स्थानीय प्रशासन की लापरवाही),सीवर सफाई के दौरान सुरक्षा नियमों का पालन नहीं करना, तथा सीवर सफाई के खतरों के बारे में जागरूकता की कमी हैं। बहरहाल, देश में साल 1993



सुनील कुमार महला
स्तंभकार

आज हम विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में इतनी अधिक प्रगति कर चुके हैं कि पारंपरिक तरीकों से सीवरेज की साफ–सफाई पर पूरी तरह से रोक लगनी चाहिए।

में पहली बार सीवरों की मैनुअल सफाई और मैला ढोने की प्रथा पर बैन लगाया गया था तथा इसके 20 साल बाद मैनुअल स्कैवेंजिंग एक्ट, 2013 के जरिए इस पर पूरी तरह पाबंदी लगा दी गई थी, लेकिन इसके बाद भी आए दिन सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान मजदूरों की मौत के मामले सामने आते रहे हैं।

आज हम एआई चैटबाट (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के आधुनिक युग में जी रहे हैं। देश के पास चांद तक पहुंचने की तकनीक उपलब्ध है, लेकिन सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के लिए आज भी मशीनों, तकनीक और सुरक्षा उपकरणों की कमी है। शायद यही वजह है कि मजदूर इन जहरीली गैस वाले टैंकरों में खुद उतरकर सीवरेज की सफाई करते हैं। हैरानी की बात तो यह है कि हमारे देश में आज मैनुअल सीवर की सफाई पर कानूनन प्रतिबंध है। कानून के मुताबिक, अगर मजदूरों को परिस्थितिवश अगर सीवर में उतरना पड़ता है तो उनको 27 दिशा-निर्देशों का पालन करना होता है, लेकिन इन दिशा-निर्देशों पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता और मजदूरों को सीधा मौत में उतार दिया जाता है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार अगर कोई व्यक्ति या एजेंसी एमएस अधिनियम, 2013 के प्रावधानों का उल्लंघन तो इस उसे अधिनियम की धारा 8 के तहत दो साल तक की कैद या 1 लाख रुपये तक का जुर्माना या दोनों से दंडित किया जा सकता है।

आज हम विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में इतनी अधिक प्रगति कर चुके हैं कि पारंपरिक तरीकों से सीवरेज की साफ-सफाई पर पूरी तरह से रोक लगनी चाहिए। फिर भी यदि किसी कारणवश इन सीवरेज की साफ-सफाई के लिए मजदूरों को इनमें उतरना ही पड़ता है तो सीवर सफाई के लिए सुरक्षा दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाना बहुत ही जरूरी और आवश्यक है। सीवर में उतरने वाले व्यक्तियों को गैस डिटेक्टर, सुरक्षात्मक कपड़े (जैसे कि दस्ताने, जूते, और सुरक्षात्मक सूट), और श्वसन उपकरण (जैसे कि गैस मास्क या एयर-सप्लाई रेस्पिरेटर) का उपयोग करना चाहिए। उचित प्रशिक्षण तो जरूरी है। सीवर को साफ करने से पहले, उसका अच्छी तरह से निरीक्षण किया जाना चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह सुरक्षित रूप से साफ किया जा सकता है। जेटिंग मशीन, स्नेकिंग उपकरण (जो सीवर में एक धातु की छड़ डालकर रुकावटों को तोड़ता है), तथा अन्य आधुनिक मशीनों जैसे कि रोबोटिक उपकणों आदि का प्रयोग किया जाना बहुत ही जरूरी है। इसके साथ ही किसी भी सीवर को साफ करने के बाद, उसे ठीक से बंद करना चाहिए। कहना ग़लत नहीं होगा कि सीवर में काम करने वाले व्यक्तियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा की रक्षा करना बहुत आवश्यक है। देश की शीर्ष अदालत ने वर्ष 2023 में केंद्र और राज्यों को उचित उपाय करने, नीतियां बनाने और निर्देश जारी करने का निर्देश दिया था, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मैनुअल सीवर सफाई को चरणबद्ध तरीके से पूरी तरह से समाप्त कर दिया जाए। इतना ही नहीं, उस समय न्यायालय ने कई निर्देश जारी करते हुए केंद्र और राज्य सरकारों से सीवर की सफाई के दौरान मरने वालों के परिजनों को 30 लाख रुपये का मुआवजा देने को भी कहा था। वास्तव में आज जरूरत इस बात की है कि हम सीवर में साफ-सफाई करने उतरे मजदूरों की जोखिम भरी जिंदगी और इस काम में उनके अस्तित्व और गरिमा के सवाल पर चिन्तन-मनन करें और इस दिशा में आवश्यक और जरूरी कदम उठाएं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# आधार कार्ड अपडेट को लेकर पोस्टमास्टर से नोकझोंक

- राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं आरटीआई कार्यकर्ताओं ने किया हंगामा

**हसनपुर, अमृत विचार :** ग्रीन सिटी कॉलोनी स्थित मुख्य डाकघर पर आधार कार्ड अपडेट न करने को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आरटीआई परिषद के कार्यकर्ताओं की मुख्य पोस्ट मास्टर से जमकर नोकझोंक हुई। इस दौरान काफी देर तक हंगामा होता रहा।

गुरुवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आरटीआई परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनदयाल यादव को नगर के मुख्य डाकघर पर आधार कार्ड का कार्य बंद होने की सूचना मिली। वह मुख्य डाकघर पर अपने दो बच्चों के आधार कार्ड संशोधन /अपडेट को लेकर पहुंचे। मुख्य पोस्टमास्टर राधे श्याम ने आधार कार्ड अपडेट न होने की बात कही। इस पर दीनदयाल ने आरटीआई कार्यकर्ताओं को बुला लिया। इसके बाद पोस्टमास्टर से जमकर नोंकझोंक हुई। मुख्य पोस्ट मास्टर राधेश्याम ने बताया कि तीन दिन से मशीन आधार कार्ड अपडेट नहीं कर रही है। प्रतिदिन दोपहर 2 से साढ़े चार बजे तक आधार कार्ड अपडेट का काम किया जाता है। डाकघर में स्टाफ की कमी है इसलिए समय कम दिया जा रहा है। प्रमोद शर्मा, प्रवीण अग्रवाल, सरफराज अली एडवोकेट जाकिर हुसैन, नीरज शर्मा आदि मौजूद रहे।

## 16 जून को पटाखा फैक्ट्री विस्फोट में 5 महिलाओं की मौत हो गई थी

# पटाखा फैक्ट्री मालिक की अब तक गिरफ्तारी नहीं

- पटाखा फैक्ट्री मालिक पर दर्ज है रिपोर्ट, डीएम ने जांच कमेटी गठित की थी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** पटाखा फैक्ट्री विस्फोट में पांच महिलाओं की मौत मामले में पुलिस व प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। सिर्फ फैक्ट्री संचालक पर रिपोर्ट दर्ज करने तक कार्रवाई सीमित रह गई। पुलिस ने न तो आरोपी फैक्ट्री संचालक को गिरफ्तार किया है और न ही लाइसेंस निलंबित किया गया है। इस हादसे में पांच महिलाओं की दर्दनाक मौत हो गई थी। परिवार के लोग न्याय के लिए भटक रहे हैं।

16 जून की सुबह रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव अतरासी के जंगलों में बनी पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हो गया था। पूरी फैक्ट्री धराशाई हो गई। मलबे के नीचे कई मजदूर दब गए। चार महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई थी। उनके शरीर के अंग अलग-अलग पड़े मिले। इसके अलावा 9 महिलाएं व पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गए थे। कुछ दिन बाद एक अन्य महिला की मेरठ में उपचार के दौरान मौत हो गई। यह फैक्ट्री हापुड़ निवासी सैफुर्ररहमान पुत्र कौसाल अहमद द्वारा संचालित की जा रही थी।

डीएम ने इस पूरे मामले में जांच कमेटी गठित की थी। 10 दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी फैक्ट्री संचालक खुलेआम घूम रहा है। उसे थाने तक नहीं बुलाया गया। फैक्ट्री मालिक का लाइसेंस तक निलंबित नहीं किया गया। पुलिस व प्रशासन की कार्रवाई फैक्ट्री संचालक सैफुर्ररहमान पर रिपोर्ट दर्ज करने तक रही। उसके बाद कोई कार्यवाही नहीं की गई। जबकि फैक्ट्री संचालक पर अवैध तरीके से विस्फोट बनवाने का आरोप था।

बताया जा रहा है कि फैक्ट्री में केवल फुलझड़ी बनाने का लाइसेंस दिया गया था लेकिन उसमें कई तरह की विस्फोटक सामग्री बनाई जाती थी। रजबपुर थाना प्रभारी कोमल तोमर ने बताया कि फैक्ट्री मालिक सैफुर रहमान पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई थी। मामले की विवेचना की जा रही है। इसके अलावा उससे पूछताछ की गई है जल्द ही उसको गिरफ्तार किया जाएगा।

# ग्रेनेड हमले के आरोपी के घर एनआईए का छापा

## आरोपी सैदुल के परिजनों से पूछताछ की, दोस्तों के बारे में जानकारी की

- जालंधर में भाजपा नेता मनोरंजन कालिया के घर ग्रेनेड फेंका था

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार :** एनआईए ने जिले में दो जगह छापेमारी की। जालंधर में भाजपा नेता के घर ग्रेनेड हमले से जुड़े मामले में टीम ने गिरफ्तार सैदुल के दोस्त नवाब, अजीम और जुरखन के बारे में जानकारी जुटाई। कई घंटे तक परिवार के लोगों से पूछताछ की। इसके बाद टीम दिल्ली लौट गई।

गुरुवार की सुबह एनआईए की टीम ने अमरोहा शहर और सिहाली जागीर गांव में छापेमारी की। टीम ने जालंधर में भाजपा नेता मनोरंजन कालिया के घर ग्रेनेड हमला करने के आरोपी अमरोहा निवासी सैदुल अमीन के दोस्त नवाब और उसके परिजनों से पूछताछ की। करीब तीन घंटे तक टीम पूछताछ करती रही। टीम ने गांव सिहाली जागीर निवासी अब्दुल हकीम के बेटे अजीम और जुरखन के बारे में भी जानकारी ली। घर की तलाशी भी ली। बताया जा रहा है कि सैदुल अमीन के दोस्त नवाब और सिहाली जागीर के रहने वाले अब्दुल हकीम को तीन अगस्त को दिल्ली बुलाया है। स्थानीय पुलिस को छापेमारी की जानकारी नहीं दी गई। बहरहाल नगर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने एनआईए द्वारा सैदुल के दोस्त नवाब से पूछताछ की पुष्टि की है।

### सैदुल को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है टीम

अप्रैल में जालंधर में भाजपा नेता नेता मनोरंजन कालिया के घर पर ग्रेनेड से हमला किया गया था। जिसमें अमरोहा के निवासी सैदुल अमीन का नाम सामने आया था। टीम ने सैदुल को गिरफ्तार कर लिया था। उसके दोस्तों व हमले से जुड़े अन्य तथ्यों को लेकर एनआईए की टीम पूछताछ करने पहुंची थी। बताया जा रहा है कि एनआईए ने अमरोहा के अलावा कई अन्य राज्यों में भी छापेमारी की है।

### 2018 में एनआईए ने अमरोहा में हरकत-उल-हरब-ए-इस्लाम मॉड्यूल का किया था खुलासा

एनआईए की छापेमारी को लेकर अमरोहा का नाम एक बार फिर सुर्खियों में है। दरअसल वर्ष 2018 में एनआईए और एटीएस की टीम ने हरकत-उल-हरब-ए-इस्लाम मॉड्यूल से जुड़े शहर कोतवाली के मोहल्ला मुल्लाना मुफ्ती सुहैल, मोहल्ला पचदरा से इरशाद, सैदपुर इम्मा निवासी सईद और रईस को गिरफ्तार किया था। इनके पास से पिस्टल, तमंचे, कारतूस, बारह किलो संदिग्ध आरडीएक्स और एक संदिग्ध राकेट लांचर बरामद किया गया था। जिसके बाद मौलाना गुफरान के सुहैल के संबंध मिले थे। वर्ष 2019 को एनआईए ने गुफरान को भी गिरफ्तार किया था। जिसके बाद एनआईए ने मामले में चार्जशीट दाखिल कर दी थी।

# मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत के बाद भी नहीं बनी सड़क

**रहरा, अमृत विचार :** करीब डेढ़ वर्ष पहले मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करने के बावजूद कब्रिस्तान की सड़क न बनने पर ग्रामीणों में रोष है।

गंगेश्वरी के गांव फूलपुर निवासी अनीस अली ने 9 नवंबर 2024 को मुख्यमंत्री पोर्टल पर कब्रिस्तानों को जाने वाले जर्जर रास्ते की शिकायत की थी। एक महीने बाद उसकी जांच सहायक विकास अधिकारी नितिन जैन को प्राप्त हुई। सहायक अधिकारी ने जांच ग्राम पंचायत सचिव संदीप कुमार को सौंप दी। सचिव संदीप कुमार ने वित्तीय वर्ष 2025- 26 की कार्य योजना में सम्मिलित कर दिया। लेकिन वित्तीय वर्ष 2025- 26 के 6 माह बीत जाने के बाद भी सड़क बनने के बारे में कोई जानकारी नहीं। अनीश अली, अलाउद्दीन सैफी, इरशाद अली, रुस्तम अली, आरिफ सैफी, नईमुद्दीन, जाकिर सैफी, नूर मोहम्मद आदि ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी से शिकायत की। ग्राम पंचायत सचिव संदीप कुमार ने बताया कि रास्ते की लंबाई अधिक होने के कारण अभी कार्य नहीं कराया जा सका। जल्द रास्ते का निर्माण कर दिया जाएगा।

# कांवड़ यात्रा व मोहर्रम पर भाईचारे की अपील


बैठक में बोलते सीओ श्वेताभ भास्कर। • अमृत विचार

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** कांवड़ यात्रा व मोहर्रम को लेकर आयोजित शांति समिति की बैठक में एसडीएम विभा श्रीवास्वत ने कहा कि कांवड़ यात्रा व मोहर्रम परंपरागत रूप से मनाएं। कोई भी ऐसा कार्य न करें, जिससे किसी को परेशानी का सामना करना पड़े।

गुरुवार को मंडी धनौरा मार्ग स्थित एक बैंक्वेट हॉल में बैठक के दौरान एसडीएम ने कहा कि मोहर्रम के ताजिये की ऊंचाई 12 फिट से ज्यादा न रहे। परंपरागत मार्गो से ही ताजिये निकाले जाएं। कांवड़ यात्रा में निर्धारित मानक अनुसार ही डीजे बजाने का निर्देश दिया। सेवा शिविरों में सफाई संग बिजली तार आदि की व्यवस्था भी दुरुस्त करने की हिदायत दी। बिजली विभाग को निर्देश दिया कि समय पूर्व ही कांवड़ यात्रा मार्ग में पड़ने वाले सभी खंभों पर पन्नी आदि लगा दी जाए। पालिका स्तर पर सफाई के बेहतर इंतजाम किए जाएं।

सीओ श्वेताभ भास्कर ने कहा कि सावन माह में मांस की दुकानें प्रत्येक शुक्रवार से सोमवार तक बंद रहेंगी। कांवड़ यात्रा मार्ग पर शराब की दुकानों को भी पन्नी से ढका जाएगा। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान

इस दौरान व्यापारी वीरेंद्र बसंल, रामप्रकाश गर्ग, शैलेष अग्रवाल, रामरतन सिंह जाटव, अयूब अली, सतेंद्र भड़ाना, तेजपाल सिंह, करन सिंह, हकीम शाहिद, तेजपाल सिंह, करन सिंह सैनी, रियासत समेत नगर पालिका सभासद, ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य, पालिका व क्षेत्र पंचायत आदि विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# मोबाइल के बढ़ते इस्तेमाल से रिश्तों में पड़ रही दरार


गोष्ठी में बोलते वक्ता। • अमृत विचार

संवाददाता, सैदनगली

**अमृत विचार :** नगर में सामाजिक एवं पारिवारिक सम्बन्धों मे मोबाइल फ़ोन का बढ़ता वर्चस्व को लेकर एक गोष्ठी का अयोजन हुआ। डॉ. अहमद मुर्तज़ा ने कहा कि मोबाइल का प्रयोग एक सीमा के अंदर करना चाहिए। किसी भी चीज की ज़्यादती हमेशा नुकसानदेह होती है। मोबाइल का सही दिशा में इस्तेमाल करें न कि गलत काम के लिए प्रयोग करें।

विजय टाइटलर ने कहा कि मोबाइल के बढ़ते इस्तेमाल से पारिवारिक रिश्तों मे दरार पड़ रही है और रिश्ते ख़त्म हो रहे हैं। राजीव खारी ने कहा कि हर सुविधा का प्रयोग लिमिट में करें जिससे परिवार व समाज को कोई किसी तरह की हानि न हो। नितिन पटेल, राहुल त्यागी, कमल मुखिया आदि ने भी विचार व्यक्त करे।

# कार की भिड़ंत में ई-रिक्शा चालक हुआ घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र के संभल मार्ग पर ई-रिक्शा व कार की भिड़ंत में ई-रिक्शा चालक घायल हो गया। घायल ई रिक्शा चालक को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। कोतवाली क्षेत्र के गांव सतैडा निवासी प्रकाश पुत्र गुलाब सिंह ई रिक्शा से बुधवार की देर शाम आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव से दावत खाकर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी ई-रिक्शा नगर के संभल मार्ग स्थित एक पेट्रोल पंप के निकट पहुंची तो सामने से आ रही कार ने ई रिक्शा को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ई रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और चालक भी घायल हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने कार, चालक व ई रिक्शा को कोतवाली ले आई। गुरुवार की दोपहर बाद ई रिक्शा चालक व कार चालक में समझौता हो गया।

# एनडीआरएफ ने ग्रामीणों को दिया प्रशिक्षण


ग्रामीणों को प्रशिक्षण देती एनडीआरएफ टीम। • अमृत विचार

संवाददाता, हसनपुर

- भूकंप सुरक्षा] वज्रपात और सर्पदंश प्रबंधन के बारे में बताया

**अमृत विचार :** एनडीआरएफ टीम ने ग्रामीणों को भूकंप सुरक्षा वज्रपात सुरक्षा तथा सर्प दंश प्रबंधन के बारे में जानकारी दी। टीम ने बच्चों को अस्पताल पूर्व चिकित्सा शिक्षा के बारे में डेमो स्ट्रेशन के माध्यम से बताया तथा इसका अभ्यास भी कराया गया।

गुरुवार को एनडीआरएफ टीम ने ग्राम सतेड़ा में जागरुकता अभियान चलाते हुए ग्रामीणों को प्रशिक्षण दिया। एनडीआरएफ की टीम के द्वारा आपदा से बचाव को लेकर विभिन्न तरह की जानकारियां दी गईं। उन्होंने बताया आपदा से पीड़ित व्यक्ति का हार्ट दबाने, मुंह के माध्यम से हवा दिये जाना चाहिए। आपदा के दौरान मरीजों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने को लेकर बनाये जाने वाले स्ट्रेचर, बाढ़ पूर्व की तैयारी और एहतियात के संबंध में लोगों को जागरूक किया। अपने परिवार और अन्य लोगों का बचाव कैसे करें इसके बारे में भी बताया। बाढ़ जब आती है तो पहले बचाव करना जरूरी होता है। वही भूकंप आने पर बचने के लिए क्या करना है इस पर प्रकाश डाला गया। वज्रपात में बचाव को लेकर पानी से निकलने, पेड़ के नीचे, बिजली पोल के पास नहीं खड़ा होना चाहिये। एनडीआरफ एसआई धर्मेंद्र कुमार, राजस्व निरीक्षण अरविंद कुमार शर्मा, प्रमोद कुमार यादव, सनमुख राव, पुरुषोत्तम, लेखपाल, दीपक चौधरी आदि मौजूद थे।

# एसपी ने प्रशिक्षुओं को साइबर अपराध से बचाव की दी जानकारी


जानकारी देते एसपी अमित कुमार आनंद। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- साइबर सिक्योरिटी इंटर्नशिप प्रोग्राम में 22 राज्यों के छात्र-छात्राएं शामिल

**अमृत विचार :** साइबर सिक्योरिटी इंटर्नशिप प्रोग्राम 2025 के तहत वेंक्टेश्वरा विश्व विद्यालय में एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश के 22 राज्यों से छात्र-छात्राएं शामिल हुए। एसपी अमित आनंद ने साइबर अपराध से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि आम लोग किस तरह साइबर ठगी का शिकार होते हैं। पुलिस की जिम्मेदारियों तथा युवा पीढ़ी की भूमिका के संबंध में उपयोगी मार्गदर्शन दिया गया।

गुरुवार को कार्यक्रम में एसपी अमित कुमार आनंद ने युवाओं को साइबर जागरूकता के प्रति प्रेरित करते हुए बताया कि साइबर क्राइम के बदलते स्वरूप को समझना और उसका सामना करने हेतु तकनीकी दक्षता आवश्यक है। उन्होंने इंटर्नशिप में सम्मिलित छात्रों को इस क्षेत्र में करियर के विभिन्न आयामों पर भी प्रकाश डाला। फर्जी कॉल, लिंक और ओटीपी के जरिए होने वाली धोखाधड़ी के बारे में विस्तार से समझाया। साइबर सुरक्षा के लिए कई उपयोगी सुझाव दिए। इनमें दो-स्तरीय सत्यापन का उपयोग, मजबूत पासवर्ड बनाना और संदिग्ध लिंक से दूर रहना शामिल है। छात्रों को साइबर अपराध की रिपोर्टिंग कैसे करें, इसकी भी जानकारी दी गई। एसपी ने कहा कि अमरोहा पुलिस द्वारा संचालित यह इंटर्नशिप युवाओं को साइबर स्पेस में सुरक्षित रहना सिखाने के साथ-साथ उन्हें डिजिटल अपराधों के विरुद्ध एक जागरूक प्रहरी के रूप में तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**गजरौला, अमृत विचार:** फैक्ट्री से ड्यूटी करके घर जा रहे बाइक युवक की कार की टक्कर से मौत हो गई। जबकि उसका साथी घायल हो गया।

क्षेत्र के गांव शीशोवाली निवासी 27 वर्षीय गोविंदा पुत्र खूब सिंह व देशराज गजरौला की एक फैक्ट्री में ड्यूटी कर बुधवार रात बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान गजरौला-तिगरी मार्ग पर गांव कुमराला के पास सामने से आ रही तेज गति कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। गोविंदा की मौके पर मौत हो गई जबकि देशराज गंभीर घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर जमा हुए लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि मामले में मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# चोरियों का खुलासा थाना प्रभारी के लिए चुनौती

संवाददाता, हसनपुर

- वरुण कुमार का तबादला, दिनेश कुमार बने हसनपुर थाना प्रभारी

**अमृत विचार :** नवनियुक्त प्रभारी निरीक्षक के लिए हसनपुर कोतवाली इलाके में घटी चोरियों का खुलासा करना चुनौती होगा।

हसनपुर के प्रभारी निरीक्षक वरुण कुमार का तबादला गैर जनपद के लिए हो गया है। उनके स्थान पर थाना सैदनगली के प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा को हसनपुर का नया प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। हसनपुर कोतवाली क्षेत्र में पिछले दिनों एक दर्जन के करीब हुई चोरियों का खुलासा प्रभारी निरीक्षक वरुण कुमार नहीं कर पाये। इन चोरियों का खुलासा करना नये प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा के लिए एक चुनौती होगा। 4 मई को पुराने डाकखाने पर शोभित शर्मा, अनुज शर्मा एवं विशाल शर्मा के घर से 3 लाख की चोरी हुई थी। 6 मई को पुराने डाकखाने पर ही शुभम शर्मा के घर से डेढ़ लाख की चोरी हुई थी। ब्राह्मण महासभा इस मामले में ज्ञापन भी सौंपा था। 7 मई को गांव रखेड़ा में फोटोग्राफर विनोद के कैमरे चोरी हो गये थे। 14 मई को पुराने डाकखाने पर ब्रह्मपाल पुत्र नत्थू सिंह के रेडीमेड की दुकान से एक लाख की चोरी हो गई थी।

14 जून को गांव करनपुर माफी में तरुण पुत्र गौतम की बिल्डिंग मटेरियल की दुकान से दिन दहाड़े 76 हजार की चोरी हो गई थी। 15 जून को कोतवाली से चंद कदमों की दूरी पर स्थित शराब कैंटीन से नन्ने सिंह पुत्र हरकेश की जेब से साढ़े 5 हजार की लूट हो गई थी। 20 जून को मोहल्ला चमन के कंपोजिट कन्या प्राथमिक विद्यालय के ताले तोड़कर हजारों की चोरी हो गई थी। बाइके और ई-रिक्शा चोरी की भी घटनाएं हुईं। अधिकतर में पुलिस ने रिपोर्ट भी दर्ज नहीं की है। चोरों की इन वारदातों का खुलासा करना नये प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा के लिए बड़ी चुनौती है। इसके अलावा पुलिस पर फैसलों के नाम पर जनता से पैसा लेने के भी आरोप लगते रहे हैं।

## सार-संक्षेप

### रामूवालिया फाउंडेशन ने शुरू की निशुल्क तीर्थ यात्रा



**हसनपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के बुजुर्गों को दो दिवसीय निशुल्क तीर्थ यात्रा करने के लिए रामू वालिया फाउंडेशन के द्वारा बसें रवाना की गईं। हसनपुर क्षेत्र के विभिन्न गांवों के 351 बुजुर्ग गांव देहरा मिलक से हरिद्वार के लिए रवाना हुए। रामूवालिया फाउंडेशन के अध्यक्ष संजीव चौहान और उपाध्यक्ष डब्लू सिंह चौहान ने बसों को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। लोकेश सिंह प्रधान, पंकज शर्मा प्रधान, चमन सिंह प्रधान, वीरेंद्र शर्मा, सचिव अंकित चौहान, गोलू चौहान सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### बैंक ऋण से संबंधित मामलों का निस्तारण हो: डीएम

**अमरोहा, अमृत विचार :** डीएम ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैंकर्स की डीएलआरसी की त्रैमासिक समीक्षा बैठक में कहा कि सरकार की योजनाओं पर प्राथमिकता के साथ ऋण दिया जाए। बैंक ऋण से संबंधित जो भी प्रार्थना पत्र मिले उनका निस्तारण प्राथमिकता के साथ किया जाए कोई भी लंबित न रहें। गुरुवार को डीएम ने बैठक के दौरान प्रत्येक बैंक से लोन संबंधित आवेदन वार्षिक लक्ष्य सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिए कि अपने विभाग से संबंधित चार कर्मचारियों की टीम बनाकर सभी बैंकों में भेजें ताकि जो बैंक द्वारा आवेदन रिजेक्ट किए गए हैं उनको एक बार ठीक से देख लें और तीन दिवस के अंदर उक्त कार्य पूर्ण कर लें और सभी फाइलों का डिस्पोजल करें। सभी बैंकर्स को दिशा-निर्देश देते हुये कहा कि जो सरकार की योजनाएं चलाई जा रही हैं उन्हें प्राथमिकता के साथ ऋण दें। प्रार्थना पत्रों को गंभीरता से लिया जाए। कहा कि जो प्रार्थना पत्र रिजेक्ट करने योग्य है तो रिजेक्ट करें या कोई कमी है तो बुला कर सही कर ले लेकिन उसको लंबित न रखा जाए यदि रिजेक्ट किया जा रहे हैं तो उसका कारण बताया जाए। कहा कि जो लक्ष्य बैंकों को दिया गया है उसके अनुसार प्रगति दिखना चाहिए। जो ऋण के आवेदन लम्बित है उनका गुणवत्तापूर्ण सत्यापन करें। बैठक में उपायुक्त उद्योग, लीड बैंक मैनेजर, आदि अन्य बैंक के अधिकारी प्रबंधक एवं बैंकर्स उपस्थित रहे।

### नशा मुक्त भारत अभियान के तहत शपथ दिलाई



**अमरोहा, अमृत विचार :** डीएम निधि गुप्ता ने कलेक्ट्रेट सभागार में नशा मुक्त भारत अभियान पखवाडा के अंतर्गत शपथ दिलाई। कहा कि हमारे देश में, विशेष रूप से युवाओं के बीच नशीली दवाओं का दुरुपयोग बढ़ता जा रहा है और ये चिंता का विषय है। शपथ लेते हैं कि हम नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम में सहयोग करेंगे। हम यह वचन देते है कि किसी भी प्रयोजन के लिए किसी भी प्रकार से हानिकारक अथवा अवैध पद्रार्थों का सेवन नहीं करेंगे। प्रत्येक व्यक्ति, विशेषत: युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए नशीली दवाओं के दुष्प्रभावों के संबंध में जागरूकता पैदा करेंगे। ताकि भारत का युवा वर्ग नशा मुक्त जीवन-यापन कर सके और वे समाज के रचनान्नक एवं महत्वपूर्ण सदस्य बन सके। आज हम प्रतिमा करते हैं कि नशे से दूर रहेंगे और स्वस्थ जीवन-यापन करेंगे। इस अवसर पर जिला आबकारी अधिकारी सहित कलेक्ट्रेट परिसर के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कक्षा दो की छात्रा को कुत्तों ने किया घायल



**हसनपुर, अमृत विचार :** नाना के साथ खेत पर गई कक्षा दो की छात्रा को कुत्तों के झुंड ने हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। घायल छात्रा को उपचार के लिए निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। चिकित्सकों ने उसे मुरादाबाद रेफर कर दिया। हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव अगापुर उर्फ याकूबपुर में नन्हे सैनी के घर उनकी 6 वर्षीय धेवती रिया पुत्री उमेश सैनी आई हुई है। गुरुवार की सुबह नन्हे उसे साथ लेकर खेत पर गए थे। वह खेत पर काम करने लगे। तभी कुत्तों का झुंड आया और रिया पर हमला बोल दिया। इससे पहले नन्हे सैनी कुछ समझ पाते कुत्तों के झुंड ने छात्रा को नोच नोच कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल छात्रा को नन्हे सैनी निजी चिकित्सक के यहां ले गए, जहां हालत गंभीर होने पर मुरादाबाद के लिए रेफर कर दिया। क्षेत्र में कुत्तों के झुंड अक्सर लोगों पर हमला कर देते हैं। एक महीना पूर्व एक मासूम को कुत्तों के झुंड ने नोच नोच कर मौत के घाट उतार दिया था। ग्रामीणों ने कुत्ते पकड़वाने की मांग की है।

### डॉग स्क्वायड, स्वाट टीम ने कोर्ट में चलाया सुरक्षा अभियान



**अमरोहा, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देश पर न्यायालय परिसर में गुरुवार को व्यापक सुरक्षा चेकिंग अभियान चलाया गया। एएस चेक टीम, डॉग स्क्वायड, स्वाट टीम और अग्निशमन टीम ने संयुक्त रूप से अभियान में हिस्सा लिया। टीमों ने न्यायालय परिसर में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच की। न्यायालय में आने-जाने वाले सभी लोगों की तलाशी ली गई। सुरक्षा टीम ने परिसर में लगे मेटल डिटेक्टर, स्कैनर मशीन और सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। हैंड सेट की कार्यप्रणाली भी जांची गई। आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। अभियान में न्यायालय सुरक्षा प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार, अग्निशमन दल प्रभारी रजा हुसैन, एएस चेक टीम प्रभारी सतीश चौधरी और स्वान दल टीम प्रभारी सन्नी राणा सहित अन्य पुलिसकर्मी रहे।

### हाईटेंशन लाइन के करंट से युवक झुलसा



**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव हथियाखेड़ा में बीती रात्रि गौरव पुत्र चेतराम के घर में हाईटेंशन लाइन का करंट उतर आया। जिससे घर में रखे उपकरण फूंक गए और धुआं निकलने लगा। इस दौरान घर में सो रहा गौरव अचानक बिजली के तार हटाने लगा। वह हाईटेंशन लाइन की करंट की चपेट में आकर झुलस गया। परिजनों के द्वारा घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### ट्रैफिक पुलिस ने टेंपो किया सीज

**हसनपुर, अमृत विचार :** ट्रैफिक पुलिस के सीओ को सूचना मिली थी कि संभल मार्ग पर एक नाबालिग टेंपो चलाता है। उसी के आधार पर उन्होंने ट्रैफिक पुलिस को मामले की जांच कर टेंपो को सीज करने के आदेश दिये थे। ट्रैफिक पुलिस के टीएसआई ने मौके पर पहुंचकर टेंपो को पकड़ लिया। लेकिन पकडते समय टेंपो का मालिक टेंपो चला रहा था। बावजूद पुलिस ने संभल बस स्टैंड से टेंपो को पड़कर सीज कर दिया।

### सड़क में घटिया सामग्री लगाने की शिकायत

**गजरौला, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला आंबेडकर नगर में बन रही सड़क में घटिया सामग्री लगाने का आरोप लगाते हुए सभासद ने मुख्यमंत्री से शिकायत की है। गौरतलब है कि मोहल्ला आंबेडकर नगर में करीब 35 लाख रुपये की लागत से सड़क का निर्माण किया जा रहा है। आरोप है कि सड़क निर्माण कार्य मानक अनुसार नहीं हो रहा है, घटिया सामग्री लगाई जा रही है। सभासद विनीता अग्रवाल ने इस बावत मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र में कहा कि जिस ठेकेदार द्वारा सड़क का निर्माण कराया जा रहा है, उस पर पहले भी घटिया सामग्री से निर्माण करने के आरोप लग चुके हैं। बावजूद इसके भी उसी ठेकेदार से निर्माण कार्य कराया जा रहा है। मामले में जांच कराते हुए ठेकेदार की संस्था को ब्लैक लिस्ट करने के साथ ही आगे की कार्रवाई करने की मांग की। वहीं ईओ ललित कुमार आर्य ने मामला संज्ञान में नहीं होने की बात कही। कहा कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### टंडेरा कांडः कर्ज ने निगल लिया परिवार, पिता अस्पताल में लड़ रहा जिंदगी के लिए जंग

# डीएम ने बनाई जांच समिति...गांव में मातम, सवाल और गुस्सा

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

**अमृत विचारः** नूरपुर के ग्राम टंडेरा में गुरुवार को सामने आई परिवार के जहर खाने की घटना ने खलबली मचा दी। मां और दोनों बेटियों की मौत हो गई जबकि पिता की हालत नाजुक बनी हुई है। डीएम ने तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित की है।

ग्राम टंडेरा निवासी पुखराज सिंह प्रजापति कर्ज के बोझ से दबे थे। बताया गया कि करीब छह लाख का कर्ज है। ब्याज के साथ कर्ज बढ़ता रहा, लेकिन आमदनी नहीं बढ़ी। कर्ज न चुका पाने का मानसिक दबाव इतना बढ़ गया कि गुरुवार सुबह उन्होंने पत्नी रामेशिया और दो बेटियों सीतो व अनिता के साथ जहर खा लिया। मां और दोनों बेटियों की मौत हो गई। एसपी अभिषेक झा ने बताया कि आर्थिक तनाव ही आत्मघाती कदम की मुख्य वजह मानी जा रही है। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने एसडीएम, सीओ, एक चिकित्सा अधिकारी की समिति गठित की। समिति घटना के सामाजिक, आर्थिक, स्वास्थ्य और प्रशासनिक पक्षों की जांच कर सात दिनों में रिपोर्ट सौंपेगी।



ग्रामीणों से जानकारी लेते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार



गांव में पुखराज सिंह की झोपड़ी। ● अमृत विचार

### कौन जिम्मेदार है इस बर्बादी का

गांव टंडेरा में मातम पसरा हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार पुखराज का परिवार मेहनतकश परिवार था। कर्ज का बोझ उनकी कमर तोड़ चुका था। ग्रामीणों ने बताया कि साहूकारों ने भारी ब्याज पर पैसे दिए थे और कर्ज वसूली के लिए लगातार दबाव बना रहे थे। ऐसे कर्जदाताओं की पहचान कर उन पर शिकंजा कसने की मांग की। बहरहाल सवाल खड़ा हो गया कि ग्राम स्तर पर ऋण नियंत्रण, पारिवारिक काउंसलिंग और सामाजिक सहायता प्रणाली क्यों प्रभावी नहीं है।

## नशा मुक्ति के लिए आमजन को जागरूक करेंः डीएम

**बहजोई, अमृत विचारः** अंतरराष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस पर नशा मुक्त भारत अभियान के तहत गोष्ठी में डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने अधिकारियों तथा युवाओं को नशा न करने की शपथ दिलाई। इसके लिए जागरूकता की बात कही। डीएम ने कहा कि नशा करने के कारणों में प्रमुख मन की दुर्बलता है। नशा से मुक्ति कैसे मिले उसको लेकर उन्होंने कहा कि नशा को छुडाने के लिए अपनी लकीर बड़ी करने होगी। सीडीओ गोरखनाथ भट्ट ने कहा कि मादक पदार्थों से जीवन निष्प्राण हो जाता है। स्कूली बच्चों ने नाटक के माध्यम से नशा मुक्ति का संदेश दिया।

## सार संक्षेप

### नितिन गडकरी से मिले आचार्य प्रमोद कृष्णन



**संभल,अमृत विचार :** ऐंचौड़ा कम्बोह स्थित श्री कल्कि धाम के पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने दिल्ली में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। उन्हें शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन किया और कल्कि दूत पुस्तक भेंट की। कल्कि धाम के निर्माण सहित कई विषयों पर बातचीत करते हुए कल्कि धाम आने का निमंत्रण दिया। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने सैदनगली से जोया मार्ग का विस्तारीकरण और चौड़ीकरण किए जाने की मांग रखी। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि जोया से मनोटा और सैदनगली होते हुए नेशनल हाईवे लखनऊ-दिल्ली और हरिद्वार क्षेत्र यह गंगा एक्सप्रेस वे से जुड़ जाएगा। नेशनल हाईवे, जनपद अमरोहा और हरिद्वार क्षेत्र से आने वाले लोगों के लिए गंगा एक्सप्रेस वे से होकर जाएंगे तो बढ़िया वैकल्पिक मार्ग होगा। नितिन गडकरी ने आश्वासन देते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

### स्वास्थ्य शिविर में जरुरतमंदों का किया उपचार

**चन्दौसी, अमृत विचार :** जिला प्रशासन के सहयोग से उम्मीद संस्था की ओर से भीख से सीख की ओर कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कॉशीराम आवासीय कालोनी में परिवारों की स्वास्थ्य की जांच की गई। सीएचसी की टीम ने 50 लोगों की जांच कीं। टीम में डॉ. हिमांशु ने मरीजों से साफ-सफाई के लिए जागरुक किया। डॉ. रैना शर्मा, सचिन कुमार, प्रियंका सिंह, प्रीतम चौधरी, मुस्तशिम मलिक, सविता, रेखा, विवेक, अमरीन, हिना आदि मौजूद रहे।

### भाकियू टिकैत ने दी आंदोलन की चेतावनी



**संभल/मनोटा, अमृत विचार :** भारंतीय किसान यूनियन टिकैत की नुक्कड़ सभा असमोली क्षेत्र के गांव हैदरपुर में हुई। जिसमें किसानों की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष मनपाल सिंह यादव ने कहा कि जिले में किसानों को संगठित होने की जरूरत है क्योंकि शासन प्रशासन किसानों की समस्याओ को अनदेखी कर रहे हैं। बिजली, पुलिस विभाग किसानों को लूट रहे हैं। गांव हैदरपुर में कई साल से जलभराव से ग्रामीण परेशान हैं। कहा कि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ और किसानों का उत्पीड़न नहीं रुका तो संगठन बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगा। चौधरी तेजपाल सिंह को न्याय पंचायत अध्यक्ष और रामकिशन सिंह को ग्राम अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस दौरान चंद्रपाल सिंह, रामवीर सिंह त्यागी, डॉ. पुरेन्द्र सिंह, महेश यादव, संजीव यादव, अंकित त्यागी, चौधरी धर्मवीर सिंह, भोजराज सिंह, रामखिलाड़ी सिंह, देवेश चौधरी, अशोक कुमार, तेजपाल सिंह, रामकिशन, रजनीश त्यागी, रिंकू चौधरी आदि रहे।

### रास्ते पर बनी मजार पर चला प्रशासन का बुलडोजर



**संभल,अमृत विचार :** प्रशासन ने गांव अखबंदपुर काफूरपुर में सरकारी रास्ते की भूमि गाटा संख्या 384 में रकबा 0 .918 हेक्टेयर पर अतिक्रमण चिह्नित किया था। जहां मजार बनी हुई थी। इस मामले में तहसीलदार धीरेंद्र कुमार सिंह ने टीम गठित की थी। जिसमें टीम प्रभारी राजस्व निरीक्षक विजयपाल सिंह, लेखपाल हिमांशु सिंह, दिगपाल सिंह, मुकेश कुमार शर्मा को रखा गया। तहसीलदार ने अतिक्रमण को हटवाने के निर्देश दिए थे। गुरुवार को राजस्व विभाग की टीम ने बुलडोजरसे मजार को ध्वस्त करा दिया।

### जायंटस नवशक्ति व समर्पण का अधिष्ठापन कार्यक्रम



**चन्दौसी, अमृत विचार :** जायंट्स ग्रुप आफ महिला नवशक्ति एवं समर्पण के अधिष्ठापन कार्यक्रम में पदाधिकारी व सदस्यों को शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि डॉ. सुधा चौधरी ने दीप प्रज्जवन किया। माधुरी शर्मा ने स्वागत गीत गाया। यूनिट डायरेक्टर क्षमा अग्रवाल ने सदस्यों को शपथ दिलाई। दोनों संगठनों की अध्यक्ष के नीता सिंह व बबली शर्मा को भी शपथ दिलाई गई। मीनू वार्ष्णेय ने हाऊजी गेम का संचालन किया। विजेताओं को पुरुस्कार दिया गया। रश्मि वर्मा, सपना गुप्ता व सरोज शर्मा ने साइबर क्राइम पर नाटक प्रस्तुत किया। अतिथियों के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अध्यक्षता शुभ्रा शर्मा व संचालन अभिलाषा, मीनू वार्ष्णेय ने किया। रानी शर्मा, बबिता अग्रवाल, रचना गुप्ता, सपना गुप्ता, साधना शर्मा आदि मौजूद रहे।

# युवक ने तहसील में अपने ऊपर पेट्रोल डाला

**नगीना,अमृत विचारः** भूमि के दाखिल खारिज के एक मामले में तहसीलदार के निर्णय से क्षुब्ध होकर एक युवक ने तहसीलदार कक्ष के सामने अपने ऊपर पेट्रोल छिड़क लिया। परिवार के लोगों ने हंगामा किया। पुलिस युवक और उसके परिजनों को थाने ले गई।

मौहल्ला कस्बा निवासी दो पक्षों आदिल अब्बास व महफूज में काश्त की भूमि के दाखिल खारिज को लेकर तहसीलदार न्यायालय में मामला चल रहा था। गुरुवार को तहसीलदार द्वारा दिये गये निर्णय से क्षुब्ध होकर आदिल पेट्रोल की बोतल लेकर तहसीलदार कक्ष के सामने पहुंच गया और अपने ऊपर पेट्रोल छिड़क लिया। पुलिस युवक को पकड़कर थाने ले गई । तहसीलदार आशीष सक्सैना ने बताया कि बैनामे के आधार पर निर्णय देकर दोनों पक्षो के हक में हक के आधार पर दाखिल खारिज के आदेश दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि आदिल पक्ष चाहता था कि कुल भूमि का दाखिल खारिज उसके हक में हो। दबाव बनाने के लिए उन्होंने ऐसा कार्य किया है।

# नाले के ऊपर अतिक्रमण कराया ध्वस्त

## एसडीएम ने नाले के आगे बने मकानों के स्वामियों से बैनामे दिखाने को कहा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचारः** एनकेबीएमजी कालेज के पास नाले के ऊपर किए गए अतिक्रमण को जेसीबी से ध्वस्त करा दिया गया। यहां वाल्मीकि व जाटव समाज के लोग रहते हैं। नाले के पास बने 5 मकानों से बैनामे दिखाने की बात कही गई है। वहीं लक्ष्मण गंज में पालिका की भूमि पर बनी मस्जिद को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। अब मस्जिद के समीप स्थित 4 दुकानों को ध्वस्त करने की कार्रवाई की गई जाएगी।

संभल गेट के पास एनबीएमजी कॉलेज के आसपास नाले के ऊपर पिछले कई वर्षों से वाल्मीकि व जाटव समाज ने स्थायी अतिक्रमण कर लिया था। गुरुवार की दोपहर 12 बजे एसडीएम विनय कुमार मिश्रा ने जेसीबी से अतिक्रमण को ध्वस्त करवा दिया। एसडीएम ने बताया कि नाले के ऊपर किए अतिक्रमण को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं 5 मकान स्वामियों से बैनामे दिखाने की बात कही गई है। बताया गया है कि बैनामे में जितनी जगह होगी उसे छोड़कर अन्य को ध्वस्त कर दिया जाएगा। वहीं लक्ष्मण गंज में पालिका की साढ़े छह बीघा भूमि पर एक मस्जिद व 34 मकान बना लिए गए। प्रशासन ने मस्जिद को ध्वस्त करा दिया गया है। अब मस्जिद के पास बनी 4 दुकानों को खाली करा लिया है। जिन्हें 1 से 2 दिन में ध्वस्त कराया जाएगा।



नाले के ऊपर अतिक्रमण हटाती जेसीबी। ● अमृत विचार


## राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केन्द्र, जिला पंचायत परिषद परिसर, मुरादाबाद

**उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग,) उ0प्र0**

**प्रवेश सूचना**

उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केन्द्र, जिला पंचायत परिषद परिसर, डिप्टी गंज, मुरादाबाद में सत्र-2025-26 के एक वर्षीय ट्रेड डिप्लोमा के निम्न ट्रेडों में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

| प्रशिक्षण केन्द्र का नाम | एक वर्षीय प्रशिक्षण कोर्स | | | एक मासिक प्रशिक्षण कोर्स | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | कैनिंग एवं खाद्य संरक्षण प्रशिक्षण | कुकरी (पाक कला) प्रशिक्षण | बेकरी एवं कन्फैक्शनरी प्रशिक्षण | कुकरी (पाक कला) प्रशिक्षण | बेकरी एवं कन्फैक्शनरी प्रशिक्षण | सम्मिलित कोर्स |
| राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केन्द्र, जिला पंचायत परिसर, मुरादाबाद | 15 | 15 | 15 | 25 | 25 | 50 |

आरक्षण:- प्रवेश में अनु0 जाति/ज0जा0 व पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों को नियमानुसार आरक्षण अनुमन्य है।

शैक्षिक योग्यता:- एक वर्षीय खाद्य संरक्षण ट्रेड में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी को इन्टरमीडिएट अथवा समकक्ष परीक्षा, विज्ञान, कृषि विज्ञान, गृह विज्ञान या व्यावसायिक शिक्षा (फल संरक्षण) में द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण होना अनिवार्य हैं। बेकरी एवं कन्फैक्शनरी तथा कुकरी ट्रेड में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी को इन्टरमीडिएट अथवा समकक्ष परीक्षा द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण होना चाहिये।

आयु सीमा:- 01 जुलाई, 2025 को 18 वर्ष से 25 के मध्य होनी चाहिए। अनु0जा0. ज0जा0 व खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नॉमिनी के लिये आयु सीमा में नियमानुसार छूट अनुमन्य होगी। महिला अभ्यर्थियों के लिये अधिकतम आयु सीमा का बन्धन नहीं है।

आवेदन-पत्र निम्न हस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में दिनांक 01.07.2025 से कार्यालय दिवस में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक रूपये 30 /- नकद जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन-पत्र प्राप्त करने एवं जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांक 01.08.2025 है। अभ्यर्थियों का चयन मेरिट के आधार पर किया जायेगा। चयनित अभ्यर्थियों की सूचना दिनांक-07.08.2025 को कार्यालय के नोटिस बोर्ड से प्राप्त की जा सकती है। अधिक जानकारी हेतु कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे के बीच अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क करें।

UP – 235308 **दिनांक:** 25/06/2025
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in **पर उपलब्ध है।**

प्रधानाचार्य
राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केन्द्र
जिला पंचायत परिसर
मुरादाबाद


# सपाइयों ने मनाई छत्रपति शाहूजी महाराज की जयंती



छत्रपति शाहू जी महाराज की जयंती मनाते सपा पदाधिकारी।

**बहजोई, अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने छत्रपति शाहूजी महाराज की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी ने कहा कि छत्रपति शाहू महाराज सामाजिक क्रांति के अग्रदूत, आरक्षण के जनक, शोषित, वंचित, दलित व अल्पसंख्यक पिछड़ों की शिक्षा की पहल करने वाले थे। उन्होंने रूढ़िवादी परम्पराओं और छुआछूत को समाप्त किया। कहा कि गोरखपुर में पार्टी के वरिष्ठ नेता व नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने हमला किया जो संविधान विरोधी है। पीडीए 2027 में भाजपा को सत्ता से बाहर करेगा। जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधार ने कहा कार्यकर्ता संकल्प लें कि समाज से कुरीतियों , छुआछूत को खत्म करेंगे। उमेश यादव, शोभित कुमार काका, सद्दाम कुरेशी, चेतन गुप्ता, पूरन लाल मौर्य, राजेश कुमारी, शारदा यादव, कामरेड रेवाराम, संजय मदान, सत्यवीर सिंह यादव, बलवंत सिंह जाटव, रामनिवास दिवाकर आदि मौजूद रहे।

## हत्या के आरोप पर पांच माह बाद कब्र से निकाला शव

**बिजनौर, अमृत विचारः** पत्नी द्वारा डीएम से की गई शिकायत के बाद पति का शव पांच महीने बाद कब्र से निकालकर परीक्षण को भेजा गया है।

थाना धामपुर क्षेत्र के गांव निंदड़ू. में पांच महीने पहले मोहम्मद सादिक की मौत हो गई थी। पत्नी गुलनाज ने ससुराल पक्ष पर पति की हत्या का आरोप लगाते हुए डीएम से शिकायत की थी। डीएम के आदेश पर एसडीएम रितू रानी व सीओ अभय पाण्डेय ने कब्रिस्तान में सादिक का शव निकलवाकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। सादिक के परिजन मौहम्मद मुजीब का कहना है कि गुलनाज व उसके घर वाले पैसा मांग रहे थे। हमने पांच लाख रुपए बच्चे के नाम करने की हामी भरी। पर वे खुद के नाम चाहते थे। इसके बाद ये आरोप लगाए गये हैं।

# युवाओं को नैतिकता संस्कार देने की जरूरत



आर्यवीर प्रशिक्षण शिविर में बोलते आचार्य स्वदेश महाराज। ● अमृत विचार

**बबराला,अमृत विचारः** भीकमपुर जैनी के टीकम सिंह आर्य आदर्श विद्यालय में आर्यवीर दल के तत्वावधान में प्रशिक्षण शिविर के चौथे दिन युवाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए।

गुरुकुल विश्वविद्यालय वृंदावन के संरक्षक आचार्य स्वदेश महाराज ने कहा कि इस तरह के शिविरों से युवाओं में आत्मनिर्भरता, देशभक्ति, आत्मरक्षा, नैतिकता एवं संस्कृति, संस्कारों की भावना पैदा होती है। शिविर प्रभारी दयाशंकर आर्य ने बताया कि शिविर में भारतीय संस्कृति, इतिहास और आदर्शों के बारे में भी बताया जा रहा है। द्वितीय सत्र में यज्ञादि वैदिक अनुष्ठानों के माध्यम से युवाओं को सनातन वैदिक संस्कृति से जोड़ने के लिए प्रेरित किया गया। गुरूवार को भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिव्य प्रकाश, जुनावई भाजपा मंडलाध्यक्ष दानवीर सिंह कुशवाह भी मौजूद रहे। शिविर में व्यायाम शिक्षक राजकुमार आर्य, सुभाष आर्य, नारायण आर्य, प्रशान्त, अजीत आर्य, विश्वजीत आर्य, प्रमुख आर्य ने तलवार भाला, लाठी, लेजियम, डम्बल आसान, स्तूप, रस्सा मलखम्ब, दंड बैठक आदि का अभ्यास कराया।

### कालोनी बसाने के लिए ले-आउट पास कराना अनिवार्य

**चन्दौसी, अमृत विचार :** तहसील सभागार में गुरुवार को एसडीएम ने प्रॉपर्टी डीलरों बिल्डर्स के साथ बैठक में कहा कि बिना ले-आउट पास वाली कॉलोनियों पर कार्रवाई की जाएगी। इसलिए ले-आउट का आवेदन करने के लिए कालोनी स्वामियों को 10 दिन का समय दिया गया है। यह कदम आवास खरीदने वाले लोगों के हित में उठाया जा रहा है। इससे भविष्य में खरीदारों परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।







## एक नजर

### निजीकरण का मसौदा निरस्त कर गठित की जाए जांच अथॉरिटी

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने कहा कि राज्य विद्युत नियामक नियामक आयोग की ओर से ऊर्जा निगमों के निजीकरण का मसौदा निरस्त कर जांच अथॉरिटी गठित की जाए। परिषद की ओर से गुरुवार को इस सिलसिले में आयोग में याचिका दाखिल की गई। याचिका में कहा गया है कि निजीकरण के प्रस्ताव पर बड़े पैमाने पर गंभीर वित्तीय अनियमितता व संवैधानिक अनियमिता उजागर हुई है। ऐसे में नियामक आयोग विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 128 के तहत 'इंवेस्टिगेटिंग अथॉरिटी' गठित कर पूरे मसौदे की जांच कराए, जिससे और भी गंभीर वित्तीय अनियमितता का खुलासा हो सके।

### नशा मुक्त भारत अभियान में बनें सहभागी

**अमृत विचार, लखनऊ :** युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए आबकारी एवं मद्यनिषेध राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने जनसामान्य से अपील की है कि 'नशा मुक्त भारत अभियान' व 'एक युद्ध नशे के विरुद्ध' की मुहिम में सहभागी बनकर इस अभियान को गति प्रदान करे। प्रदेश को नशा मुक्त बनाने में तभी सफल होंगे, जब तक हर व्यक्ति इसमें सहयोग नहीं देगा। समाज नशा मुक्त होगा तभी नैतिकता, सामाजिक मूल्यों एवं आदर्श प्रतिमानों के सिद्धांतों के साथ हम पूर्ण विकसित राष्ट्र बनने का सपना साकार कर सकेंगे। आबकारी मंत्री गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, में मादक पदार्थों का दुरुपयोग एवं अवैध व्यापार विरोधी विषयक संपन्न कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस मौके पर विभाग द्वारा 23 जून को संपन्न विभिन्न प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस आज योगी खोलेंगे योजनाओं का पिटारा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लखनऊ में आयोजित समारोह में कई परियोजनाओं का होगा उद्घाटन

**अमृत विचार :** योगी सरकार प्रदेश में एमएसएमई इकोसिस्टम को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा प्रयास करने जा रही है। अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस के मौके पर शुक्रवार को लखनऊ में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कई बड़ी घोषणाएं और लोकार्पण करेंगे।

रोजगार, उद्यमिता और स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने वाली योजनाओं को गति देने वाले इस कार्यक्रम में युवाओं और कारीगरों को विशेष लाभ मिलेगा। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र को बढ़ावा देने, युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और पारंपरिक उद्योगों को वैश्विक पहचान दिलाने के उद्देश्य से आयोजित यह कार्यक्रम कई मायनों में विशिष्ट होगा। कार्यक्रम में योगी 'सीएम युवा मोबाइल ऐप' का बटन दबाकर शुरुआत करेंगे। यह युवाओं के लिए रोजगार, परामर्श और उद्यमिता से जुड़ी सुविधाएं प्रदान करने का माध्यम बनेगा। इसी पर आधारित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी होगा। लखनऊ के किसान बाजार में विकसित 'यूथ अड्डा' का भी मुख्यमंत्री योगी द्वारा लोकार्पण किया जाएगा।

# गरीबों को मिलेगी 43,850 हेक्टेयर उपजाऊ जमीन

## शासन ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए मंजूर की कार्ययोजना, कृषि निदेशक को भेजी गाइडलाइन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बीहड़, बंजर व डूब क्षेत्रों का सुधार कर भूमिहीन खेतिहर मजदूरों को आवंटित होगा

**अमृत विचार :** योगी सरकार वित्तीय वर्ष 2025-26 में 43 हजार 850 हेक्टेयर बीहड़, बंजर व डूब क्षेत्रों की जमीनें उपजाऊ बनाकर गरीबों व भूमिहीन खेतिहर मजदूरों को देगी। इस कार्य में 113 करोड़ 6 हजार रुपये खर्च होंगे। भूमि का सुधार कृषि विभाग करेगा, जबकि आवंटन का कार्य राजस्व विभाग के जिम्मे है।

इस बाबत पूरी कार्ययोजना मंजूर करते हुए शासन ने कृषि निदेशक को गाइडलाइन भेजी है। बीहड़, बंजर और जलभराव



वाली भूमि में सुधार एवं उसे उर्वर बनाने के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना वर्ष 2022-23 में शुरू की गई थी। हाल ही राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में इसे वर्ष 2026-27 तक विस्तार दिया गया। इस योजना में पांच वर्षों में कुल 602.68 करोड़ रुपये (501.59 करोड़ रुपये राज्य सेक्टर, 51.25 करोड़ रुपये मनरेगा और 49.84 करोड़ रुपये कृषक अंश) से खर्च करके 2 लाख 19 हजार 250 लाख हेक्टेयर समस्याग्रस्त बीहड़/बंजर भूमि सुधार तथा जलभराव क्षेत्र को उर्वर बनाने का लक्ष्य है। योजना में गौतमबुद्ध नगर जिले को छोड़कर राज्य के शेष सभी 74 जिलों में प्रस्तावित हैं।

### अभी यूपी में 24.17 लाख हेक्टेयर भूमि बेकार

यूपी में अभी 24.17 लाख हेक्टेयर भूमि बेकार पड़ी है, जिसे कृषि योग्य बनाया जा सकता है। खेती के लिए अयोग्य भूमि 4.42 लाख हेक्टेयर, कृष्य बेकार भूमि 3.88 लाख हेक्टेयर और परती भूमि 15.81 लाख हेक्टेयर शामिल है। इसमें से इस साल 35600 हेक्टेयर बीहड़, बंजर भूमि सुधारी जाएगी, जबकि 8250 जलभराव की भूमि होगी।

### भूमि सुधार में खर्च होगी धनराशि

कार्ययोजना के अनुसार इस सत्र में 43 हजार 850 हेक्टेयर भूमि को सुधारने में राज्य सेक्टर से 113 .06 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसमें कार्यमद से 90.35 करोड़, फसलोत्पादन से 12.46 करोड़ और मनरेगा से 10.25 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

### शासन, मंडल और जिला स्तर से होगी निगरानी

पं. दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना की शासन, मंडल और जिला स्तर से निगरानी और समीक्षा होगी। राज्यस्तर पर कृषि उत्पादन आयुक्त, मंडल स्तर पर मंडलायुक्त और जिला स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समिति बनाई गई है।

# तकनीक के साथ बढ़ रहा नया भारत : योगी

## मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री ने गाजियाबाद में सीईएल-ईएसडीएस ग्रीन डाटा सेंटर का किया शिलान्यास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भारत सरकार में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने गुरुवार को गाजियाबाद के साहिबाबाद में सीईएल-ईएसडीएस ग्रीन डाटा सेंटर का शिलान्यास किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने सीईएल की यात्रा को भारत के औद्योगिक पुनरुत्थान और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बताया। कहा कि सीईएल जैसे संस्थानों के माध्यम से ही नया भारत अपनी शक्ति, तकनीक और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है।




गाजियाबाद में डाटा सेंटर का शिलान्यास करते मुख्यमंत्री योगी और केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह। साथ में अन्य।

मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। उन्होंने प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण भी किया। कार्यक्रम में सीईएल की ओर से भारत सरकार को लगभग 21 करोड़ रुपये के लाभांश का चेक भी भेंट किया गया, जबकि सीईएल और मल्टी इंफ्रा के बीच 200 मेगावाट सोलर मॉड्यूलर के लिए एमओयू भी हस्तांतरित हुआ।

मुख्यमंत्री ने सीईएल द्वारा रेलवे, रक्षा, अक्षय ऊर्जा और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में किए गए नवाचारों की प्रशंसा की। कहा कि डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर में ब्रह्मोस मिसाइल से जुड़े उपकरण भी सीईएल जैसे संस्थानों के सहयोग से ही बन रहे हैं।

### नोएडा में बनेगा देश का पहला क्वांटम यूनिट

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा कि सीईएल ने 1970 में पहले सोलर सेल को ईजाद किया था। आज 50 साल बाद अब यह ग्रीन डाटा सेंटर भी शुरू करने जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी की प्रशंसा करते हुए कहा कि अयोध्या में मंदिर निर्माण के लिए आपका नाम इतिहास में दर्ज हो गया और मुझे खुशी है कि मेरे मंत्रालय के दो संस्थाओं ने भी उसमें अपना योगदान किया। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द हम नोएडा में आईआईटी के अंदर देश का पहला क्वांटम यूनिट स्थापित करेंगे। इसके साथ ही, लखनऊ के नजदीक बायोटेक्नोलॉजी पार्क स्थापित करेंगे।

# कांवड़ियों को न हो समस्या : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर गाजियाबाद में अफसरों के साथ विस्तृत समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने मुरादनगर से टीला मोड़, कादराबाद बार्डर से गाजियाबाद-दिल्ली बार्डर, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे और एनएच-24 व एनएच-9 पर विशेष व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

उन्होंने वॉच टावर, कांवड़ शिविर, सड़क मरम्मत, मार्ग प्रकाश, सीसीटीवी, शौचालय, स्वच्छ पेयजल, और चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा डिवाइडर कट पर बैरिकेडिंग, खाद्य पदार्थों की दुकानों पर रेट लिस्ट प्रदर्शन, मांस-मदिरा की दुकानों को बंद करने और विद्युत पोलों पर 5 फुट ऊंचाई तक इंसुलेटेड प्लास्टिक शीट लगाने के भी निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने कांवड़ यात्रा को सुचारू और सुरक्षित बनाने के लिए अतिरिक्त व्यवस्थाओं पर जोर दिया। उन्होंने महत्वपूर्ण स्थानों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम, मानव रहित रेलवे फाटकों पर प्रबंधन, सामुदायिक शौचालयों और पेट्रोल पंपों पर सफाई, खाद्य सामग्री की नियमित जांच और महिला-पुरुष शौचालयों की पृथक व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

# 541 केंद्रों पर 2,43,981 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कनिष्ठ सहायक, कनिष्ठ लिपिक व सहायक स्तर-।।। मुख्य परीक्षा को लेकर बैठक

**अमृत विचार :** कार्यवाहक मुख्य सचिव दीपक कुमार ने उप्र. अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ द्वारा 29 जून को होने वाली सम्मिलित कनिष्ठ सहायक, कनिष्ठ लिपिक एवं सहायक स्तर-।।। मुख्य परीक्षा के सफल और पारदर्शी आयोजन को लेकर जिम्मेदार तंत्र को आवश्यक हिदायत दी है। 541 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होने जा रही इस परीक्षा में 2,43,981 अभ्यर्थी भाग लेंगे।

उन्होंने गुरुवार को अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा को शीर्ष प्राथमिकता देकर शुचितापूर्ण, पारदर्शी और नकलविहीन ढंग से संपन्न कराया जाए। उन्होंने स्टैटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेट, केंद्र अधीक्षकों और सहयोगी कर्मियों की समय से ब्रीफिंग सुनिश्चित कराने तथा परीक्षा केंद्रों पर सभी तैयारियां एक दिन पूर्व पूरा कराने के निर्देश दिए।

दीपक कुमार की अध्यक्षता में लोकभवन में की बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा, 21 जिलों (आगरा, अलीगढ़, अयोध्या, आजमगढ़, बरेली, गाजियाबाद, गोरखपुर, झांसी, कानपुर नगर, लखनऊ, मेरठ, मुरादाबाद, प्रयागराज, अम्बेडकर नगर, मथुरा, सहारनपुर, बिजनौर, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, वाराणसी व जौनपुर) के जिलाधिकारियों और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

**बॉयोमेट्रिक कैप्चरिंग अनिवार्य :** उन्होंने कहा कि परीक्षा की गोपनीय सामग्री की निकासी के दौरान विशेष सतर्कता बरतें। नकलविहीन व शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न कराने के लिए एलआईयू व एसटीएफ को सक्रिय रखने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा में शामिल होने के लिये बड़ी संख्या में अभ्यर्थी अन्य जिलों से आयेंगे, उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसलिए परिवहन, रेलवे व ट्रैफिक आदि विभागों के समन्वय आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायी जाएं।

# डाक टिकट घोटाले में तीन गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** सीबीआई ने ढाई करोड़ रुपये के फर्जी डाक टिकट घोटाले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बुधवार देर शाम को टीम ने कार्रवाई की। इस मामले में मुख्य आरोपी उप-पोस्टमास्टर की जांच के दौरान मौत हो चुकी है। सीबीआई अधिकारियों के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों में उप-पोस्टमास्टर के भाई पप्पू सिंह और दो अन्य राजेश कुमार और उसके पिता महेंद्र कुमार शामिल हैं। सीबीआई ने साक्ष्य मिलने के बाद गिरफ्तारी की। बुलंदशहर के लखौटी के एक पूर्व उप-डाकपाल (अब दिवंगत) ने अन्य लोगों के साथ मिलकर फर्जी डाक टिकटों का इस्तेमाल कर पंजीकृत सामानों की बुकिंग की अनुमति दी।

# बैंक में 7.96 करोड़ की हेराफेरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सीबीआई ने गाजियाबाद में मैनेजर व उसकी पत्नी पर दर्ज की रिपोर्ट, जांच शुरू
- बैंक ऑफ बड़ौदा के मेरठ क्षेत्रीय कार्यालय ने की शिकायत

**अमृत विचार :** सीबीआई की गाजियाबाद टीम ने बैंक ऑफ बड़ौदा के मैनेजर रोहित दहिया और उनकी पत्नी विजेता मलिक पर 7.96 करोड़ की हेराफेरी की रिपोर्ट दर्ज की है। सीबीआई ने यह कार्रवाई मेरठ क्षेत्रीय कार्यालय की शिकायत पर जांच के बाद की। रोहित के खाते में 305.08 लाख और पत्नी विजेता मलिक के खाते में 491.62 लाख रुपये जमा करने के साक्ष्य मिले। मुरादाबाद स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की मसवासी टाउन और रहमतगंज शाखा के ग्राहकों के रुपये की मैनेजर ने हेराफेरी की है।

सीबीआई, एसीबी गाजियाबाद का शाखा प्रमुख डीआईजी विजेंद्र कुमार द्वारा जारी सूचना के मुताबिक, रोहित दहिया बैंक ऑफ बड़ौदा मुरादाबाद की शाखा मसवासी टाउन में 4 अक्टूबर 2021 से 15 अक्टूबर 2023 तक और रहमतगंज में 16 अक्टूबर 2023 से 6 फरवरी 2024 तक शाखा में प्रबंधक तैनात रहे। रोहित दहिया ने दोनों शाखाओं में बैंक ग्राहकों की बगैर अनुमति अस्थायी ओवर ड्राफ्ट लिमिट (टीओडीएस) में हेराफेरी की। टीओडीएस की लिमिट बढ़ाई गई और ऋण स्वीकृत कर नकदी निकाली। करीब 54 बैंक खातों में हेराफेरी कर करोड़ों रुपये अपने और अपनी पत्नी विजेता मलिक के खातों में ट्रांसफर किए गए और नकदी भी निकाली। सीबीआई की जांच में सामने आया कि रोहित ने हेराफेरी कर अपने खाते में 305.59 लाख रुपये जमा किए। इसके बाद अन्य खातों में ट्रांसफर कर दिये। वहीं, पत्नी विजेता मलिक के खातों में 491.62 लाख रुपये के लेनदेन के प्रमाण मिले हैं। मसवासी टाउन शाखा के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी राजन और उनकी पत्नी सुनीता के नाम पर 50.26 लाख रुपये का गोल्ड लोन स्वीकृत कर नकद निकाल लिया गया। सीबीआई ने रोहित दहिया के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इस मामले की जांच की जा रही है।

# गुजरात के राष्ट्रीय रक्षा विवि के साथ समझौता

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गुरुवार को गुजरात के गांधीनगर स्थित राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय का भ्रमण किया। इस अवसर पर राज्यपाल की उपस्थिति में प्रदेश के प्रमुख तकनीकी विश्वविद्यालयों हरकोर्ट बटलर तकनीकी विश्वविद्यालय, कानपुर, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय लखनऊ, मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय गोरखपुर और राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय गांधीनगर के बीच विविध शैक्षणिक और अनुसंधान क्षेत्रों में सहयोग के लिए समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर हुए। समझौता ज्ञापन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स एवं अनुसंधान, विविध शोध कार्यों के लिए साझा उपयोग शामिल है।

# शुभांशु के परिजन से मिले अजय राय

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने गुरुवार को अंतरिक्ष यात्रा पर निकले वायुसेना के ग्रुप कैप्टन व भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने उनके माता-पिता को शॉल भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि आज देश और प्रदेश को उनके बेटे पर गर्व है। उनकी यह उपलब्धि न सिर्फ मौजूदा बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरणा देंगी।

# ट्रांसजेंडरों को सीएम युवा अभियान से जोड़ने की पहल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- हर जिले में दो ट्रांसजेंडर्स को मिलेगा रोजगार
- राशन, आवास और स्वास्थ्य योजनाओं का मिलेगा लाभ

**अमृत विचार :** ट्रांसजेंडर्स को सीएम युवा अभियान से जोड़ा जाएगा, जिसके तहत उन्हें कौशल के आधार पर प्रशिक्षण और ऋण सहायता दी जाएगी। सरकार का लक्ष्य है कि हर जिले में कम से कम दो ट्रांसजेंडर्स को रोजगार दिया जाए।

योगी सरकार की मंशा है कि समाज में लंबे समय से उपेक्षित रहे ट्रांसजेंडर समुदाय को न केवल गरिमा के साथ जीवन जीने का अवसर मिले, बल्कि वे सम्मान और अधिकार के साथ आत्मनिर्भर बनें। इसी उद्देश्य से समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने विभाग को प्रदेश के प्रत्येक जिले में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत हर जिले में कम से कम दो ट्रांसजेंडर्स को रोजगार दिलाने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे यह प्रयास एक जनांदोलन का रूप में आगे बढ़ सके।

### किन्नरों के लिए 100 कल्याण केंद्र बनाने की तैयारी

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बीते दिनों संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश भर में किन्नरों के लिए 100 कल्याण केंद्र स्थापित किए जाएं। इन केंद्रों के माध्यम से इस समुदाय को शिक्षा, प्रशिक्षण और रोजगार से जोड़ा जाए। योगी सरकार इन केंद्रों के माध्यम से ट्रांसजेंडर्स को शिक्षा, डिजिटल साक्षरता, कुकिंग, सिलाई, कंप्यूटर, सौंदर्यकला आदि जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षित कर स्वरोजगार से जोड़ने पर विचार कर रही है।

### सुविधाओं का लाभ देने को होगी जनगणना


योगी सरकार द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि ट्रांसजेंडर समुदाय को राशन कार्ड, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना और पेंशन जैसी सुविधाओं का लाभ सीधे मिले। इसके लिए अलग से जनगणना कराए जाने की भी तैयारी है, जिससे योजनाओं का लाभ पहुंचाने में कोई बाधा न आए। इसके साथ ही विभिन्न विभागों को विशेष जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं।

## वर्ग पहेली-14

**बाएं से दाएं**

2. 1. अवनति,गिरावट 2. क्षय 3. अपमान 4. अपयश 5. हीनता।
4. 1. दैनिक जीवन की परेशानियां 2. व्यर्थ के झगड़े 3. झंझट या बखेड़ा 4. इधर-उधर फैला हुआ कबाड़ या कूड़ा-करकट।
6. 1. घड़ा 2. अंधविश्वास के कारण प्रेतक्रिया में पीपल से लटकाया जाने वाला घड़ा।
7. 1. समाप्त न होना, कम न पड़ना 2. लड़खड़ाना।
8. 1. निशाना लगाने का कार्य या कौशल 2. निशाना लगाने का अभ्यास।

**ऊपर से नीचे**




1. चैत्र के बाद पड़ने वाला माह।
3. परिगणन, अनुसूची, (शेड्यूल)।
5. वह स्थान या गृह जहां नाटक का मंचन किया जाता है, नाट्यशाला।
7. आकाश में सहसा क्षण भर के लिए दिखाई देने वाला वह प्रकाश जो बादलों में वातावरण की विद्युत शक्ति के संचार के कारण होता है, विद्युत, तड़ित, जोखना

### वर्ग पहेली -13 का हल




## सुडोकू -21

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | 6 | | 8 | | 5 |
| | | 8 | | 7 | 1 | 2 | 4 | |
| | 9 | | | 2 | | | 3 | |
| 9 | | | 7 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 1 | | |
| 5 | | | | | 8 | | | 2 |
| | 6 | | | 4 | | | 8 | |
| | 2 | 1 | 9 | 8 | | 7 | | |
| 8 | | 7 | | 3 | | 9 | | |

### सुडोकू - 20 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 8 | 4 | 2 |
| 2 | 8 | 4 | 1 | 9 | 5 | 3 | 6 | 7 |
| 3 | 7 | 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 |
| 4 | 6 | 9 | 2 | 1 | 3 | 7 | 5 | 8 |
| 8 | 1 | 5 | 9 | 7 | 6 | 4 | 2 | 3 |
| 7 | 3 | 2 | 5 | 8 | 4 | 6 | 1 | 9 |
| 6 | 4 | 7 | 8 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 5 | 8 | 6 |
| 1 | 5 | 8 | 3 | 6 | 9 | 2 | 7 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 जून, शुक्रवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, द्वितीया-11.19 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पश्चिम ऋतु- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ।

ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-पुनर्वसु 07.22 तक तत्पश्चात पुष्य।

**मेष** — आज अपने व्यवहार को लेकर लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। आप नया व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। गले में इन्फेक्शन और जुकाम की समस्या हो सकती है। किसी दीर्घकालिक लक्ष्य को लेकर आप योजना बना सकते हैं। किसी को बिना मांगे राय न दें।

**वृष** — आज आपकी सेहत बहुत ही अच्छी रहेगी। कारोबार में आपको अपेक्षाकृत लाभ प्राप्त होगा। आप काफी ज्यादा व्यस्त रहेंगे। उलझे हुए मामलों को आप सुलझाने का प्रयास करें। जीवनसाथी की सलाह आपके काफी काम आने वाली है। अचानक धन लाभ हो सकता है।

**मिथुन** — आज परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। आर्थिक मामलों में लापरवाही न करें। आपके आत्मविश्वास में कमी आ सकती है। तनाव आपके ऊपर हावी हो सकता है। धन उधार देने से आपको बचना चाहिए। पेट खराब होने की सम्भावना है।

**कर्क** — आज पति-पत्नी के मध्य आपसी सामंजस्य बहुत अच्छा रहेगा। रक्तचाप की समस्या से निजात मिल सकती है। नया कारोबार शुरू करने के योग बन रहे हैं। नई संपत्ति खरीद सकते हैं। सभी काम समय पर पूरा कर लेंगे। पुराने मित्रों से अपेक्षित मदद मिलेगी।

**सिंह** — आज मानसिक अशांति के कारण एकाग्रता में कमी हो सकती है। एक साथ कई काम करने पड़ेंगे। बच्चों के ऊपर गर्व की अनुभूति होगी। दोस्तों पर आंख-मूंदकर विश्वास न करें। आपका फोन खराब हो सकता है। नींद पर्याप्त मात्रा में अवश्य लें।

**कन्या** — आज दांपत्य जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। आपको नयी जिम्मेदारियां मिल सकती है। जोखिम भरे निवेश लाभकारी सिद्ध हो सकते हैं। साझेदारी वाले व्यवसाय में विशेष उन्नति की संभावना बन रही है। युवाओं को प्रेम प्रस्ताव मिल सकते हैं।

**तुला** — आज आपको सहकर्मियों से मदद मिल सकती है। आज बहुत सारा समय आत्ममंथन में व्यतीत होगा। सोशल मीडिया में आप महत्वपूर्ण मुद्दों की चर्चा में सम्मिलित हो सकते हैं। व्यापार में कुछ कमी महसूस होगी। दाम्पत्य सम्बन्धों में निकटता बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — आज अपनी आवश्यकताओं से अधिक धन खर्च न करें। आपके भीतर नई ऊर्जा का संचार होगा। कड़ी मेहनत के बाद ही सफलता मिलेगी। अजनबियों से अपने मन की बातें शेयर न करें। गृहकार्यों में पूरा ध्यान नहीं दे पायेंगे। भविष्य को लेकर योजना बना सकते हैं।

**धनु** — आज धैर्य में कमी होने के कारण महत्वपूर्ण अवसरों को खो सकते हैं। अपनी वाणी में नियंत्रण रखने की आवश्यकता है। अप्रिय कार्यों में आप रुचि ले सकते हैं। बच्चों की परवरिश पर ध्यान अवश्य दें। ऑनलाइन पेमेन्ट आदि के दौरान विशेष सावधानी रखें।

**मकर** — आज नई वस्तुओं को खरीद सकते हैं। पुराने ऋणों को चुकाने के लिए दिन बहुत अच्छा है। घर के अनुभवी सदस्यों से राय अवश्य लें। व्यापारियों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। अपने उत्पादों की गुणवत्ता पर ध्यान दें। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**कुंभ** — आज समाज में आपको मान-सम्मान की चिंता रहेगी। विद्युतीय उपकरणों में खराबी आ सकती है। वरिष्ठ अधिकारियों से बहसबाजी न करें। नई व्यापारिक साझेदारी होने के योग बन रहे हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को सावधानी पूर्वक बयानबाजी करनी चाहिए।

**मीन** — आज आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। तकनीकी विषयों के अध्ययन में आप रुचि ले सकते हैं। पारिवारिक सदस्यों के साथ हंसी-मजाक भरा समय बितायेंगे। मानसिक तनाव और भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। पाचन संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।


# सेंसेक्स 1000 अंक चढ़ा, बाजार झूमा

## भू-राजनीतिक तनाव कम होने और बड़ी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से आई तेजी

**मुंबई, एजेंसी**

भू-राजनीतिक तनाव कम होने और चुनिंदा बड़ी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से स्थानीय शेयर बाजार गुरुवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में जहां 1,000 अंक का जोरदार उछाल आया, वहीं निफ्टी 304 अंक चढ़ गया।

प. एशिया में तनाव कम होने और घरेलू स्तर पर उपजे आशावाद ने निवेशकों की धारणा को मजबूती दी। साथ ही अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में मजबूती के रुख से भी तेजी को समर्थन मिला। बीएसई का सेंसेक्स 1,000.36 अंक बढ़कर 83,755.87 अंक पर बंद हुआ। एनएसई का निफ्टी भी 304.25 अंक बढ़कर 25,549 अंक पर बंद हुआ।सेंसेक्स में टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल, अडाणी पोर्ट्स,



● अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में मजबूती के रुख से भी बाजार को मिला समर्थन

इटर्नल, बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एक्सिस बैंक के शेयरों में तेजी रही। वहीं, ट्रेंट, एसबीआई, टेक महिंद्रा, मारुति और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों में गिरावट आई।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, प. एशिया में शांति के बाद मानक सूचकांक ने निवेशकों के भरोसे को दर्शाया। हालांकि, विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली जारी है, लेकिन घरेलू संस्थागत निवेशक घरेलू खपत बढ़ने और नकदी की स्थिति सुधरने से शुद्ध खरीदार बने हैं। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, मासिक वायदा अनुबंधों के निपटान के दिन बाजार 1% से अधिक चढ़ गए। सत्र की शुरुआत से ही सकारात्मक कारोबार हुआ, जिसके पीछे वैश्विक संकेतों की अहम भूमिका रही। चुनिंदा कंपनियों में खरीदारी से बढ़त को मजबूती मिली। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की बढ़त, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग के हैंग सेंग में गिरावट रही।

### तीन सत्र में निवेशकों की संपत्ति 9.70 लाख करोड़ बढ़ी

नई दिल्ली। भू-राजनीतिक तनाव कम होने के बाद बढ़ती सकारात्मक धारणा के बीच बाजार में तीन सत्र में तेजी से निवेशकों की संपत्ति 9 .70 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। सेंसेक्स में तीन सत्र में 1,859 .08 अंक या 2 .27 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। बीएसई में शामिल कंपनियों का बाजार पूंजीकरण तीन सत्र में 9,70,200 .71 करोड़ रुपये बढ़कर 4,57,52,700 .57 करोड़ रुपये हो गया। बीएसई में 2,097 शेयर में तेजी आई, 1,900 में गिरावट आई तथा 156 शेयर में कोई बदलाव नहीं हुआ।

### क्षेत्रवार सूचकांकों में भी रही बढ़त

व्यापक बाजार में बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0 .56 प्रतिशत की तेजी रही जबकि स्मॉलकैप 0 .12 प्रतिशत चढ़ गया। क्षेत्रवार सूचकांकों में से धातु खंड में सर्वाधिक 2 .28 प्रतिशत की तेजी रही जबकि तेल एवं गैस खंड में 1.88 प्रतिशत और ऊर्जा खंड में 1.68 प्रतिशत की बढ़त रही। बीएसई पर सूचीबद्ध 2,097 शेयरों में तेजी रही जबकि 1,900 शेयर गिरकर बंद हुए और 156 अन्य के भाव अपरिवर्तित रहे।

### एफआईआई ने 2427 करोड़ के शेयर बेचे

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0 .18% बढ़कर 67 .80 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 2,427 .74 करोड़ के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 2,372 .96 करोड़ के शेयर खरीदे। बुधवार को सेंसेक्स 700 .40 अंक उछलकर 82,755 .51 अंक पर और निफ्टी 200 .40 अंक चढ़कर 25,244 .75 अंक पर रहा था।

## द्वैधाधिकार मॉडलः बढ़ता व्यापारिक रुझान

द्वैधाधिकार (दोहरी लाइसेंसिंग) एक व्यापारिक रणनीति है, जिसमें कोई कंपनी एक ही सॉफ़्टवेयर या उत्पाद को दो अलग-अलग लाइसेंसों के तहत जारी करती है। आमतौर पर एक ओपन-सोर्स और दूसरा व्यावसायिक। यह मॉडल तकनीकी कंपनियों, विशेष रूप से सॉफ़्टवेयर विकास में आम है। इससे कंपनियों को उत्पाद की व्यापक स्वीकार्यता और व्यावसायिक लाभ दोनों मिलते हैं। उद्यमी ओपन-सोर्स संस्करण को मुफ्त में अपनाकर उत्पाद का मूल्य समझ सकते हैं, जबकि व्यावसायिक संस्करण उन कंपनियों के लिए होता है जिन्हें अतिरिक्त सुविधाएं, समर्थन या सुरक्षा चाहिए होती है।



### क्या है द्वैधाधिकार

द्वैधाधिकार- एक ही उत्पाद को दो अलग-अलग लाइसेंस शर्तों पर उपलब्ध कराना। सामान्यतः, एक ओपन-सोर्स लाइसेंस के तहत सॉफ्टवेयर को सार्वजनिक रूप से मुफ्त उपलब्ध कराया जाता है, जबकि दूसरा- प्रोप्रायटरी या वाणिज्यिक लाइसेंस- भुगतान आधारित सुविधाओं और सेवाओं के साथ आता है। यह रणनीति तकनीकी स्टार्टअप्स, सॉफ़्टवेयर कंपनियों और ओपन-सोर्स परियोजनाओं में व्यापक रूप से अपनाई जाती है।

### इस रणनीति से फायदे

- **बाजार विस्तार :** ओपन-सोर्स से उत्पाद का प्रसार, जिससे उपयोगकर्ता समुदाय बनता है।
- **राजस्व सृजन :** वाणिज्यिक लाइसेंस के माध्यम से कंपनियां राजस्व प्राप्त कर सकती हैं।
- **फीडबैक और सुधार :** फ्री उपयोगकर्ता फीडबैक देते हैं, जिससे उत्पाद बेहतर होता है।
- लचीली ग्राहक सेवा : ग्राहकों के अनुसार सेवाएं और सुविधाएं कस्टमाइज करना।

### जोखिम को समझें

- **लाइसेंस भ्रम :** ग्राहकों को ओपन-सोर्स व वाणिज्यिक लाइसेंस की शर्तों में भ्रम होता है।
- **कस्टमर कन्वर्जन चुनौती :** सभी मुफ्त उपयोगकर्ता भुगतान ग्राहक नहीं बनते।
- **सुरक्षा :** ओपन-सोर्स संस्करण के कोड सार्वजनिक होने से साइबर जोखिम बढ़ सकता है।
- **कानूनी जटिलता :** लाइसेंस उल्लंघन पर कंपनी की प्रतिष्ठा को नुकसान हो सकता है।

**किन क्षेत्रों में प्रभावी :** आईटी कंपनियां, एंटरप्राइज सॉफ़्टवेयर कंपनियां, साइबर सुरक्षा समाधान प्रदाता, डेटा एनालिटिक्स और मशीन लर्निंग प्लेटफ़ॉर्म

# रेपो दर में 0.50% कटौती का लाभ ग्राहकों तक पहुंचाएं सभी बैंक :आरबीआई रिपोर्ट

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि सभी बैंकों को नीतिगत दरों में कटौती का लाभ ग्राहकों तक तेजी से पहुंचाते हुए कर्ज को सस्ता करना चाहिए। केंद्रीय बैंक ने इसी महीने प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 0.50% घटाकर 5.50% कर दिया है।

● प्रमुख नीतिगत दर रेपो को केंद्रीय बैंक ने 0.50% घटाकर 5.50% कर दिया है

रिजर्व बैंक के जून बुलेटिन में प्रकाशित एक लेख में इस बात पर जोर दिया गया है कि दरों में कटौती का लाभ ग्राहकों तक प्रभावी तरीके से पहुंचाने के लिए वित्तीय स्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं। अधिकांश बैंक फरवरी और अप्रैल में घोषित दरों में कटौती का लाभ ग्राहकों तक पहले ही पहुंचा चुके हैं। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) और एचडीएफसी बैंक सहित कई बड़े बैंक 6 जून को आरबीआई द्वारा रेपो दर में 0.50% की कटौती के कुछ ही दिन में अपनी मानक ऋण दर से जुड़ी ब्याज दर में इतनी ही कटौती कर चुके हैं।

इसी महीने रेपो दर में 0.50% की कटौती के अलावा, आरबीआई ने वर्ष की दूसरी छमाही के दौरान चरणबद्ध तरीके से नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में 1% की कटौती करके इसे शुद्ध मांग और सावधि देयताओं (एनडीटीएल) के 3% तक लाने की घोषणा की थी। रिजर्व बैंक के जून के बुलेटिन में अर्थव्यवस्था की स्थिति विषय पर प्रकाशित लेख में कहा गया, वित्तीय स्थितियां ब्याज दर में कटौती का लाभ ऋण बाजार तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए अनुकूल बनी हुई हैं।

## रिलायंस इंडस्ट्रीज की पूंजी फिर 20 लाख करोड़ के पार

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में गुरुवार को 2% की तेजी आई और कंपनी की पूंजी (मार्केट कैप) फिर 20 लाख करोड़ के आंकड़े को पार कर गया। कंपनी का शेयर 1.90% की तेजी के साथ 1,495.20 रुपये पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 2.14% चढ़कर 1,498.70 रुपये पहुंचा था। एनएसई पर शेयर 1.90% चढ़कर 1,495.30 रुपये पर पहुंच गया। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 37,837.9 करोड़ बढ़कर 20,23,375.31 करोड़ हो गया।

# 7 आवासीय बाजारों में कीमतें 11% बढ़ी, बिक्री 20% घटी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश के शीर्ष 7 शहरों में तिमाही में आवास की कीमते सालाना आधार पर 11% बढ़ीं, जिससे बिक्री में 20% की गिरावट आई। रियल एस्टेट सलाहकार एनारॉक ने भारत के 7 प्रमुख आवासीय बाजारों के आंकड़े गुरुवार को जारी किए। अप्रैल-जून तिमाही में मकानों की बिक्री में 20% की गिरावट आई। अप्रैल-जून तिमाही में इस साल 96,285 मकान बेचे गए जबकि पिछले साल इसी तिमाही में 1,20,335 इकाइयों की बिक्री की गई थी। दिल्ली-एनसीआर, मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे और कोलकाता में मकानों की



● रियल एस्टेट सलाहकार एनारॉक ने आवासीय बाजारों के आंकड़े किए जारी

बिक्री में गिरावट आई। चेन्नई में मांग में वृद्धि दर्ज की गई। एनारॉक के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा, 2025 की दूसरी (अप्रैल-जून) तिमाही भारतीय आवास बाजार के लिए उतार-चढ़ाव भरी रही। देश और विदेश में सैन्य कार्रवाइयां भी इसकी मुख्य वजह रही।

### रियल एस्टेट में पीई निवेश घटकर 1.73 अरब डॉलर

**नई दिल्ली।** भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में निजी इक्विटी (पीई) निवेश चालू कैलेंडर साल में 15 जून तक 1.73 अरब डॉलर रहा, जो 2024 की पहली छमाही के 2 .96 अरब डॉलर के मुकाबले बेहद कम है। संपत्ति सलाहकार नाइट फ्रैंक इंडिया ने कहा कि 2025 की पहली छमाही में रियल एस्टेट क्षेत्र में पीई निवेश और गिरने की आशंका है क्योंकि निवेशक सतर्क रुख अपना रहे हैं। उच्च ब्याज दरें, नकदी की सख्त स्थिति और जोखिम-समायोजन एवं कर-पश्चात रिटर्न को लेकर निवेशकों की बढ़ती पड़ताल के कारण वैश्विक पूंजी प्रवाह में बदलाव इस संभावित गिरावट के मुख्य कारण हैं।

### 7 शहरों में कार्यालय स्थल की पट्टा मांग 11% बढ़ी

वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद कंपनियों की अच्छी मांग से 7 प्रमुख शहरों में कार्यालय स्थल की पट्टा मांग 11% बढ़कर 178 लाख वर्ग फीट हो गया। अप्रैल-जून 2024 में 7 प्रमुख शहरों में सकल पट्टा मांग 161 लाख वर्ग फीट था। रियल एस्टेट सलाहकार कोलियर्स इंडिया के अनुसार, 6 शहरों बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), हैदराबाद, कोलकाता और पुणे में मांग बढ़ी है। मुंबई में कार्यालय स्थल की पट्टा मांग में गिरावट आई है। कोलियर्स के प्रबंध निदेशक (भारत में कार्यालय सेवाएं) अर्पित मेहरोत्रा ने कहा, भारत का कार्यालय बाजार दो वर्ष में भी और वृद्धि करेगा।



## एक नजर

### छत्तीसगढ़ : मुठभेड़ में दो महिला नक्सली ढेर

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो महिला नक्सली को मार गिराया। पुलिस अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो महिला नक्सलियों को मार गिराया। माओवादियों के माड़ डिवीजन के नक्सलियों के होने की सूचना पर नारायणपुर और कोंडागांव जिले के जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और एसटीएफ के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान में रवाना किया गया था। बुधवार शाम को जब सुरक्षाबल के जवान क्षेत्र में थे तब नक्सलियों के साथ मुठभेड़ शुरू हुई।

### बांग्लादेश सीमा के पास से सोने के 20 बिस्कुट बरामद

**कोलकाता।** बीएसएफ ने प. बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा के पास सोने के 20 बिस्कुट बरामद किए हैं। एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि जब्त हुए 2.367 किलोग्राम सोने का अनुमानित बाजार मूल्य 2.31 करोड़ रुपये से अधिक है। जीतपुर सीमा चौकी पर तैनात 59 बटालियन के जवानों ने बुधवार को सीमा पार करने की कोशिश कर रहे साइकिल सवार व्यक्ति को रोका और उसके पास से सोने के बिस्कुट बरामद किए।

### शिअद नेता मजीठिया को सतर्कता रिमांड में भेजा

**चंडीगढ़।** मोहाली की अदालत ने गुरुवार को शिरोमणि अकाली दल के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया को 7 दिन की सतर्कता रिमांड में भेज दिया। सतर्कता ब्यूरो ने 540 करोड़ से अधिक के मादक पदार्थ से अर्जित धन के शोधन में गिरफ्तार किया था। अदालत में पेश करने से पहले पुलिस ने कई समर्थकों को हिरासत में लिया जो प्रदर्शन कर रहे थे।

# हिंदी किसी भारतीय भाषा की विरोधी नहीं

## भाषा विभाग के स्वर्ण जयंती समारोह में गृह मंत्री शाह बोले- किसी विदेशी भाषा का विरोध नहीं होना चाहिए

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि हिंदी किसी भारतीय भाषा की विरोधी नहीं है, बल्कि यह सभी भारतीय भाषाओं की सखी है और देश में किसी विदेशी भाषा का विरोध नहीं होना चाहिए। केंद्र सरकार के आधिकारिक भाषा विभाग के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित करते हुए शाह ने सभी राज्य सरकारों से चिकित्सा और इंजीनियरिंग शिक्षा स्थानीय भाषा में प्रदान करने की पहल करने भी आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि केंद्र सभी राज्य सरकारों को प्रशासनिक कामकाज में भारतीय भाषाओं का उपयोग करने में मदद करेगा। गृह मंत्री ने कहा, मेरा विश्वास



है कि हिंदी किसी भी भारतीय भाषा की विरोधी नहीं हो सकती। हिंदी सभी भारतीय भाषाओं की सखी है। हिंदी और अन्य भारतीय भाषाएं मिलकर देश की संस्कृति के स्वाभिमान को और बढ़ा सकती हैं। गृह मंत्री ने कहा कि गुलामी की मानसिकता से सभी को मुक्ति मिलनी चाहिए और जब तक कोई व्यक्ति अपनी भाषा पर गर्व नहीं करेगा या अपनी भाषा में अपनी बात नहीं कहेगा, तब तक वह व्यक्ति गुलामी की मानसिकता से मुक्त नहीं हो सकता।

उन्होंने कहा, किसी भाषा का विरोध नहीं है। किसी विदेशी भाषा का विरोध नहीं होना चाहिए, लेकिन अपनी भाषा का गौरव बढ़ाने की ललक होनी चाहिए, अपनी भाषा बोलने की ललक होनी चाहिए, अपनी भाषा में सोचने की ललक होनी चाहिए। शाह ने कहा कि जहां तक देश का सवाल है, भाषा सिर्फ संचार का माध्यम नहीं है, यह राष्ट्र की आत्मा है। शाह ने कहा, भारतीय भाषाओं को जीवंत रखना और उन्हें समृद्ध बनाना महत्वपूर्ण है। हमें आने वाले दिनों में सभी भारतीय भाषाओं, विशेषकर राजभाषा के लिए हरसंभव प्रयास करने चाहिए।

### मादक पदार्थ तस्करों पर प्रहार कर रही सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मादक पदार्थ को युवाओं के लिए सबसे बड़ी समस्या बताते हुए गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार नशीले पदार्थों की तस्करी करने वालों पर बेरहमी से प्रहार कर रही है और नशे की लत में फंसे युवाओं को सहानुभूति के साथ सामान्य जीवन की ओर लौटा रही है। शाह ने अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ निषेध और तस्करी रोकथाम दिवस के अवसर पर नशा मुक्त भारत की लड़ाई में शामिल योद्धाओं और सहयोगियों को शुभकामनाएं देते हुए यह बात कही। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, नशीले पदार्थ हमारे युवाओं के लिए सबसे बड़ी समस्या हैं। इस खतरे से निपटने के लिए पूरी मोदी सरकार काम कर रही है, 'नार्को-कार्टेल' पर बेरहमी से प्रहार कर रही है और नशे की लत में फंसे युवाओं को सहानुभूति के साथ सामान्य जीवन की ओर लौटा रही है। गृह मंत्री ने उम्मीद जताई कि यह दिन नशीले द्रव्यों के दुरुपयोग के खतरे के खिलाफ देश के संकल्प को और मजबूत करेगा।

# भाषा के आधार पर लोगों को बांटने की कोशिश : उद्धव

**मुंबई, एजेंसी**

शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने गुरुवार को आरोप लगाया कि भाजपा भाषा के आधार पर लोगों के बीच विभाजन पैदा करने की कोशिश कर रही है और महाराष्ट्र में भाषाई आपातकाल लगा रही है।

उद्धव ने कहा कि उनकी पार्टी हिंदी के विरोध में नहीं है, लेकिन मराठी भाषी राज्य में हिंदी भाषा थोपे जाने के खिलाफ जरूर है। मराठी और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों को हिंदी पढ़ाने के मुद्दे पर जारी विवाद के बीच उन्होंने कहा कि हम किसी भाषा का विरोध या उससे नफरत नहीं करते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम किसी भी भाषा को थोपने की अनुमति देंगे।



● उद्धव बोले- मराठी भाषी राज्य में हिंदी थोपे जाने के खिलाफ

उन्होंने अपनी पूर्व सहयोगी पार्टी पर निशाना साधते हुए दावा किया कि भाजपा भाषा के आधार पर लोगों के बीच विभाजन पैदा करने की कोशिश कर रही है। ठाकरे ने आरोप लगाया कि भाजपा का गुप्त एजेंडा हिंदी को थोपने का है। पूर्व मुख्यमंत्री ने यह दावा भी किया कि सत्तारूढ़ पार्टी भाषाई आपातकाल लगा रही है।

# एक साथ चुनाव के मुद्दे पर संसदीय समिति के सामने पक्ष रखेंगे दो पूर्व सीजेआई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पूर्व प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ और जेएस खेहर एक साथ चुनाव कराने के प्रस्ताव वाले विधेयकों का अध्ययन कर रही संसदीय समिति के समक्ष अपना पक्ष रखेंगे। एक सूत्र ने गुरुवार को बताया कि संविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024 और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 पर संसद की संयुक्त समिति की अगली बैठक 11 जुलाई को तय है, जब समिति के सदस्य दोनों पूर्व सीजेआई से बात करेंगे। वहीं, वरिष्ठ अधिवक्ता और पूर्व राज्यसभा सदस्य ईएम सुदर्शन नचियप्पन, जो कार्मिक, लोक शिकायत, कानून और न्याय पर




स्थायी समिति के पूर्व अध्यक्ष भी हैं और पूर्व केंद्रीय कानून मंत्री एम वीरप्पा मोइली भी समिति के समक्ष उपस्थित होंगे। यह 39 सदस्यीय समिति एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे से संबंधित दो विधेयकों की जांच कर रही है, जिसमें संविधान में संशोधन करने वाला विधेयक भी शामिल है। पीपी चौधरी की अध्यक्षता वाली समिति का कार्यकाल मानसून सत्र के अंतिम सप्ताह के पहले दिन तक बढ़ाया गया है।

## बचपन की मस्ती



गुजरात के राजकोट में भारी बारिश के बाद कई इलाकों में जलभराव हो गया, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो गया। वहीं दूसरी ओर बच्चों ने इसे खेल का अवसर बना लिया और पानी भरे सड़को पर मस्ती करते नजर आएं। एजेसी

# सीबीआई का 42 ठिकानों पर छापा, नौ हिरासत में

**देहरादून/नई दिल्ली, अमृत विचार।** सीबीआई ने 700 से अधिक बैंक शाखाओं में 8.5 लाख ऐसे फर्जी या निष्क्रिय खातों का पता लगाया है, जिनका इस्तेमाल डिजिटल अरेस्ट, धोखाधड़ी वाले निवेश और यूपीआई-आधारित धांधली से कमाई के लिए हो रहा था।

सीबीआई प्रवक्ता ने बताया कि इन खातों पर कार्रवाई करते हुए ऑपरेशन चक्र के तहत राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में 42 ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान नौ संदिग्धों (दिल्ली से 3, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और राजस्थान से 2-2) को हिरासत में लिया गया, जिनमें कथित बिचौलिये, एजेंट, एग्रीगेटर, खाताधारक और बैंकिंग प्रतिनिधि शामिल हैं। इन पर फर्जी खाते खोलने में मदद करने का आरोप है।

# वैवाहिक मामलों में मध्यस्थता को लेकर गलतफहमी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि वैवाहिक मामलों में मध्यस्थता की अवधारणा के बारे में गलतफहमी है और अक्सर मध्यस्थता का मतलब यह माना जाता है कि दोनों पक्षों को एक साथ रहना होगा।

न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन और एन कोटिश्वर सिंह ने एक स्थानांतरण याचिका पर यह टिप्पणी की। न्यायमूर्ति विश्वनाथन ने कहा, वैवाहिक मामलों में हमने पाया गया कि मध्यस्थता की अवधारणा को लेकर गलतफहमी है। जैसे ही हम मध्यस्थता की बात करते हैं, उन्हें लगता है कि हम उन्हें साथ



रहने को कह रहे हैं। हमें इस बात से कोई मतलब नहीं है कि वे साथ हैं या अलग। हम बस मामले का हल चाहते हैं। हम चाहेंगे कि वे साथ रहें। सुप्रीम कोर्ट ने वाणिज्यिक अदालतें अधिनियम, 2015 का उल्लेख किया, जिसमें मुकदमे से पहले मध्यस्थता और समाधान का प्रावधान है। पीठ ने कहा, वाणिज्यिक अदालतें अधिनियम में भी आपको इससे गुजरना होता है।

### कर्नाटक पुलिस की याचिका पर सुनवाई को शीर्ष सहमति

सुप्रीम कोर्ट ने हत्या के मामले में आरोपी की हिरासत से जुड़े आदेश को कर्नाटक हाईकोर्ट द्वारा खारिज करने के खिलाफ राज्य पुलिस की याचिका पर सुनवाई के लिए गुरुवार को सहमत जताई। हाईकोर्ट ने ये कहते हुए हिरासत से जुड़े अधीनस्थ अदालत के आदेश को खारिज कर दिया था कि आरोपी को गिरफ्तारी का आधार नहीं बताया गया था। न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन और एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि इस मामले पर विचार करने की आवश्यकता है। विशेष अनुमति याचिका और स्थगन अर्जी पर नोटिस जारी करें।

### न्यायालय ने चिकित्सकों की याचिका की खारिज

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बेंगलुरु का महानगरीय जीवन बहुत आकर्षक है और उसने शहर से बाहर स्थानांतरण के खिलाफ दायर चिकित्सकों की याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया। न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और के.विनोद चंद्रन की पीठ ने यह उल्लेख किया कि यदि चिकित्सकों का बेंगलुरु से बाहर तबादला किया गया है तो इसमें कोई पूर्वाग्रह नहीं है। बेंगलुरु का महानगरीय जीवन बहुत आकर्षक है। कर्नाटक के अन्य क्षेत्र भी विकसित हैं। आप समाज के विशेषाधिकार प्राप्त वर्ग हैं। यदि आप स्थानांतरण का विरोध करेंगे तो दूसरों का क्या होगा। हम याचिका पर विचार करने के लिए इच्छुक नहीं हैं।

# एक महिला को इसलिए गुजारा भत्ते से वंचित नहीं कर सकते क्योंकि वह कमाती है : बंबई हाईकोर्ट

**मुंबई।** बंबई हाईकोर्ट ने कहा कि एक महिला को अलग रह रहे पति से मिलने वाली वित्तीय सहायता से सिर्फ इसलिए वंचित नहीं किया जा सकता, क्योंकि वह कमाती है। न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की पीठ ने 18 जून के आदेश में कहा कि पत्नी उसी जीवन स्तर की हकदार है, जिस तरह का जीवन वह पति से अलग होने से पहले ससुराल में गुजार रही थी।

अदालत ने एक व्यक्ति की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसे अगस्त 2023 के कुटुम्ब अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए दायर किया गया था। कुटुम्ब अदालत ने व्यक्ति को पत्नी को 15,000 रुपये मासिक गुजारा भत्ता देने का निर्देश दिया था। याचिकाकर्ता ने कहा कि उसकी पत्नी 25,000 रुपये प्रतिमाह से अधिक कमाती है, इसलिए उसे गुजारा भत्ते की जरूरत नहीं है। अदालत ने कहा कि पत्नी कमा रही है, लेकिन यह उसके भरण-पोषण को पर्याप्त नहीं है।

# नीट स्नातक : दोषपूर्ण बायोमेट्रिक प्रणाली वाली याचिका पर एनटीए से जवाब तलब

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली हाईकोर्टने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)-स्नातक 2025 में शामिल हुए अभ्यर्थी की दोषपूर्ण बायोमेट्रिक सत्यापन प्रणाली के कारण मानसिक रूप से परेशानी पर क्षतिपूर्ति अंक देने का अनुरोध करने वाली याचिका पर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) से जवाब तलब किया है। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम. सिंह ने 20 जून को अभ्यर्थी की याचिका पर एजेंसी को नोटिस जारी किया।

याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि परीक्षा से पहले प्रमाणीकरण प्रक्रिया के दौरान परीक्षा केंद्र पर बायोमेट्रिक सत्यापन प्रणाली काम नहीं कर रही थी, जिसके बाद उसे परीक्षा हॉल में प्रवेश

● दिल्ली हाईकोर्ट ने अभ्यर्थी की याचिका पर एजेंसी को नोटिस किया जारी

की अनुमति के लिए आवेदन जमा करने पर मजबूर किया गया। न्यायालय ने परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी रिकॉर्डिंग, लॉग बुक प्रविष्टियों और सभी अन्य रजिस्टर को सुरक्षित रखने का निर्देश दिया है। अभ्यर्थी ने 4 मई को उत्तर प्रदेश के मेरठ में 'त्रिशला देवी कनोहर लाल बालिका इंटर कॉलेज' में नीट-स्नातक 2025 की परीक्षा दी थी। याचिकाकर्ता ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा में प्रतिपूरक अंक और संबंधित परीक्षा केंद्र से सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित रखने सहित राहत देने का अनुरोध किया था। उसे परीक्षा शुरू होने से 5 मिनट पहले प्रवेश की अनुमति दी गई थी।

# लीड्स का सकारात्मक पहलू बल्लेबाजी में बदलाव पटरी पर

## महज एक मैच से फैसला नहीं लिया जा सकता, शीर्ष चार बल्लेबाजों ने लाइन-अप को मजबूत रखा

नई दिल्ली, एजेंसी

महज एक मैच से ही कोई फैसला नहीं लिया जा सकता लेकिन भारत ने निश्चित रूप से इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती टेस्ट में संन्यास ले चुके सुपरस्टार विराट कोहली और रोहित शर्मा की कमी महसूस नहीं की और शीर्ष चार खिलाड़ियों ने बल्लेबाजी लाइन-अप को मजबूत बनाए रखा। रोहित और कोहली की कमी को पूरा करने में कितना समय लगेगा? यह सवाल हेडिंग्ले में शुरुआती टेस्ट से पहले चर्चाओं का विषय रहा।

नए कप्तान शुभमन गिल के सेना देशों (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) में रिकॉर्ड पर सवाल उठाए गए थे लेकिन उन्होंने महत्वपूर्ण योगदान करके ड्रेसिंग रूम का सम्मान हासिल किया। उन्होंने नंबर चार पर खेलते हुए शानदार शतक बनाया और मेहमान टीम ने दो पारियों में पांच शतक बनाए लेकिन फिर भी मैच हार गए क्योंकि भारत का गेंदबाजी आक्रमण पूरी तरह से जसप्रीत बुमराह पर निर्भर है।

केएल राहुल ने शीर्ष क्रम में शानदार प्रदर्शन किया जिससे निकट भविष्य के लिए उनके बल्लेबाजी स्थान पर बहस बंद हो गई। उन्होंने दिखाया कि इंग्लैंड की परिस्थितियों में बल्लेबाजी करने का तरीका क्या है। उनके सलामी जोड़ीदार यशस्वी जायसवाल ने ऑस्ट्रेलिया के अपने पहले दौरे की शुरुआत में यादगार शतक लगाया था और इंग्लैंड में अपनी पहली पारी में यही दोहराया। गिल ने जिस तरह



कप्तान शुभमन गिल ने शतक लगा इरादे जता दिए थे। बुमराह ने भी एक पारी में पांच विकेट लिए। ● एजेंसी

से अपने पैरों का इस्तेमाल किया, उसे खेल के महान खिलाड़ियों ने भी देखा जिसमें पूर्व कप्तान सौरव गांगुली भी शामिल थे जो उनके सुधार से हैरान थे। गांगुली ने हाल में पीटीआई को दिए एक साक्षात्कार में कहा मैं विदेशी सरजमीं पर उनके पैरों के 'मूवमेंट' को देखकर बहुत खुश हूं। उनके पैरों में बहुत सुधार हुआ है। शुभमन ने पैरों का अच्छा इस्तेमाल किया और कोई गलती नहीं की।

पांचवें नंबर पर ऋषभ पंत ने परिपक्वता और तेज तर्रार बल्लेबाजी करते हुए एक टेस्ट में दो शतक बनाने की दुर्लभ उपलब्धि हासिल की। तीसरे नंबर पर उतरे साई सुदर्शन पहली पारी में एक सहज गेंद पर आउट हो गए लेकिन दूसरी पारी में टिककर खेले। उम्मीद है कि उन्हें लंबे समय तक मौका दिया जाएगा और यही बात करुण नायर पर भी लागू होती है। लेकिन भारत को गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण विभाग में बहुत सुधार करना होगा, लेकिन बल्लेबाजी अभी ठीक लगती है।

पूर्व भारतीय मुख्य चयनकर्ता एमएसके प्रसाद ने कहा रोहित और कोहली के संन्यास के बाद बदलाव हुआ है या नहीं, हम सीरीज के अंत में बता पाएंगे। उन्होंने कहा बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन कोई हैरानी की बात नहीं है क्योंकि वे अनुभवी क्रिकेटर हैं। गिल, यशस्वी, पंत, राहुल सभी बेहतरीन हैं और लंबे समय से खेल रहे हैं। राहुल जब टेस्ट क्रिकेट में इस तरह से खेलते हैं तो अपना सर्वश्रेष्ठ करते हैं। कुलदीप यादव को शामिल करने की चर्चाओं के बावजूद प्रसाद एजबेस्टन में अंतिम एकादश में कोई बदलाव नहीं करना चाहते। पूर्व भारतीय विकेटकीपर ने कहा शार्दुल ठाकुर को इसलिए चुना गया क्योंकि उन्होंने पिछले दौरों पर इंग्लैंड में अच्छा प्रदर्शन किया था। मैं उन्हें एक और मौका देना चाहूंगा। पर निचले क्रम को बल्ले से और अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत है। इंग्लैंड में कुछ यादगार पारियां खेलने वाले भारत के पूर्व कप्तान दिलीप वेंगसरकर भी बल्लेबाजों से प्रभावित हैं। उन्होंने कहा ज्यादातर बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया जो भविष्य के लिए अच्छा संकेत है। इसके अलावा आपके पास तीन बेहतरीन बल्लेबाज श्रेयस अय्यर, सरफराज खान और देवदत्त पडीक्कल हैं जो टीम का हिस्सा भी नहीं हैं। वेंगसरकर ने कहा मुख्य बल्लेबाज फॉर्म में हैं और मुझे यकीन है कि करुण और साई भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे।



ऋषभ पंत।

# ऋषभ पंत से अश्विन ने कहा कृपया दोहरे शतक लगाएं

नई दिल्ली, एजेंसी

सीनियर ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने लीड्स में पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला के पहले मैच में भारतीय टीम की पांच विकेट से हार का विस्तृत विश्लेषण करते हुए कहा कि भारत को अधिक समय बल्लेबाजी करने पर ध्यान देना चाहिए और ऋषभ पंत को मौजूदा टेस्ट श्रृंखला में इंग्लैंड के 'औसत' आक्रमण के खिलाफ अपने शतकों को दोहरे शतकों में बदलना चाहिए।

भारत ने दोनों पारियों में पांच शतक जड़े, लेकिन इंग्लैंड ने 371 रन के अपने दूसरे सबसे बड़े लक्ष्य को हासिल करके श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल 'ऐश की बात' पर कहा एक चीज जिस पर भारतीय टीम की बल्लेबाजी ध्यान दे सकती है, वह यह है कि क्या आप हर पारी में बल्लेबाजी का समय बढ़ा सकते हैं- रनों के हिसाब से नहीं। इंग्लैंड के क्षेत्ररक्षण के समय को बढ़ाएं और उन्हें मैदान पर रखने के समय को भी बढ़ाएं। उन्होंने कहा मैं एक बात कहूंगा - घबराएं नहीं और बहुत अधिक बदलाव नहीं करें। भारत अगले टेस्ट में श्रृंखला बराबर कर सकता है। लेकिन अगर हम इंग्लैंड की रणनीति को नहीं समझते हैं तो यह श्रृंखला बहुत जल्दी हमारे से दूर जा सकती है। अश्विन ने कहा कि चौथे दिन जल्दी आउट होने के बाद मैच भारत के हाथ से फिसल गया। उन्होंने कहा जब आपने पांचवें दिन तक बल्लेबाजी जारी नहीं रखी तो खेल खत्म हो गया। इंग्लैंड की इस टीम ने खुलकर यह प्रचार किया है कि वे लक्ष्य चाहे जो भी हो, उसे हासिल करने के लिए जाएंगे। पंत के मैच में दो शतक की प्रशंसा करते हुए अश्विन ने कहा कि महेंद्र सिंह धोनी से उनकी तुलना करना उचित नहीं है क्योंकि धोनी ने कभी भी पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी नहीं की।



### इंग्लैंड ने दूसरे टेस्ट के लिए आर्चर को टीम में शामिल किया

**बर्मिंघम :** इंग्लैंड ने दो जुलाई से भारत के खिलाफ यहां शुरू हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट के लिए बृहस्पतिवार को तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को टीम में शामिल किया। आर्चर पिछले कई वर्षों से अपने गेंदबाजी वाले हाथ में कोहनी से जुड़ी समस्या का सामना कर रहे हैं। उन्होंने अपना पिछला टेस्ट चार साल से भी अधिक समय पहले भारत के खिलाफ अहमदाबाद में खेला था। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने बयान में कहा दाएं हाथ का यह 30 वर्षीय तेज गेंदबाज फरवरी 2021 के बाद पहली बार इंग्लैंड के टेस्ट ढांचे में वापसी कर रहा है और एजबस्टन में अपने 13 टेस्ट मैच की संख्या में इजाफा करने की कोशिश करेगा।

**इंग्लैंड की टीम :** बेन स्टोक्स (कप्तान), ओली पोप, हैरी ब्रूक, जो रूट, बेन डकेट, जैक क्रॉली, जेमी स्मिथ, सैम कुक, जैकब बेथेल, जोफ्रा आर्चर, शोएब बशीर, ब्राइडन कार्स, जेमी ओवरटन, जोश टंग और क्रिस वोक्स।

## एक नजर

### वेस्टइंडीज ने आस्ट्रेलिया को 180 रन पर आउट किया

**ब्रिजटाउन :** वेस्टइंडीज ने पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन आस्ट्रेलिया को 180 रन पर आउट करने के बाद चार विकेट जल्दी गंवा दिए। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर वेस्टइंडीज ने चार विकेट पर 57 रन बनाए थे। ब्रेंडन किंग पदार्पण करते हुए 23 रन बनाकर खेल रहे थे। इससे पहले आस्ट्रेलियाई टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 57 ओवर में 180 रन पर आउट हो गई जो वेस्टइंडीज में उसका न्यूनतम स्कोर है। वेस्टइंडीज के लिए जेडेन सील्स ने 60 रन देकर पांच विकेट लिए लेकिन शामार जोसेफ सबसे प्रभावी गेंदबाज रहे, जिन्होंने 46 रन देकर चार विकेट चटकाए। आस्ट्रेलिया के लिए सिर्फ उस्मान ख्वाजा (47), ट्रेविस हेड (59) और कप्तान पैट कमिंस (28) ही दोहरे अंक तक पहुंच सके।

### बैडमिंटन एशियाई जूनियर चैंपियनशिप के लिए टीम घोषित

**नई दिल्ली :** प्रतिभाशाली तन्वी शर्मा को 18 से 27 जुलाई तक इंडोनेशिया के सोलो में होने वाली बैडमिंटन एशियाई जूनियर चैंपियनशिप (टीम और व्यक्तिगत) के लिए भारत की 19 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। तन्वी ने बैडमिंटन एशिया महिला टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। जूनियर विश्व नंबर एक पुरुष युगल टीम भार्गव राम एरिगेला और विश्व तेज गोब्बुरु से भी भारत को उम्मीदें होंगी। टीम स्पर्धा 18 से 22 जुलाई तक होंगी जबकि व्यक्तिगत मुकाबले 23 से 27 जुलाई तक खेले जाएंगे। टीम स्पर्धा रिले प्रारूप में होगी जिसमें 110 अंक तक पहले पहुंचने वाली टीम विजयी होगी। **टीम :** पुरुष एकल : अंश नेगी, हमार लालथाजुआला, रौनक चौहान, प्रणव राम एन। महिला एकल : रूजुला रामू, तन्वी शर्मा, तन्वी रेड्डी, वेन्नाला कालागोटला।

### भारत ने एशियाई स्क्वाश युगल चैंपियनशिप में तीनों खिताब जीते

**कुआलालंपुर :** भारत ने बृहस्पतिवार को यहां दूसरी एशियाई स्क्वाश युगल चैंपियनशिप में पुरुष, महिला और मिश्रित स्पर्धा के सभी तीनों खिताब जीतकर शानदार उपलब्धि हासिल की। अभय सिंह और वेलावन सेंथिलकुमार की शीर्ष वरीय पुरुष जोड़ी ने पाकिस्तान के प्रतिद्वंद्वी नूर जमां और नासिर इकबाल की जोड़ी के खिलाफ पहला सेट गंवा दिया लेकिन वापसी करते हुए 88 मिनट में 2–1 से जीत दर्ज की। इस भारतीय जोड़ी ने सेमीफाइनल में हांगकांग के चि हिम वोंग और मिंग होंग टांग की जोड़ी को हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। महिला युगल फाइनल में जोशना चिनप्पा और अनाहत सिंह की जोड़ी ने भी एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी की और मलेशिया की आइना अमानी और जिन यिंग यि पर 35 मिनट तक चले फाइनल में 2–1 से जीत हासिल की।

### राइडर अनुष अग्रवाला का घोड़ा सर कैरामेलो रिटायर हुआ

**नई दिल्ली :** भारतीय घुड़सवार अनुष अग्रवाला ने बृहस्पतिवार को अपने घोड़े सर कैरामेलो के रिटायर होने की घोषणा की। अनुष ने इसी घोड़े के साथ पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लिया था और वह लंबे समय से उनके साथ था। 25 साल के अनुष ओलंपिक खेलों की ड्रेसेज स्पर्धा में प्रतिस्पर्धा करने वाले भारत के पहले राइडर हैं। अनुष पेरिस में ग्रुप ई में नौवें स्थान पर रहे थे और पदक दौर में जगह नहीं बना पाए थे। अनुष ने सोशल मीडिया पर भावुक पोस्ट में लिखा सर कैरामेलो आपका धन्यवाद क्योंकि आप मेरे लिए सिर्फ एक घोड़ा नहीं बल्कि मेरे साथी, मेरी ताकत और सबसे महत्वपूर्ण, मेरे मित्र हैं।

# सूर्यकुमार यादव का जर्मनी में हुआ सफल आपरेशन

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव का जर्मनी के म्युनिख में पेट के दायें ओर खेल हर्निया का सफल आपरेशन हुआ।

34 वर्ष के सूर्यकुमार ने बुधवार को अपने सोशल मीडिया हैंडिल पर लिखा- लाइफ अपडेट : पेट के निचले दायें ओर खेल हर्निया की सर्जरी हो गई है। यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सफल आपरेशन के बाद अब मैं रिकवरी की राह पर हूं। खेल हर्निया कमर या पेट के निचले हिस्से में नरम ऊतकों की चोट है जिसमें अक्सर मांसपेशियां, कंडराएं या स्नायुबंधन शामिल होते हैं। जर्मनी में सर्जरी के बाद सूर्यकुमार बेंगलुरु में बीसीसीआई के उत्कृष्टता केंद्र पर रिहैबिलिटेशन शुरू करेंगे। भारत को अगस्त में बांग्लादेश दौरे पर तीन वनडे और तीन टी20 मैच खेलने हैं। सूर्यकुमार ने 2023 विश्व कप फाइनल के बाद से 50 ओवरों के प्रारूप में नहीं खेला है। यह तीन साल में सूर्यकुमार का तीसरा आपरेशन था । इससे पहले 2023 में उनके टखने का आपरेशन हुआ था और 2024 में खेल हर्निया की भी सर्जरी हुई थी।




आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करने वाले सूर्यकुमार 2025 सत्र में 'प्लेयर आफ द टूर्नामेंट' रहे थे। उन्होंने 717 रन बनाए हालांकि मुंबई इंडियंस को प्लेआफ में दूसरे क्वालीफायर में पंजाब किंग्स ने हराया। मुंबई टी20 लीग में सूर्यकुमार ने ट्रायंफ नाइट्स मुंबई नॉर्थईस्ट की कप्तानी की।

# धवन बने लेखक, लिखे अपने संस्मरण

नयी दिल्ली, एजेंसी

भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने अपने जीवन के संस्मरणों को कलमबद्ध किया है। जिसमें रिश्तों से लेकर दोस्ती तक और मैदान के भीतर तथा बाहर के विवादों पर भी खुलकर बात की है। धवन ने अपनी किताब 'द वन : क्रिकेट, माय लाइफ एंड मोर' के बारे में कहा क्रिकेट ने मुझे जीने का मकसद दिया लेकिन इस सफर में उतार चढाव और खामोश पल भी रहे।

इसने मुझे वह इंसान बनाया जो आज मैं हूं। मैं दिल से अपनी कहानी कह रहा हूं जो ईमानदार और किसी फिल्टर के बिना है।



● **धवन ने अपनी किताब 'द वन : क्रिकेट, माय लाइफ एंड मोर' के बारे में कहा क्रिकेट ने मुझे जीने का मकसद दिया**

प्रकाशक हार्पर कोलिंस इंडिया ने कहा पूरी स्पष्टवादिता और ईमानदारी के साथ लिखी गई 'द वन' शिखर धवन के आंतरिक संवाद और उन सभी कमजोरियों की अभूतपूर्व झलक पेश करती है जिन्होंने उन्हें एक चैंपियन क्रिकेटर और संवेदनशील इंसान बनाया है। कंपनी के प्रकाशक सचिन शर्मा ने कहा शिखर धवन का मैदान के भीतर और बाहर जीवन शानदार रहा है।

इस संस्मरण में शिखर ने अपने जीवन, रिश्तों और हर उस अनुभव के बारे में बात की है जिसका उन्होंने सामना किया और मजबूत होकर निकले हैं। दिल्ली में पले बढे धवन ने बतौर विकेटकीपर शुरूआत की थी लेकिन बाद में सलामी बल्लेबाज बने। भारत के लिए 34 टेस्ट में उन्होंने 2315 रन, 167 वनडे में 6793 रन और 68 टी20 मैचों में 1759 रन बनाये हैं। उन्होंने किताब में लिखा जब मैं भारतीय टीम में अपने की कोशिश कर रहा था तब सोशल मीडिया नया था और क्रिकेटरों पर इतनी नजर नहीं रखी जाती थी, पर प्रिंट और प्रसारण मीडिया चरम पर था। उन्होंने लिखा टीम चयन और व्यक्तिगत प्रदर्शन पर चर्चा होती थी। आजकल की तरह नहीं जब सोशल मीडिया रातोरात क्रिकेटर को हीरो से जीरो बना देता है। धवन ने महेंद्र सिंह धोनी से पहली मुलाकात के बारे में लिखा है मैं उसे एक बालीवुड मूवी में देखना चाहता था।

# नए डब्ल्यूटीसी चक्र में 'स्टॉप क्लॉक' शुरू

दुबई, एजेंसी

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने धीमी ओवर गति की समस्या से निपटने के लिए टेस्ट क्रिकेट में 'स्टॉप क्लॉक' नियम लागू किया है जबकि 2025-27 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र के खेलने की परिस्थितियों के अनुसार अगर 'जानबूझकर' पूरा रन नहीं लिया जाता तो यह फैसला क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम करेगी कि कौन सा बल्लेबाज गेंदबाज का सामना करेगा। यह नए नियम 2025-2027 डब्ल्यूटीसी चक्र से लागू होंगे जिसकी शुरुआत श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच गॉल में पहले टेस्ट के साथ हुई थी।

आईसीसी की वेबसाइट पर मौजूद टेस्ट मैच की खेलने की परिस्थितियों के अनुसार सीमित ओवरों के क्रिकेट की तरह लंबे प्रारूप में भी धीमी ओवर गति की समस्या से निपटने के लिए स्टॉप क्लॉक का इस्तेमाल किया जाएगा। आईसीसी ने कहा क्षेत्ररक्षण टीम को पिछला ओवर पूरा होने के 60 सेकेंड के भीतर अगला ओवर शुरू करने के लिए तैयार होना होगा। मैदान पर इलेक्ट्रॉनिक घड़ी दिखेगी जिस पर शून्य से 60 सेकेंड तक गिनती चलेगी। क्षेत्ररक्षण टीम को इसके बाद दो चेतावनियां दी जाएंगी और तीसरी बार ऐसा होने पर बल्लेबाजी टीम को पांच पेनल्टी रन दिए जाएंगे। आईसीसी ने कहा कि 80 ओवर पूरे होने के बाद इन चेतावनियों को फिर से शून्य कर दिया जाएगा। इस बीच 'ईएसपीएनक्रिकइंफो' के अनुसार आईसीसी अब गेंद पर लार दिखने की स्थिति में अंपायरों के लिए गेंद को बदलना अनिवार्य नहीं करता। गेंद पर लार के इस्तेमाल पर लगा प्रतिबंध अब भी लागू है। वेबसाइट के अनुसार क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम गेंद को बदलवाने के लिए जानबूझकर लार का इस्तेमाल कर सकती है लेकिन पुरुष टेस्ट क्रिकेट की खेलने की परिस्थितियों से जुड़े मौजूदा दस्तावेज में इस तरह के किसी बदलाव का जिक्र नहीं है।

# इटावा के पैरालंपिक पदक विजेता डॉ. अजीत यादव बने डीपीआरओ

**भरथना (इटावा)।** तहसील क्षेत्र के मूल निवासी पैरालंपिक मेडलिस्ट जैवलिन थ्रोअर डॉ.अजीत सिंह यादव को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जिला पंचायतराज अधिकारी के पद पर नियुक्त किया गया है। तहसील क्षेत्र के ग्राम नगला विधी (साम्हों) के मूल निवासी भाला फेंक के खिलाड़ी डॉ. अजीत सिंह यादव ने बताया कि इससे पहले वह मुम्बई में आयकर विभाग में इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत थे। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर-प्रदेश अन्तर्राष्ट्रीय पदक विजेता सीधी भर्ती नियमावली 2022 के अन्तर्गत चयन समिति द्वारा की गई संस्तुति के आधार पर उनकी पंचायतीराज विभाग में जिला पंचायतराज अधिकारी के पद पर नियुक्ति की गई है। डॉ. अजीत सिंह यादव ने लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान ग्वालियर से खेल एवं शारीरिक शिक्षा में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। वर्ष 2023 में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उन्हें लक्ष्मण पुरस्कार तथा वर्ष 2024 में भारत सरकार द्वारा अर्जुन पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया था।



# अपने खेल में बदलाव पर काम कर रहीं सिंधू

बेंगलुरु, एजेंसी

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू का कहना है कि महिला एकल बैडमिंटन में आक्रामक रैलियों की जगह अब कोर्ट पर ताकत की परीक्षा होने लगी है जिससे वह इस चुनौतीपूर्ण दौर में बदलती लय के साथ तालमेल बिठाने के लिए अपने खेल में बदलाव कर रही हैं।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता के लिए यह साल आदर्श नहीं रहा है क्योंकि वह इसमें चार बार पहले दौर से बाहर हो चुकी हैं जबकि तीन बार दूसरे दौर में हार का सामना कर चुकी हैं। वह बस जनवरी में इंडिया ओपन में क्वार्टरफाइनल में जगह बना सकीं। यहां चुनिंदा पत्रकारों से बात करते हुए सिंधू ने कहा महिला एकल स्पर्धा पूरी तरह बदल गई है। शुरू में इसमें आक्रामकता और तेज रैलियां होती थीं लेकिन अब लंबी रैलियों से लंबे मैच के कारण खेल रक्षात्मक हो गया है। उन्होंने कहा हम इस पर काम कर रहे हैं, विशेषकर रैलियों को जारी खने और शटल को कोर्ट में लंबे समय तक बनाए रखने में अधिक सयंमित हो गए हैं। सिंधू ने कहा बतौर खिलाड़ी मैं अपने खेल में बदलाव कर रही हूं, इसमें समय लग सकता है।



● **संयम और ताकत का तालमेल बैठाने की कवायद चल रही**

# 24 घंटे सूरज की रोशनी में गुलजार होंगे फुटबॉल मैदान

नुउक (ग्रीनलैंड), एजेंसी


यूं तो ग्रीनलैंड साल में अधिकांश समय बर्फ से ढका रहता है, लेकिन जून से अगले तीन महीने यहां 24 घंटे सूरज की रोशनी रहती है। जिसका इंतजार फुटबॉल के दीवाने यहां के लोगों को बेसब्री से रहता है ताकि वे अपना पसंदीदा खेल देख सकें या मैदान पर अपना हुनर दिखा सकें।

करीब 56 हजार की आबादी वाले द्वीप में 10 प्रतिशत यानी करीब 5600 लोग पंजीकृत फुटबॉल खिलाड़ी हैं। जून की शुरुआत में जब मध्य अमेरिका, उत्तर परिसंघ और कैरेबियाई फुटबॉल संघ (कोंकाकाफ) ने मिलकर ग्रीनलैंड फुटबॉल संघ का सदस्य बनने का आवेदन खारिज कर दिया तो यहां के फुटबॉलप्रेमियों को करारा झटका लगा। खनिजों से भरे और रणनीतिक तौर पर महत्वपूर्ण इस द्वीप पर कब्जा करने की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ख्वाहिश के चलते कुछ लोगों ने इसके लिए राजनीति को दोषी ठहराया । कोंकाकाफ फीफा के अधीन छह उपमहाद्वीपीय महासंघों में से एक है। नाटो सहयोगी डेनमार्क और ग्रीनलैंड की सरकारों की फटकार के बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति ने सैन्य बल के इस्तेमाल से इंकार नहीं किया है। डेनमार्क और ग्रीनलैंड के नेताओं का कहना है कि यह द्वीप बिक्री के लिए नहीं है और उन्होंने अर्ध-स्वायत्त डेनमार्क के क्षेत्र पर अमेरिका द्वारा खुफिया जानकारी जुटाने की रिपोर्टों की निंदा की है।

ग्रीनलैंड फुटबॉल टीम के कप्तान पैट्रिक फ्रेडरिकसेन ने हालांकि कहा कि यह फैसला आर्थिक कारणों से लिया गया है। उन्होंने कहा हम सभी को पता है कि ग्रीनलैंड यात्रा करना कितना कठिन है। इस महीने की शुरुआत में अमेरिका से ग्रीनलैंड की सीधी उड़ान यहां पहुंची । न्यूजर्सी से नुउक तक का एक तरफ का टिकट 1200 डॉलर है । बाकी उड़ाने आइसलैंड या कोपेनहेगन होकर आती हैं। इन सभी के बीच यहां के निवासियों की फुटबॉल को लेकर दीवानगी कम नहीं हुई है। अगले तीन महीनों में जब तापमान पांच से दस डिग्री सेल्सियस के करीब होगा, वे फुटबॉल खेलने में अधिकांश समय बिताना चाहते हैं। एक खिलाड़ी एंगुटिमारिक क्रेउत्जमैन ने कहा हम पूरी रात फुटबॉल खेलेंगे। अंधेरा नहीं होने वाला है तो हमारे पास समय ही समय है।

नुउक में एक क्लब के कोच आस्कर स्कॉट कार्ल ने कहा आपको यहां एक मैच देखना चाहिए। इतने सारे लोग इसे देखने के लिए जुटते हैं। इससे देश में एकजुटता की भावना आती है। सर्दियों के लंबे मौसम में अधिकांश खिलाड़ी फुटसाल खेलते हैं जो एक खास तरह की गेंद से हैंडबॉल कोर्ट पर खेला जाने वाला इंडोर फुटबॉल खेल है । इसमें एक टीम में पांच खिलाड़ी होते हैं।

ग्रीनलैंड



● **साल में अधिकांश समय बर्फ से ढका रहता है ग्रीनलैंड लेकिन जून से अगले तीन महीने तक 24 घंटे रहती है सूरज की रोशनी**

## बोनालु समारोह



तेलंगाना के हैदराबाद स्थित गोलकुंडा किले में आषाढ़ मास बोनालु समारोह के दौरान देवी काली की पोशाक में एक कलाकार की प्रस्तुति। बोनालु तेलंगाना की देवी महाकाली पर केंद्रित एक पारंपरिक हिंदू त्योहार है जो आषाढ़ मास में हैदराबाद और सिकंदराबाद के जुड़वां शहरों के साथ राज्य के अन्य हिस्सों में भी प्रतिवर्ष मनाया जाता है। एजेंसी

# इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन
# आसमान में चमत्कार

इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) अंतरिक्ष विज्ञान की दुनिया में एक क्रांतिकारी उपलब्धि होने के साथ विज्ञान, तकनीक, सहयोग और मानव क्षमताओं का प्रतीक है। इसे अमेरिका की नासा, रूस की रॉस्कोमॉस, यूरोपीय संघ की ईएसए और जापान की जाक्सा समेत कई देशों की अंतरिक्ष एजेंसियों ने मिलकर बनाया है। इस तरह ये अंतर्राष्ट्रीय सहयोग का भी प्रतीक है जो दिखाता है कि वैज्ञानिक लक्ष्य राजनीतिक सीमाओं से ऊपर हो सकते हैं। आईएसएस सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण प्रयोगशाला है, जहां मानव शरीर पर अंतरिक्ष का प्रभाव, दवाओं और टीकों का विकास, गुरुत्वहीनता में द्रवों और गैसों का व्यवहार और ऐसे जैविक, भौतिक और रासायनिक प्रयोग किए जाते हैं जो पृथ्वी पर संभव नहीं हैं। इन प्रयोगों से पृथ्वी पर जीवन सुधारने और भविष्य की अंतरिक्ष यात्राओं को आसान बनाने में मदद मिलती है।



### अत्याधुनिक लैब और तमाम उपकरण

अमेरिका, यूरोपीय संघ, जापान और रूस की लैब, 250 केवी बिजली पैदा करने वाला सोलर पैनल, शक्तिशाली रोबोटिक आर्म, इनवायरोमेंटल कंट्रोल सिस्टम, कम्युनिकेशन सिस्टम, ऑब्जर्वेशन डेक, एक्सोप्स रैक, डॉकिंग सिस्टम समेत 15 से ज्यादा मॉड्यूल और करीब दो दर्जन प्रणालियां इसे चलता-फिरता अंतरिक्ष शहर बनाते हैं।

### भविष्य के मिशनों की तैयारी

आईएसएस को एक ट्रेनिंग और टेस्टिंग प्लेटफॉर्म के रूप में उपयोग किया जाता है। मंगल या चंद्रमा मिशन के लिए तकनीक की जांच की जाती है। अंतरिक्ष यात्रियों को लंबी अवधि के मिशन के लिए यहीं तैयार करने के साथ जीवन रक्षक तकनीकों का भी परीक्षण किया जाता है। आईएसएस 2000 से ज्यादा दिन से इंसानी उपस्थिति बनी हुई है जिसका मतलब है कि इंसान लंबी अवधि तक अंतरिक्ष में रह सकता है।

### शैक्षिक भूमिका व तकनीकी विकास

आईएसएस से अंतरिक्ष यात्री धरती पर स्कूली छात्रों, वैज्ञानिकों और आम लोगों से संवाद करते हैं। इससे उनकी विज्ञान में रुचि बढ़ती है और स्पेस एजुकेशन को बढ़ावा मिलता है। आईएसएस के लिए बनाई गई तकनीकों का इस्तेमाल धरती पर भी होता है। इनमें जल शुद्धिकरण प्रणाली, ऊर्जा कुशल प्रणालियां और दूरसंचार और सौर पैनल तकनीक शामिल हैं। लगातार नई प्रणालियां विकसित की जा रही हैं।

### फुटबॉल ग्राउंड जितना आकार

आईएसएस का निर्माण सन् 1998 में शुरू हुआ था। इस पर पहला इंसानी मिशन 2000 में हुआ। फुटबॉल ग्राउंड जितना बड़ा आईएसएस स्थापित करने पर करीब 150 अरब डॉलर की लागत आईथी। इसकी गति 28,000 किमी घंटा है, यह हर 90 मिनट में पृथ्वी का एक चक्कर लगाता है। इसे 2030 तक सक्रिय रखने की योजना है। इसके बाद के लिए निजी स्पेस स्टेशन और चंद्रमा की कक्षा में लूनर गेटवे जैसे विकल्प तैयार किए जा रहे हैं।

### दिलचस्प तथ्य

- आईएसएस हर 90 मिनट में पृथ्वी का एक चक्कर लगाता है, अंतरिक्ष यात्री दिन में 16 सूर्योदय और 16 सूर्यास्त देखते हैं।
- अंतरिक्ष में सबसे महंगा घर है। इसकी अनुमानित लागत 150 अरब डॉलर यानी 12 लाख करोड़ रुपये है। ये सबसे महंगा मानव निर्मित ढांचा है।
- वजन 420,000 किलोग्राम है और इसका आकार फुटबॉल मैदान जितना है। इसमें 6 से 10 यात्री रह सकते हैं।
- अंतरिक्ष यात्रियों का पेशाब और पसीना फिर पीने योग्य पानी में बदला जाता है। नासा का मजाकिया नारा है- यस्टर्डेज कॉफी इस टूमारोज कॉफी।
- पृथ्वी से 400 किमी ऊंचाई पर स्थित आईएसएस पर वर्ष 2001 में एक रूसी कंपनी ने पिज्जा डिलीवर किया था जो पहली स्पेस डिलीवरी थी।
- आईएसएस से पृथ्वी की लाखों तस्वीरें खींची गई हैं। नासा अक्सर इन्हें इमेज ऑफ द डे में शेयर करता है। यहां 3000 से ज्यादा वैज्ञानिक प्रयोग हो चुके हैं।

## एक नजर

### अमरनाथ यात्रा पंजीकरण में 10 प्रतिशत की गिरावट

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बृहस्पतिवार को कहा कि पहलगाम हमले के कारण पिछले साल की तुलना में अमरनाथ यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों के पंजीकरण में इस साल 10.19 प्रतिशत की गिरावट आई है। सिन्हा ने राजभवन में संवाददाताओं से कहा, पहलगाम में घटना से पहले तीर्थयात्रियों का पंजीकरण अच्छी गति से चल रहा था, लेकिन उसके बाद कमी आई। उपराज्यपाल ने कहा कि हमला होने से पहले करीब 2.36 लाख श्रद्धालुओं ने अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीकरण कराया था। जम्मू-कश्मीर प्रशासन और सुरक्षाबलों द्वारा उठाए गए कदमों से तीर्थयात्रियों में विश्वास लौट रहा है।

### फ्रांस में तूफान से दो लोगों की मौत, 17 घायल

**पेरिस।** फ्रांस में हुई तूफान एवं मूसलाधार बारिश के कारण दो लोगों की मौत हो गई और 17 लोग घायल हो गए। इसके कारण पेड़ उखड़ गए, पेरिस की सड़कों पर पानी भर गया और प्रधानमंत्री के भाषण के दौरान संसद भवन की छत से पानी टपकने लगा। प्रधानमंत्री फ्रांसवा बायरू ने पश्चिम एशिया पर भाषण देने के बाद नेशनल असेंबली की टपकती छत की ओर दिलाते हुए कहा, क्या आपने देखा कि बारिश हो रही है। बुधवार शाम को बारिश से पेरिस के मुख्य मार्गों पर जलभराव हो गया।

### वियतनाम में आठ अपराधों के लिए मृत्युदंड समाप्त

**हनोई।** वियतनाम ने कानूनी सुधारों के तहत आठ अपराधों के लिए मृत्युदंड की सजा को समाप्त कर दिया। इस फैसले से देश के सबसे बड़े वित्तीय धोखाधड़ी मामले में कारावास की सजा काट रहे रियल एस्टेट कारोबारी को राहत मिल सकती है। वियतनाम में कानूनी सुधारों के तहत सरकार को हटाने की कोशिश, राज्य के बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाना, नकली दवा बनाना बेचना, युद्ध शुरू करना, जासूसी, मादक पदार्थों की तस्करी, गबन और रिश्वत लेने में मृत्युदंड की सजा को समाप्त कर दिया गया।

### म्यांमार ने 30 करोड़ डॉलर के मादक पदार्थ नष्ट किए

**यांगून।** मादक पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय दिवस पर म्यांमार के प्रमुख शहरों में 30 करोड़ अमेरिकी डॉलर मूल्य के जब्त अवैध मादक पदार्थों को नष्ट कर दिया गया। मादक पदार्थों को नष्ट करने की यह कार्रवाई संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों द्वारा दक्षिण-पूर्व एशिया के गोल्डन ट्रायंगल क्षेत्र और विशेष रूप से म्यांमा के पूर्वी शान राज्य में मेथामटामाइन के 'अभूतपूर्व' उत्पादन और तस्करी की चेतावनी दिए जाने के लगभग एक महीने बाद हुई है।

# अमेरिका के मुंह पर तमाचा मारा : खामेनेई

## युद्धविराम के बाद ईरान के सर्वोच्च नेता का पहला बयान, कहा- हमने इजराइल पर विजय प्राप्त की

**दुबई, एजेंसी**

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने इजराइल-ईरान के बीच हालिया युद्धविराम के बाद बृहस्पतिवार को अपने पहले सार्वजनिक बयान में दावा किया कि उनके देश ने इजराइल पर जीत हासिल की है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान ने अमेरिका के मुंह पर तमाचा मारा है।

खामेनेई ने ईरान के सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित एक वीडियो संदेश में यह टिप्पणियां कीं। ईरान के सर्वोच्च नेता ने किसी भी अन्य अमेरिकी हमले के खिलाफ भी चेतावनी दी। इजराइली सेना की तेहरान पर बमबारी के बाद 12 दिनों तक चले युद्ध के दौरान 86-वर्षीय खामेनेई ने एक गुप्त स्थान पर शरण ली थी। खामेनेई ने कहा कि अमेरिका ने युद्ध में केवल इसलिए हस्तक्षेप किया, क्योंकि उसे लगा कि अगर उसने हस्तक्षेप नहीं किया, तो यहूदी शासन पूरी तरह से नष्ट हो जाएगा। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका को इस युद्ध से कुछ हासिल नहीं हुआ है।

खामेनेई ने सोमवार को कतर में अमेरिकी सैन्य अड्डे पर ईरानी मिसाइल हमले का स्पष्ट संदर्भ देते हुए कहा, इस्लामिक गणराज्य विजयी हुआ और उसने अमेरिका के मुंह पर तमाचा मारा। खामेनेई ने चेतावनी दी, भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई दोहराई जा सकती है। ईरान की क्षेत्र में स्थित प्रमुख अमेरिकी अड्डों तक पहुंच है और जब भी वह आवश्यक समझे, वह कार्रवाई कर सकता है। उन्होंने कहा, यदि कोई आक्रमण होता है, तो दुश्मन को निश्चित रूप से भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। खामेनेई को 13 जून को युद्ध छिड़ने के बाद एक गुप्त स्थान पर शरण लेने के बाद से सार्वजनिक रूप से नहीं देखा गया।

इजराइल ने ईरानी परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला किया था और शीर्ष सैन्य कमांडरों और वैज्ञानिकों को निशाना बनाया। बाद में अमेरिका ने 22 जून को बंकर-बस्टर बमों से ईरान के परमाणु स्थलों को निशाना बनाया था। इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजराइल और ईरान के बाद युद्धविराम की घोषणा की, जो मंगलवार को प्रभावी हुआ।

ईरान में 13 जून से अब तक इजराइल के हवाई हमलों में कम से कम 627 लोग मारे गये हैं और 4,870 अन्य घायल हुए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के जनसंपर्क प्रमुख हुसैन करमनपुर ने 'एक्स' पर पोस्ट में यह जानकारी देते हुए बताया कि राजधानी तेहरान और पश्चिमी ईरान के करमनशाह में सबसे अधिक लोगों की मौत हुई है। अन्य प्रभावित प्रांतों में खुजेस्तान, लोरेस्तान, इस्फहान, मरकजी, पूर्वी अजरबैजान, हमेदान, ज़ांजन और गिलान शामिल हैं। इजराइली हवाई हमलों में शीर्ष सैन्य कमांडर और कई परमाणु वैज्ञानिक भी मारे गए। इनमें ईरानी परमाणु वैज्ञानिक सेदिघी सबर भी शामिल हैं।



तेहरान में इजराइली हमले में मारे गए अर्धसैनिक बल के सदस्य के जनाजे में शामिल लोग।

### दशकों से एक-दूसरे के दुश्मन हैं अमेरिका और ईरान

**वाशिंगटन।** ईरान के परमाणु स्थलों पर हाल में हुए अमेरिकी हमलों के बाद दोनों देशों के रिश्तों में एक नए अध्याय की शुरुआत हो गई है। यह बेहतर साबित हो सकता है या फिर और भी बुरा। लगभग आधी सदी के दौरान दुनिया ने दोनों देशों के बीच दुश्मनी के कई दौर देखे हैं। ईरान के लिए जहां अमेरिका सबसे बड़ा शैतान है तो वहीं अमेरिका की नजर में ईरान पश्चिम एशिया में फसाद की जड़ है। हालांकि इस दौर में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लहजे में एक बदलाव भी दिखा जब उन्होंने कहा, ईश्वर ईरान का भला करे। यह बदलाव इस सप्ताह ईरान के परमाणु स्थलों पर अमेरिका की भीषण बमबारी, कतर में अमेरिकी सैन्य अड्डे पर ईरान के जवाबी लेकिन संयमित हमले और इजराइल-ईरान युद्ध में ट्रंप की ओर से किए गए अस्थायी युद्ध विराम के बाद आया है।

### इजराइल-ईरान युद्धविराम से स्थाई शांति संभव नहीं

**येरूशलम।** ब्रिटिश संसद के उच्च सदन हाउस ऑफ लॉर्ड्स के कंजर्वेटिव सदस्य रिचर्ड बाल्फ ने कहा है कि ईरान और इजराइल के बीच युद्धविराम से सैन्य कार्रवाइयों में कमी आ सकती है लेकिन इससे स्थाई शांति समझौते की संभावना नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार देर रात कहा था कि इजराइल और ईरान युद्ध विराम पर सहमत हो गए हैं जो 24 घंटे बाद से प्रभावी होगा और और इससे 12 दिनों के युद्ध का आधिकारिक अंत हो जाएगा। बाल्फ ने कहा, अगर यह काम करता है तो यह अच्छी खबर है, लेकिन चूंकि दोनों पक्ष एक-दूसरे को बहुत नापसंद करते हैं, इसलिए इससे सैन्य कार्रवाई समाप्त हो सकती है लेकिन स्थायी समाधान की संभावना नहीं है।

# जम्मूः बादल फटने से आई बाढ़ से तीन लोगों की मौत

- मरने वालों में दो बच्चे, चार लोगों को बचाया गया

**जम्मू, एजेंसी**

जम्मू-कश्मीर के राजौरी, पुंछ, डोडा और कठुआ जिले के विभिन्न इलाकों में बृहस्पतिवार को बादल फटने और भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ में दो बच्चों समेत तीन लोगों की मौत हो गई जबकि चार अन्य लोगों को बचा लिया गया।

अधिकारियों ने बताया कि राजौरी के कालाकोट उपमंडल के सियालसुई मौ गांव में एक नदी में अचानक आई बाढ़ के कारण शकफत अली (14) और उसकी चचेरी बहन सफीना कौसर (11) डूब गए। अधिकारियों ने बताया कि बाढ़ में फंसी साइमा (10) को स्थानीय स्वयंसेवकों ने बचा लिया और अस्पताल में भर्ती कराया। उन्होंने बताया कि बच्चे मवेशी चरा रहे थे कि तभी बादल फटने के कारण आई बाढ़ में वे बह गए।

बच्चों के शवों को बरामद कर अंतिम संस्कार के लिए उनके परिजनों को सौंप दिया गया। उन्होंने बताया कि दुनाडी गांव निवासी बशारत हुसैन (32) का शव राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की एक बचाव टीम ने डोडा में लोपा नदी से निकाला। अधिकारी ने बताया कि 23 जून को नदी में नहाते समय हुसैन डूब गया था।

उन्होंने बताया कि एसडीआरएफ ने बलदेव राज (35) और सुशील कुमार (25) को कठुआ के नागरी ब्लॉक में जरमल गांव के पास उफनती उझ नदी से बचाया।

### भूस्खलनः मां वैष्णो देवी मंदिर का नया मार्ग बंद

**कटरा/जम्मू।** जम्मू कश्मीर के रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर जाने वाला नया मार्ग बारिश के कारण हुए भूस्खलन से बृहस्पतिवार को अवरुद्ध हो गया। अधिकारियों ने बताया कि तीर्थयात्रा पुराने मार्ग से सुचारू रूप से जारी है, जबकि बैटरी कार और हेलीकॉप्टर सेवा अभी निलंबित है। उन्होंने बताया कि हिमकोटि मार्ग पर सत्या व्यू प्वाइंट के निकट भूस्खलन हुआ हालांकि तीर्थस्थल बोर्ड ने भूस्खलन के खतरे के कारण तीर्थयात्रा को पहले ही पुराने मार्ग से कर दिया था। भैरव मंदिर की ओर जाने वाला मार्ग भी भूस्खलन की चपेट में आ गया, जिससे तीर्थयात्रियों की आवाजाही बाधित हो गई।

# चीन अमेरिका के साथ निभाने का रास्ता तलाश कर लेगा

- चीन के विदेश मंत्री ने कहा- तीन सिद्धांतों पर स्थापित होंगे संबंध

**बीजिंग, एजेंसी**

चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने कहा है कि उनके देश को उम्मीद है कि चीन और अमेरिका जैसी दो प्रमुख शक्तियां सह-अस्तित्व के लिये सही रास्ता खोज लेंगी। श्री यी ने बुधवार को हार्वर्ड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ग्राहम एलिसन के साथ बीजिंग में हुई मुलाकात के दौरान यह बात कही।

बैठक के दौरान चीन के विदेश मंत्री ने उम्मीद जताई कि अमेरिकी पक्ष चीन के साथ आपसी मान्यता के बुनियादी मुद्दे को हल करने के लिए काम करेगा जिससे दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों के 'तीन सिद्धांतों' के आधार पर सामंजस्यपूर्ण संबंध स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त होगा।

यी ने कहा कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने आपसी सम्मान, शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व और दोनों पक्षों के लिए बेहतर सहयोग के तीन सिद्धांत दिये हैं वही अमेरिकी मसलों से निपटने के उनके देश के 'मौलिक सिद्धांत' हैं।

गौरतलब है कि यह वार्ता दोनों देशों के बीच व्यापार तनाव के बीच हुई है। इस साल दो अप्रैल को अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए जिसने विभिन्न देशों से आयात पर दो-तरफा शुल्क लागू किया। इसके बाद नौ अप्रैल को श्री ट्रम्प ने घोषणा की कि चीन को छोड़कर उन 75 से अधिक देशों पर 90 दिनों पर 10% का 'बेसलाइन टैरिफ' लगाया जाएगा जिन्होंने जवाबी कार्रवाई नहीं की थी और बातचीत का अनुरोध किया था।

# मध्य अफ्रीकी गणराज्य के स्कूल में विस्फोट, भगदड़ में 29 बच्चों की मौत

- खराब ट्रांसफार्मर को ठीक करते समय हुआ विस्फोट, 260 से ज्यादा लोग घायल

**बांगुई (मध्य अफ्रीकी गणराज्य)।** मध्य अफ्रीकी गणराज्य की राजधानी के एक उच्च विद्यालय में हुए विस्फोट और उसके बाद मची भगदड़ में कम से कम 29 स्कूली बच्चों की मौत हो गई और करीब 260 लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

देश के राष्ट्रीय शिक्षा मंत्रालय के अनुसार, बुधवार को बांगुई के बार्थेलेमी बोगांडा उच्च विद्यालय के परिसर में लगे एक विद्युत ट्रांसफार्मर में खराबी आने के बाद उसमें विद्युत आपूर्ति बहाल की जा रही थी और उसी दौरान विस्फोट हो गया। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि विस्फोट के बाद मची भगदड़ में 16 छात्राओं समेत ज्यादातर पीड़ितों की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं अन्य की मौत अस्पताल में हुई। मंत्रालय ने कहा कि कम से कम 260 लोग घायल हुए हैं और उनका विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। घटना के समय, परीक्षाओं में शामिल होने के लिए स्कूल में करीब 5,000 विद्यार्थी मौजूद थे।

# पाकिस्तान कर रहा है सीएसी एजेंडे का गंभीर उल्लंघन

- भारत ने संयुक्त राष्ट्र में कश्मीर में राजनीति से प्रेरित टिप्पणियों का किया पुरजोर खंडन

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान की कश्मीर पर राजनीति से प्रेरित टिप्पणियों का पुरजोर खंडन किया है और इस्लामाबाद को संयुक्त राष्ट्र के बच्चों और सशस्त्र संघर्ष (सीएसी) एजेंडे के गंभीर उल्लंघनकर्ताओं में से एक बताया है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पार्वथानेनी हरीश ने बुधवार को सीएसी एजेंडे पर एक बहस के दौरान बोलते हुए भारत को बदनाम करने और संयुक्त राष्ट्र प्रक्रियाओं को पटरी से उतारने के पाकिस्तान के अनुचित प्रयासों को खारिज कर दिया। हरीश ने यह बात पाकिस्तान के राजदूत असीम इफ्तिखार अहमद के उस बयान पर कही जिसमें उन्होंने कश्मीरी बच्चों का उल्लेख किया था जिन्हें जम्मू-कश्मीर में पीड़ित बताया गया था।

उन्होंने पाकिस्तान के आरोपों को खारिज करते हुए इस्लामाबाद पर मानवाधिकार उल्लंघनों, विशेष रूप से बच्चों से जुड़े उल्लंघनों से ध्यान हटाने का प्रयास करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान सीएएसी एजेंडे का गंभीर उल्लंघनकर्ताओं में से एक है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि पाकिस्तान में बच्चों के खिलाफ गंभीर उल्लंघनों को दर्ज किया गया है। इनमें स्कूलों, विशेष रूप से लड़कियों के स्कूलों, स्वास्थ्य कर्मियों पर हमले और अफगान बच्चों को प्रभावित करने वाली सीमा पार हिंसा की घटनाएं शामिल हैं।

# मेटा के खिलाफ एआई प्रशिक्षण के लिए रचनाओं की चोरी का मुकदमा खारिज

- लेखकों ने लगाया था एआई ट्रेनिंग के लिए उनकी रचनाओं को चुराने का आरोप

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका के एक संघीय न्यायाधीश ने फेसबुक की मूल कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म्स का पक्ष लेते हुए लेखकों के एक समूह द्वारा दायर कॉपीराइट उल्लंघन के मुकदमे को खारिज कर दिया है। लेखकों ने कंपनी पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के प्रशिक्षण के लिए उनकी रचनाओं को चुराने का आरोप लगाया था।

अमेरिकी जिला न्यायाधीश विंस छाबड़िया ने बुधवार को फैसला सुनाया। सैन फ्रांसिस्को की संघीय अदालत का एक सप्ताह में यह दूसरा फैसला था, जिसमें एआई उद्योग के खिलाफ पुस्तक लेखकों के कॉपीराइट दावों को खारिज किया गया। छाबड़िया ने पाया कि मेटा पर मुकदमा करने वाले 13 लेखकों ने गलत दलील पेश कीं। उन्होंने मामले को खारिज कर दिया लेकिन यह भी कहा कि फैसला इस मामले में लेखकों तक ही सीमित है और इसका मतलब यह नहीं है कि कॉपीराइट वाली सामग्रियों का मेटा द्वारा उपयोग वैध है। वादियों में कॉमेडियन सारा सिल्वरमैन और लेखक जैकलीन वुडसन तथा ता-नेहिसी कोट्स जैसे लोग शामिल हैं।

# नेपालः उच्च सदन में ओली सरकार अल्प मत में आई

**काठमांडू, एजेंसी**



- प्रमुख मधेसी सरकार ने गठबंधन से वापस लिया समर्थन

नेपाल में एक प्रमुख मधेसी पार्टी ने प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन से औपचारिक रूप से समर्थन वापस ले लिया है, जिससे सरकार नेशनल असेंबली (उच्च सदन) में अल्पमत में आ गई है।

हालांकि, उपेंद्र यादव के नेतृत्व वाली जनता समाजवादी पार्टी, नेपाल के इस फैसले से गठबंधन सरकार पर तत्काल कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, क्योंकि सत्तारूढ़ गठबंधन के पास प्रतिनिधि सभा में पर्याप्त संख्याबल है। ओली की पार्टी ने कहा कि उन्हें जेएसपी के समर्थन वापस लेने का कोई कारण नहीं दिखता। जेएसपी ने 23 और 24 जून को आयोजित पार्टी की कार्यकारी परिषद की बैठक के दौरान सरकार से अपना समर्थन वापस लेने का फैसला किया।

जेएसपी के उपाध्यक्ष शिवलाल थापा ने बताया, अब कुछ दिनों में पार्टी अपने संसदीय दल की बैठक बुलाएगी और फिर संसद के अध्यक्ष को अपने फैसले से अवगत कराएगी। उन्होंने कहा कि पिछले साल सरकार का नेतृत्व संभालते समय ओली ने भ्रष्टाचार खत्म करने, सुशासन सुनिश्चित करने, आर्थिक प्रगति लाने और संविधान में संशोधन करने का वादा किया था।

# कनाडा में भारतीय युवती से लूटपाट

**ओटावा।** कनाडा के मैनिटोबा प्रांत की राजधानी विन्निपेग में भारतीय युवती पर उसके घर के पास बेरहमी से हमला कर लूटपाट की गई। इस घटना के सिलसिले में एक लड़की को गिरफ्तार किया गया है।

विन्निपेग पुलिस की ओर से जारी बयान के मुताबिक युवती की पहचान भारतीय समुदाय के सदस्यों ने तनप्रीत कौर (23) के रूप में की है। वह 23 जून को शाम की पाली खत्म करने के बाद विन्निपेग में अपने अपार्टमेंट जा रही थी। इसी दौरान आधी रात के बाद रोसलिन रोड के 1-99 ब्लॉक में दो अजनबियों ने उस पर घात लगाकर हमला कर दिया। विन्निपेग पुलिस ने बुधवार को एक बयान में कहा कि इलाके में आसपास खड़े लोगों ने हमला रोका, लेकिन संदग्धि पीड़िता को चाकू मार व लूटपाट कर भाग गए। बयान में कहा गया है कि पीड़िता को चाकू मारकर सेल फोन छीन लिया गया।

**विमान हादसा** — कोई रो तक नहीं पा रहा था, कोई बेटे के शव की पहचान के लिए डीएनए टेस्ट कराने को नहीं हुआ तैयार

# यात्रियों का जो हाल हुआ, मुश्किल से स्वीकार कर पाए परिजन

## त्रासदी झेल रहे परिवारों को समझाने के लिए बीजे मेडिकल कॉलेज में बनाई गई थी टीम

**अहमदाबाद, एजेंसी**

अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के बाद मृतकों के परिजनों की मदद के लिए तैनात किए गए मनोचिकित्सकों ने बताया कि कई लोग अपने परिवार के सदस्य की मौत की बात को स्वीकार ही नहीं कर पा रहे थे। मनोचिकित्सकों ने बताया कि उन्हें इन लोगों की मदद के लिए किन परिस्थितियों में काम करना पड़ा।

उन्होंने कहा कि पत्नी की मौत से भावनात्मक रूप से टूट चुका एक व्यक्ति रो तक नहीं पा रहा था, क्योंकि उसने मौत को स्वीकार करने से इनकार कर दिया था। वहीं एक पिता अपने बेटे की पहचान के लिए डीएनए जांच कराने के लिए तैयार नहीं हुआ। चालक दल के एक सदस्य का परिवार डीएनए पुष्टि के लिए सात दिन तक इंतजार करने के कारण भावनात्मक रूप से टूट गया।

मनोचिकित्सकों ने कहा कि यह सिलसिला 12 जून से जारी रहा, जब लंदन जाने वाला एअर इंडिया का विमान उड़ान भरने के कुछ सेकंड बाद भीड़भाड़ वाले बी जे मेडिकल कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। दुर्घटना में विमान में सवार 241 लोग और मेडिकल कॉलेज के आसपास मौजूद 29 लोगों की मौत हो गई थी। विमान हादसे ने शहर के लोगों को झकझोर कर रख दिया।

कई लोगों के लिए, यह एक ऐसा अनुभव था जो उनकी कल्पना से कहीं अधिक कष्टदायक था। अफरातफरी के बीच बीजे मेडिकल कॉलेज के मनोचिकित्सा विभाग ने तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी थी। पांच सीनियर रेजिटेंड और पांच परामर्शदाताओं की मनोचिकित्सक टीम को अस्पताल के कसौटी भवन, पोस्टमॉर्टम बिल्डिंग और सिविल अधीक्षक कार्यालय में चौबीस घंटे तैनात किया गया। उनका काम त्रासदी के बाद मानसिक आघात का सामना कर रहे परिवारों को सहारा देना है।



### सच्चाई मानने से इन्कार करते रहे लोग

बीजेएमसी की डीन और मनोचिकित्सा प्रमुख डॉ. मीनाक्षी पारीख ने कहा, दुर्घटना अकल्पनीय थी। यहां तक कि आसपास खड़े लोग भी परेशान थे। फिर किसी ऐसे व्यक्ति की क्या हालत होगी जिसने अपने प्रियजन को खो दिया हो। उन्होंने कहा, खबर सुनने वाले लोग इतने परेशान थे, तो हम उन लोगों के परिवार के सदस्यों की मन:स्थिति की कल्पना भी नहीं कर सकते जिन्होंने अपनी जान गंवाई है। दुर्घटना की भयावह तस्वीरें प्रसारित होने के साथ ही स्तब्ध, हताश, और उम्मीद लगाए परिवार के लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। एक अकेले जीवित बचे व्यक्ति का जिक्र सुनकर कई लोगों ने बताया कि वह उनका प्रियजन हो सकता है। डॉ. उर्विका पारीख ने कहा, लोग सच्चाई को मानने से पूरी तरह इनकार कर रहे थे। उन्हें समझाना बहुत मुश्किल था।